**सच, सिर्फ सच** **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 28 फरवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 58, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

**सेंसेक्स और निफ्टी रहे स्थिर**

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी लगभग स्थिर बंद हुए। } 14

**नानाजी देशमुख ने आपातकाल में निभायी अहम भूमिका : शाह**

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा नानाजी देशमुख ने आपातकाल के खिलाफ 19 महीने तक संघर्ष किया, जिसके बाद लोकतंत्र की जीत हुई। इसके बाद कोई भी देश में आपातकाल लगाने का दुस्साहस नहीं कर सका। } 16



# सफाईकर्मियों को सीएम योगी का बड़ा तोहफा

## ○ महाकुंभ में लगे स्वच्छताकर्मियों व स्वास्थ्यकर्मियों को 10 हजार रुपए अतिरिक्त बोनस का ऐलान ○ सफाईकर्मियों को हर माह मिलेगा 16 हजार मानदेय

**विशेष संवाददाता**

महाकुम्भ नगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रयागराज महाकुम्भ में कार्यरत रहे स्वच्छताकर्मियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने सफाईकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों को उपहार के साथ ही स्वच्छ कुम्भ कोष से बीमा प्रमाण पत्र प्रदान किया और साथ ही मंच से ऐलान किया कि जो भी स्वच्छताकर्मी और स्वास्थ्यकर्मी महाकुम्भ के महाआयोजन में सहभागी बनेए उन्हें प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त बोनस के रूप में 10 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जाएगी। यही नहीं, सीएम योगी ने यह भी ऐलान किया कि अप्रैल से प्रदेश सरकार एक कॉर्पोरेशन का गठन करने जा रही है, जिसके माध्यम से हर स्वच्छताकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी और उन सभी कर्मियों को जिन्हें मिनिमम वेज नहीं मिल पाता था, उन्हें सरकार 16 हजार रुपए प्रतिमाह प्रदान करेगी। यह धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में भेजी जाएगी। इसके साथ ही सीएम ने यह भी कहा कि हर स्वच्छताकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी को आयुष्मान भारत या मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना के माध्यम से 500000 की स्वास्थ्य बीमा से भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री के इस घोषणा का स्वच्छताकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित हुए इस भव्य और दिव्य आयोजन के बाद आज आप सभी का अभिनंदन करने के लिए पूरी प्रदेश सरकार आपके बीच में है। इस आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने में स्वच्छता और स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान है। हमारी सरकार आपसे वादा करती है कि आपके वेलफेयर के लिए हम आगे भी लगातार काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि टीम भावना के साथ जब कोई कार्य होता है तो उसके परिणाम ऐसे ही होते हैं जैसे प्रयागराज महाकुम्भ में आज हमको देखने को मिल रहे हैं। आज आप सबने साबित कर दिया कि अगर थोड़ी भी इच्छा शक्ति हो और सही सपोर्ट मिले तो परिणाम कुछ भी लाया जा सकता है। सीएम योगी ने सभी स्वच्छताकर्मियों से अपील की कि स्वच्छता कार्यक्रम को अब नए सिरे से प्रस्तुत करना है। स्वच्छता का विशेष अभियान चलाना होगा। आज हमने इसकी शुरूआत की है। अब सभी अधिकारी, ...शेष पृष्ठ 14 पर



### पुलिसकर्मियों को भी बोनस व अवकाश

महाकुम्भ नगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ 2025 की पूर्णाहुति के अवसर पर गुरुवार को गंगा मंडपम में आयोजित एक विशेष संवाद कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों को संबोधित किया। उन्होंने घोषणा की कि महाकुम्भ में ड्यूटी देने वाले 75 हजार जवानों को 'महाकुम्भ सेवा मेडल' और प्रशस्तिपत्र दिया जाएगा। साथ ही, अराजपत्रित पुलिसकर्मियों को 10 हजार रुपये का स्पेशल बोनस और सभी को फेज वाइज एक सप्ताह का अवकाश प्रदान किया जाएगा। (विस्तृत खबर 16 पर)




# महाकुंभ ने भारत की विकास यात्रा में जोड़ा नया अध्याय

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ को बृहस्पतिवार को युग परिवर्तन की आहट करार दिया और कहा कि इस आयोजन ने भारत की विकास यात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया है और यह संदेश है विकसित भारत का।

महाकुंभ के पूर्ण होने पर विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से साझा किए गए एक आलेख में प्रधानमंत्री ने इस भव्य आयोजन को एकता का महाकुंभ बताया और कहा, "जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वह सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे और सभी ने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया।

उन्होंने कहा यह महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ, एक समय में, इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रयागराज में संपन्न महाकुंभ का यह आयोजन आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स (प्रबंधन पेशेवरों) के लिए, प्लानिंग (नियोजन) और पॉलिसी एक्सपर्ट्स (नीति विशेषज्ञों) के लिए नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है। उन्होंने कहा पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी तट पर, त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में, करोड़ों की संख्या में लोग जुटे। इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था, ना ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पूर्व सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ के लिए चल पड़े, और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके लिए यह देखना बहुत ही सुखद रहा कि बहुत बड़ी संख्या में भारत की आज की युवा पीढ़ी प्रयागराज पहुंची। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं ...शेष पृष्ठ 14 पर



# महाकुंभ के दौरान चलीं चार गुना अधिक ट्रेनें : वैष्णव

**विशेष संवाददाता**

प्रयागराज। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए बृहस्पतिवार को यहां रेल कर्मियों का अभिनंदन किया और कहा कि इस भव्य आयोजन के दौरान 13,000 ट्रेनें चलाने की योजना थी लेकिन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 16,000 से अधिक ट्रेनों का संचालन किया गया।

महाकुंभ के समाप्त होने के अगले दिन यहां पहुंचे वैष्णव ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, कि 16,000 से अधिक ट्रेनों के जरिए 4.5 से 5 करोड़ यात्रियों को महाकुंभ लाया गया और उन्हें उनके गंतव्यों तक पहुंचाया गया। मैं सभी रेलकर्मियों को धन्यवाद देना चाहूंगा जिन्होंने एक होकर काम किया। उन्होंने कहा, कि इस महाकुंभ की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि राज्य और केंद्र के सभी विभागों और रेलवे के कर्मचारियों ने एक होकर काम किया। इसी तरह हम सभी एक हो जाएं तो कोई हमें हरा नहीं सकता। रेल मंत्री ने यहां रेलवे के विभिन्न कर्मचारियों और अधिकारियों से मुलाकात की और महाकुंभ के दौरान उनके परिश्रम और योगदान की सराहना करते हुए उनका आभार जताया। वैष्णव ने कहा, कि पिछले कुंभ ...शेष पृष्ठ 14 पर



**संक्षेप**

### घाटी में जारी आतंकवाद विरोधी अभियान

जम्मू। सेना के वाहन पर बुधवार को गोलीबारी करने वाले आतंकवादियों का सफाया करने के लिए सुरक्षा बलों ने बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के सुंदरबनी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास नए इलाकों में अपने घेराबंदी और तलाश अभियान का दायरा बढ़ा दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा एक संदिग्ध फ्रीक्वेंसी वायरलेस सेट को बाधित किए जाने के बाद कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास दयालचक में भी एक नया अभियान शुरू किया गया।

# इजरायल-गाजा के बीच फिर तनातनी

## गाजा में स्थित गलियारे से सैनिकों को हटाने से नेतन्याहू का इनकार

**एजेंसी**

खान यूनिस(गाजा पट्टी)। इजराइल संघर्ष विराम के तहत गाजा में एक रणनीतिक गलियारे से पीछे नहीं हटेगा। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इजराइल के इस फैसले से संघर्ष विराम को लेकर हमास और प्रमुख मध्यस्थ मिस्र से संकट उत्पन्न हो सकता है।

कुछ घंटे पहले, हमास ने 600 से अधिक फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में चार इजराइली बंधकों के शव सौंपे, जो संघर्ष विराम के पहले चरण की अंतिम नियोजित अदला-बदली है। संघर्ष विराम इस सप्ताहांत समाप्त हो रहा है। दूसरे चरण पर बातचीत अभी शुरू होनी बाकी है। बहुत कुछ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पश्चिम एशिया मामलों के दूत स्टीव विटकॉफ की यात्रा पर निर्भर करेगा। आगामी दिनों में विटकॉफ के इस क्षेत्र का दौरा करने की उम्मीद है। अधिकारी ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर कहा कि इजराइली सेना को मिस्र से लगी गाजा की सीमा पर स्थित तथाकथित फिलाडेल्फी गलियारे में बने रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हथियारों की तस्करी को रोकने के लिए इजराइली सेना तथाकथित फिलाडेल्फी गलियारे में बनी रहेगी। इस बीच, इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल कैट्ज ने स्थानीय नेताओं के साथ एक बैठक में कहा कि हाल ही में गलियारे के दौरे के दौरान उन्होंने सीमा पार सुरंगें देखी थीं। हालांकि उन्होंने इसके बारे में कोई सबूत नहीं दिया और न ही इजराइल की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। हमास ने कहा कि गलियारे में बफर जोन बनाए रखने का कोई भी इजराइली प्रयास संघर्ष विराम समझौते का घोर उल्लंघन होगा। चरमपंथी समूह का कहना है कि समझौते पर ...शेष पृष्ठ 14 पर



### पुणे दुष्कर्म मामला : ड्रोन से आरोपी की तलाश

मुंबई/छत्रपति संभाजीनगर। पुणे के स्वारगेट में बस के अंदर महिला के साथ दुष्कर्म की घटना के बाद आरोपी की गिरफ्तारी के बढ़ते दबाव के मद्देनजर पुलिस ने बृहस्पतिवार को शिरुर तालुका में ड्रोन और श्वान दस्ते की मदद ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इस घटना की पृष्टभूमि में महाराष्ट्र के मंत्री संजय शिरसाट ने बृहस्पतिवार को छत्रपति संभाजीनगर स्थित बस अड्डे का औचक दौरा किया और कहा कि उन्हें वहां कोई भी पुलिसकर्मी नहीं मिला। हिस्ट्रीशीटर दत्तात्रेय रामदास गाडे पर दो दिन पहले पुणे के स्वारगेट बस अड्डे पर महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की एक बस के अंदर 26 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। इस संबंध में एक ...शेष पृष्ठ 14 पर

# युवाओं को रोजगार देना सर्वोच्च प्राथमिकता : धामी

## सीएम ने 126 नव चयनित अभ्यर्थियों को दिये नियुक्ति पत्र

**प्रमुख संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार में बेरोजगारों को रोजगार देने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। मात्र साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में बीस हजार से अधिक युवाओं को शासकीय पदों पर नियुक्तियां प्रदान कीं गयीं हैं। कहा है कि लोकतंत्र की मुख्यमंत्री धामी ने ऐसे ही एक नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई ग्राम पंचायत के अभिन्न अंग बनकर ही गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सकता है।

अतः उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए गांवों का विकास जरूरी है। गांवों की इस विकास यात्रा में एक ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। मुख्यमंत्री धामी ने मुख्य सेवक सदन में आयोजित में एक समारोह पंचायती राज विभाग के 126 नवनियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। इस कानून में सजा और जुर्माने के कठोर प्राविधान किये गए हैं। जब मेहनती और ईमानदार व्यक्ति ...शेष पृष्ठ 14 पर





**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 29.00 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 16.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- ○ सीएम ने की मॉनिटरिंग, तड़के 4 बजे से ही कंट्रोल रूम में डटे रहे (पृष्ठ-02)
- ○ विदेशी श्रद्धालुओं ने साझा किए अपने अनुभव (पृष्ठ-02)
- ○ व्यापार मंत्री, निवेश मंत्री ने भारत दौरे पर 17 नये समझौते किये: ब्रिटेन (पृष्ठ-14)
- ○ केंद्र बुनियादी ढांचे के विकास में महाराष्ट्र की पहल को पूरा समर्थन देगा: गोयल (पृष्ठ-14)
- ○ पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण को अधिक करने पर विचार (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** भारत और यूरोपीय संघ के शीर्ष नेतृत्व महत्वाकांक्षी व्यापार समझौते को जल्द देगा अंतिम रूप

# संघर्ष, प्रतिस्पर्धा के युग में भारत भरोसेमंद मित्र : ईयू

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के शीर्ष नेतृत्व द्वारा शुक्रवार को एक महत्वाकांक्षी व्यापार समझौते को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने की दिशा में आगे बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि 27 देशों का यह समूह शुल्क पर अमेरिका के साथ बढ़ते टकराव के बीच दोतरफा आर्थिक संबंधों को नयी जान फूंकने को इच्छुक है।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन, यूरोपीय संघ के वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं के साथ, बृहस्पतिवार दोपहर भारत की दो दिवसीय उच्च स्तरीय यात्रा पर आईं। लेयेन ने कहा संघर्ष और तीव्र प्रतिस्पर्धा के युग में, आपको भरोसेमंद मित्रों की आवश्यकता होती है। यूरोप के लिए, भारत एक ऐसा ही मित्र और रणनीतिक सहयोगी है। दिल्ली हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा उनकी अगवानी किये जाने के तुरंत बाद लेयेन ने एक्स पर पोस्ट किया, मैं (प्रधानमंत्री) नरेन्द्र मोदी के साथ चर्चा करूंगी कि हमारी रणनीतिक साझेदारी को अगले स्तर तक कैसे ले जाया जाए। मोदी और लेयेन के बीच वार्ता, शुल्क को लेकर यूरोपीय संघ और अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में हो रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को तीखी टिप्पणी करते हुए कहा था कि यूरोपीय संघ का गठन अमेरिका को परेशान करने के लिए किया गया था। उन्होंने यूरोपीय संघ से आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी। वहीं, यूरोपीय संघ ने कहा कि वह स्वतंत्र और निष्पक्ष व्यापार में अनुचित बाधाओं के खिलाफ दृढ़ता से और तुरंत प्रतिक्रिया करेगा।

लेयेन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को व्यापक वार्ता करेंगे, जिसमें लंबे समय से प्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने और रक्षा, प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है। दोनों पक्षों के बीच रूस-यूक्रेन युद्ध, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिति और पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर भी विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। मोदी-लेयेन वार्ता के बाद एक संयुक्त बयान जारी किये जाने की उम्मीद है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष से मुलाकात की और प्रमुख द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा यूरोप के साथ भारत के संबंधों में नयी जान फूंकने के उनके विचारों की सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं के बीच एफटीए पर विचार-विमर्श की उम्मीद है, क्योंकि हमें जल्द से जल्द एक परस्पर लाभकारी समझौता होने की जरूरत है। अपनी वार्ता में, मोदी और लेयेन रक्षा और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर भी विचार करेंगे। दोनों पक्ष सूचना सुरक्षा समझौते को मजबूत करने की प्रक्रिया में हैं।



# तेलंगाना : हर पल घट रही सुरंग में फंसे श्रमिकों के बचने की आस

**एजेंसी**

नागरकुरनूल (तेलंगाना)। तेलंगाना के नगरकुरनूल में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) के एक निर्माणाधीन खंड के आंशिक रूप से ढहने के बाद सुरंग में फंसे आठ व्यक्तियों को बचाने में जुटी टीम ने टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) के उस हिस्से और अन्य अवरोधकों को काटना शुरू कर दिया है जो फंसे हुए व्यक्तियों की मौजूदगी की आशंका वाले स्थान तक पहुंचने में बाधक बन रहे हैं। नगरकुरनूल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) वैभव गायकवाड़ ने कहा कि सुरंग में कन्वेयर बेल्ट के क्षतिग्रस्त हिस्से की दिन के दौरान मरम्मत हो जाने की संभावना है जिससे मलबा हटाने में मदद मिलेगी।

अधिकारी से जब पूछा गया कि क्या गैस कटर ने काम करना शुरू कर दिया है, तो उन्होंने बताया हां, यह पहले ही हो चुका है (गैस कटर वाली मशीनें अंदर चली गई हैं)। (यहां तक कि) रात के समय भी उन्होंने कुछ कटाई की। हां, यह कल रात से ही शुरू हो चुका है। तेलंगाना के सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि बचाव एवं राहत कार्य जोरों पर है और यह अभियान दो दिनों में पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा मैं आपको दो बातें आश्वस्त कर सकता हूं। दो दिनों में बचाव और राहत अभियान पूरा हो जाएगा और लगभग दो या तीन महीनों में हम ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सीएम योगी ने महाकुंभ को वैश्विक इवेंट बनाने में मीडिया की भूमिका को सराहा

## सीएम बोले कि मीडिया की सकारात्मक भूमिका के चलते महाकुम्भ नये रिकॉर्ड बनाने के लिए हुआ अग्रसर

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुम्भ नगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे पर गुरुवार को डिजिटल मीडिया सेंटर में मीडियाकर्मियों के साथ संवाद किया और महाकुम्भ को वैश्विक इवेंट बनाने में मीडिया की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि वास्तव में महाकुम्भ प्रयागराज एक वैश्विक इवेंट बन गया। प्रधानमंत्री मोदी जी के

- **मुख्यमंत्री ने मीडियाकर्मियों से किया संवाद, बोले कि मां गंगा की धारा की तरह अनवरत चलता रहा मीडिया**
- **मीडिया ने एक-एक घटना को लाइव दिखाने के साथ ही सकारात्मक रूप से उसे घर-घर पहुंचाने का काम**

विनज के अनुरूप यह कार्य करने में हमें जो सफलता प्राप्त हुई है उसे देश और दुनिया तक आपने पहुंचाया है, इसके लिए आपको हृदय से धन्यवाद करता हूं। सीएम योगी बोले कि मैं देख रहा था कि दिन हो या रात्रि, सुबह हो या शाम, शीत लहरी हो या भीषण धूप, लेकिन अनवरत रूप से कोई चल रहा था तो वह मीडिया था। या तो मां गंगा की धारा चल रही थी या फिर मीडिया चलता था और सकारात्मक रूप से आपकी जो भूमिका थी उसके चलते महाकुम्भ प्रयागराज नए रिकॉर्ड बनाने के लिए अग्रसर हुआ। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष एक लघु फिल्म भी दिखाई गई, जिसके बोल थे महाकुम्भ एक याद बन गयाण्ण्ण। इस फिल्म में महाकुम्भ की स्मृतियों को संजोया गया। संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आस्था और आर्थिकी का जो विजन प्रधानमंत्री ने दिया है वह यहां साकार होता दिखाई दिया। उत्तर प्रदेश में स्पिरिचुअल टूरिज्म का भी पोटेंशियल है और यह प्रदेश ने साबित किया। गत वर्ष ही उत्तर प्रदेश में 65 करोड़ श्रद्धालु और पर्यटक विभिन्न तीर्थस्थलों पर आए थे। वे अयोध्या धाम आए थे, काशी आए थे, मथुरा-वृंदावन आए थे, प्रयागराज आए थे, चित्रकूट आए थे, मां विंध्यवासिनी के धाम आए थे, गोरखपुर आए, शुकतीर्थ आए, नैमिषारण्य आए। अकेले प्रयागराज में 45 दिन में 66 करोड़ 30 लाख पर्यटक और श्रद्धालु आ चुके हैं, यानी नए-नए रिकॉर्ड बनते दिखाई दे रहे हैं। प्रयागराज महाकुम्भ ने उत्तर प्रदेश के अंदर पांच स्पिरिचुअल टूरिज्म के डेस्टिनेशन उपलब्ध करवा दिए हैं। प्रयागराज से मिर्जापुर और काशी का एक, प्रयागराज से अयोध्या और गोरखपुर का दो, प्रयागराज से लालपुर, राजापुर, चित्रकूट का तीन, प्रयागराज से लखनऊ और नैमिषारण्य का चार और प्रयागराज से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे व आगरा होते हुए मथुरा-वृंदावन का पांच। इन पांचों तीर्थ में पिछले डेढ़ महीने से अधिक समय से लाखों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद हैं। इन 45 दिनों में 100 देशों का प्रतिनिधित्व प्रयागराज में हुआ हैए जिसमें 74 देशों के एंबेसडर और हाई कमिश्नर यहां आए थे, 12 देश के मंत्री या राष्ट्राध्यक्ष की उपस्थिति भी रही थी और अन्य देशों से श्रद्धालुजन भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने थे। यह सभी आपको कवर करने का अवसर प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ के पूरे आयोजन में सभी निर्माण कार्यों के लिए डबल इंजन की सरकार ने मिलकर लगभग 7.30 हजार करोड़ रुपया खर्च किया, जिसमें 200 से अधिक सड़कों का निर्माण, 14 फ्लाईओवर, 9 अंडरपास, 12 कॉरिडोर बनाए गए। पहली बार प्रयागराज में कुछ ऐसा देखने को मिला जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता था। अक्षय वट कॉरिडोर, मां सरस्वती कूप कॉरिडोर, पातालपुरी कॉरिडोर, बड़े हनुमान जी कॉरिडोर, महर्षि भारद्वाज कॉरिडोर, नागवासुकि कॉरिडोर,



श्रंग्वेरपुर कॉरिडोर, द्वादश माधव कॉरिडोर समेत यह अलग-अलग प्रकार के 12 कॉरिडोर प्रयागराज में विकसित हुए हैं जो टूरिज्म के दृष्टि से हर एक श्रद्धालु को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इस दौरान श्रद्धालुजनों की सुविधा के लिए प्रयागराज सिटी के अंदर हम लोगों ने लगभग एक लाख कार्मिकों को पूरी व्यवस्था से जोड़ा, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचाया। सीएम योगी ने कहा कि 13 जनवरी पौष पूर्णिमा से 26 फरवरी महाशिवरात्रि तक चले इस महायज्ञ के दौरान प्रयागराज एक स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित हुआ है। आज जो भी प्रयागराज आएगा वह प्रयागराज को देखकर अभिभूत हो रहा है। यहां की सुविधाओं, यहां के मॉडल को देखकर लोग सेल्फी ले रहे हैं। उन्होंने महाकुम्भ में तकनीक के उपयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि पूरे मेला को फेस रिकॉग्निशन से जोड़ते हुए लगभग 3000 सीसीटीवी कैमरे के साथ एआई टूल से जोड़ा गया। इसके माध्यम से एक-एक व्यक्ति के आने की सूचना और उसके चेहरे की पहचान के साथ-साथ कितने लोगों ने डुबकी लगाई, उन सबकी काउंटिंग की व्यवस्था भी हो सकी। इसके माध्यम से लखनऊ में रहते हुए भी मैं यहां की गतिविधियों को 360 डिग्री तक देख पा रहा था। यहां 15000 से ऊपर स्वच्छताकर्मी तैनाथ थे। इसके अलावा 7000 से अधिक परिवहन निगम की बसें थी 750 से अधिक शटल बसें थीं। उन्होंने बताया कि रेलवे ने लगभग 13000 मेला स्पेशल चला करके यात्रियों को सकुशल गंतव्य तक पहुंचाया। साढ़े तीन करोड़ यात्री केवल उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों से प्रयागराज आए। पीडब्ल्यूडी, नमामि गंगे, जल निगम, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, सिंचाई विभाग, स्वास्थ्य समेत अन्य सभी विभागों ने पूरी तत्परता के साथ इस कार्यक्रम को सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचाने में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि पूरे आयोजन को सफल बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। श्रद्धालुजनों को यहां तक लाने के लिए सभी संबंधित विभागों, संस्थाओं ने अपना काम कियाए लेकिन एक-एक घटना को लाइव दिखाने का काम और सकारात्मक रूप से उसे आम जनता तक घर-घर पहुंचाने का काम आपने कियाए क्योंकि कितनी भी अच्छी व्यवस्था होती, हम कितना भी कर लेते, लेकिन उसका प्रचार आपने किया। सिर्फ हिंदी मीडिया ही नहीं, देशभर की मीडिया ने, विदेशी मीडिया ने यहां की व्यवस्थाओं की सराहना की। किसी भी आयोजन को सफलता की नई ऊंचाई पर पहुंचाने में मीडिया की क्या भूमिका हो सकती है, इसकी बेहतरीन मार्केटिंग करने में अपने बड़ी भूमिका का निर्वाह किया। आस्था और आर्थिकी के बीच समन्वय हो सकता है यह मीडिया ने साबित करके दिखाया। 7.5 हजार करोड़ खर्च करके 3.5 लाख करोड़ की ग्रोथ दर्ज की जा सकती है, यह भी मीडिया ने बताया। दुनिया कौतूहल और आश्चर्य से इन सब चीजों को देख रही है। यह एक नया शोध का विषय बन गया है। मेरे पास लगातार नेशनल और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशन से पत्र आ रहे हैं कि क्राउड मैनेजमेंट कैसे होता है, आस्था और आर्थिकी का समन्वय कैसे हो सकता है इस पर 1 घंटे का टॉक शो कीजिए। सीएम योगी ने कहा कि जो भी यहां आया उसने स्वच्छता की चर्चा की, टेक्नोलॉजी की चर्चा की, सुरक्षाकर्मियों के व्यवहार की चर्चा की। सचमुच मीडिया के साथ-साथ प्रयागराजवासियों का धैर्य अत्यंत अभिनंदनीय रहा, जिन्होंने पूरे आयोजन को अपना आयोजन माना। अक्सर होता है कि एक दिन या दो दिन लोगों को थोड़ा पैदल चलना पड़े तो वो अधीर हो जाते हैं, गुस्से में आ जाते हैं, सड़कों पर आ जाते हैं, लेकिन यहां ऐसा नहीं हुआ। पूरे 45 दिन जनता जनार्दन ने अपना धैर्य बनाए रखा। इन 45 से 50 दिनों में आप सभी यहां पर मौजूद रहे और पूरी तत्परता के साथ आपने इस पूरे महा आयोजन को महायज्ञ मानकर एक सदस्य के रूप में इस सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचाने में योगदान दिया।

# नेत्रकुंभ पहुंचे सीएम योगी, सेवा कार्यों के लिए की सराहना

## नेत्रकुंभ में 2.37 लाख मरीजों की जांच के साथ ही 1.63 लाख चश्मे किये गये वितरित



विशेष संवाददाता (vol)

महाकुम्भनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे पर गुरुवार को महाकुम्भ में चल रहे नेत्रकुम्भ का निरीक्षण कर यहां किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने सबसे पहले गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद आयोजन में लगे प्रमुख लोगों से मुलाकात की। फिर उन्होंने ओपीडी का निरीक्षण कर डॉक्टरों और आयोजन समिति के सदस्यों से बातचीत भी की। मुख्यमंत्री ने नेत्रकुम्भ की भव्यता और प्रबंधन की प्रशंसा की। डॉक्टरों ने उन्हें पूरी व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री को बताया गया कि महाकुम्भ के दौरान नेत्रकुंभ में 2.37 लाख मरीजों की यहां जांच की गई है। सीएम योगी को बताया गया कि नेत्रकुम्भ में 1.63 लाख चश्मे वितरित किए गए हैं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए नेत्रकुम्भ की सेवा को एक दिन के लिए और बढ़ा दिया गया है। पहले 26 फरवरी को इसका समापन होना था, लेकिन बाद में इसकी तिथि 27 फरवरी तक बढ़ा दी गई। निरीक्षण के दौरान सीएम योगी ने विशेषज्ञों से पूछा कि इतनी बड़ी संख्या में मरीजों को किस तरह व्यवस्थित इलाज दिया जा सका। जिस पर डॉक्टरों ने बताया कि यह कठिन कार्य था, लेकिन सुव्यवस्थित प्रबंधन के चलते सफलता मिली। मुख्यमंत्री ने इस सेवाभाव के लिए सभी डॉक्टरों और आयोजकों को बधाई दी और भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों की जरूरत बताई।

### बड़े हनुमान जी के सीएम योगी ने किये दर्शन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुम्भ की सफलता के लिए आभार प्रकट करने प्रयागराज स्थित बड़े हनुमान मंदिर पहुंचे। उन्होंने महाबली हनुमान जी के चरणों में शीश नवाया और मंदिर के सभी पुजारियों को प्रणाम किया। मुख्यमंत्री का पूजन मंदिर के महंत एवं श्रीमठ बाघम्बरी पीठाधीश्वर पूज्य बलवीर गिरि जी महाराज ने संपन्न कराया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बड़े हनुमान की आरती की। जिसके बाद मुख्यमंत्री को अंग वस्त्र एवं बड़े हनुमान जी की तस्वीर भेंट की गई। बलवीर गिरि महाराज ने मुख्यमंत्री को महाकुम्भ के ऐतिहासिक और भव्य आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी। मंदिर के पुजारी सूरज पाण्डेय जी महाराज ने बताया कि महाकुम्भ की सफलता के लिए संत समाज ने सीएम योगी आदित्यनाथ को आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने बड़े हनुमान जी का आशीर्वाद लेते हुए संतों और पुजारियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही महाकुम्भ के आयोजन को दिव्य और भव्य बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

# विश्व के सबसे सुव्यवस्थित आयोजनों में रहा महाकुंभ : केशव

लखनऊ/प्रयागराज। मकर संक्रांति से महाशिवरात्रि तक चले दिव्य और भव्य महाकुंभ का सफल समापन हो गया। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इस ऐतिहासिक आयोजन को भारतीय संस्कृति की गहरी जड़ों और सनातन परंपराओं की सशक्तता का प्रमाण बताया है। उन्होंने कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई, एक-दूसरे से कंधे से कंधा मिलाकर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया, लेकिन किसी भी महामारी या अव्यवस्था का नामोनिशान तक नहीं दिखा। इससे यह सिद्ध होता है कि भारत की परम्पराएं न केवल आध्यात्मिक, बल्कि वैज्ञानिक भी हैं। मौर्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह महाकुंभ इतिहास के सबसे सुव्यवस्थित आयोजनों में से एक रहा। उन्होंने संत समाज, श्रद्धालुओं, प्रयागराज के निवासियों और प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया, जिनकी सहभागिता से यह आयोजन ऐतिहासिक रूप से सफल रहा। उन्होंने कहा करोड़ों लोगों ने आस्था के संगम में स्नान किया और कोई अव्यवस्था नहीं फैली। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान है। उन्होंने कहा कि जो लोग भारत की जड़ों से कटे हुए हैं, वही इससे भयभीत हैं, लेकिन सत्य की विजय सनातन का शाश्वत नियम है, और यह महाकुंभ उसी सत्य का जीवंत प्रमाण बनकर इतिहास में दर्ज हो गया। मौर्य ने कहा है कि महाकुंभ-2025 में आये श्रृद्धालुओं ने सनातन धर्म के आध्यात्मिक गौरव एवं वैभव का दर्शन करने के साथ ही डिजिटल महाकुंभ का भी अनुभव किया। महाकुंभ-2025 को हरियाली से भरा बनाने के लिए क्लीन के साथ-साथ ग्रीन कुंभ पर विशेष ध्यान दिया गया। महाकुम्भ, भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक चेतना का स्पंदन साबित हुआ। महाकुंभ एक भारत-श्रेष्ठ भारत-समावेशी भारत की दिव्य और जीवंत झांकी बना। महकुम्भ, एक मेला अथवा स्नान की डुबकी मात्र न होकर, भारतवर्ष की अनेकता में एकता का शाश्वत और समेकित जय-घोष बना।

# महाशिवरात्रि पर 11.69 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किये बाबा के दर्शन

## फरवरी में प्रतिदिन औसतन पांच से छह लाख श्रद्धालु पहुंचे काशी विश्वनाथ धाम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ/वाराणसी। महाशिवरात्रि पर 11.69 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के चरणों में हाजिरी लगाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन ने दर्शनार्थियों की सुरक्षा, सुविधा और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए थे। वहीं काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन की देखरेख में श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की समुचित व्यवस्था की गई थी। प्रातः काल से ही मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का रेला लग गया था।

सभी ने बाबा के दर्शन कर श्रद्धा से जलाभिषेक किया। महाशिवरात्रि पर काशी में जनसमुद्र उमड़ा रहा। वहां अभी भी श्रद्धालुओं का निरंतर आना जारी है। महाशिवरात्रि पर भी काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का आना निरंतर जारी रहा। भीड़ का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि सुबह तक ही लाखों श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर लिया। जैसे-जैसे दिन बढ़ता गयाए श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ती गई। महाशिवरात्रि पर्व पर बुधवार को भगवान शिव की नगरी काशी में योगी सरकार ने श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराकर इस अवसर को और भी भव्य बना दिया। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम और गंगा घाटों पर हुई इस पुष्पवर्षा ने श्रद्धालुओं को आनंदित कर दिया। योगी सरकार ने धार्मिक आस्था को सम्मान देने की परंपरा को कायम रखते हुए इस महत्वपूर्ण पर्व पर भी पुष्पवर्षा की व्यवस्था की। पुष्पवर्षा के बीच श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर पहुंच गया।

### छह लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे बाबा के दर

फरवरी मास में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं का काशी विश्वनाथ धाम में निरंतर आना होता रहा। इनमें से कई तिथियों पर छह लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए। अन्य तिथियों में भी चार से पांच लाख श्रद्धालुओं का बाबा के धाम में आना जारी रहा। श्रद्धालुओं का काशी व विश्वनाथ धाम में आना निरंतर आना जारी है।

| | |
|---|---|
| 8 फरवरी | 6,21,307 |
| 10 फरवरी | 6,12,980 |
| 11 फरवरी | 7,19,225 |
| 12 फरवरी | 7,78,697 |
| 13 फरवरी | 8,26,194 |
| 14 फरवरी | ,32,476 |
| 15 फरवरी | ,39,465 |
| 16 फरवरी | 6,81,792 |
| 17 फरवरी | 7,04,349 |
| 19 फरवरी | 6,29,991 |
| 20 फरवरी | 6,11,029 |
| 22 फरवरी | ,34,736 |
| 23 फरवरी | ,96,658 |
| 26 फरवरी | 1,69,553 |

# मान देने के लिए थैंक्यू योगी जी

## 10 हजार रुपये अतिरिक्त बोनस और वेतन वृद्धि के लिए जताया आभार

महाकुम्भ नगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रयागराज में महाकुम्भ से जुड़े स्वच्छताकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों को बड़ी सौगात देते हुए उनके लिए 10 हजार रुपए अतिरिक्त बोनस और अप्रैल से न्यूनतम वेज के रूप में 16 हजार रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री की इस घोषणा का स्वच्छताकर्मियों ने खुले दिल से स्वागत किया और इस पहल के लिए मुख्यमंत्री का आभार भी जताया। सभी स्वच्छताकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों ने कहा कि यह पूरे मेला के दौरान उनके द्वारा की गई अथक मेहनत का फल है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न सिर्फ मंच पर बुलाकर उनका सम्मान कियाए बल्कि उनके साथ बैठकर भोजन भी किया, जिससे उनका मान बढ़ा है। स्वच्छताकर्मी रानी देवी ने कहा की मुख्यमंत्री ने हमारे लिए जो भी किया वह सुनकर अच्छा लग रहा है हमने मान कुंभ में जान लगाकर मेहनत की थी उसी का लाभ आज हमें मिल रहा है। इसी तरह, नैनी तहसील से महाकुंभ में स्वच्छता कार्य के लिए आए एक स्वच्छता कर्मी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने 10000 बोनस और 16000 रुपए निश्चित मानदेय देने की घोषणा की है जिसके लिए हम उनके आभारी हैं। महाकुम्भ के दौरान पूरे मेला क्षेत्र में हम सभी ने मिलकर सफाई और स्वच्छता को सुनिश्चित किया किसी भी तरह की कोई घटना नहीं हुई। यह हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। स्वच्छता कर्मी अमन ने बताया की मेले में स्वच्छता को लेकर किए गए अच्छे कार्य को मुख्यमंत्री ने सराहा है और इसीलिए उन्होंने हमें 10000 अतिरिक्त बोनस देने की घोषणा की है यह अच्छी पहल है इससे हम सभी का हौसला बढ़ेगा और हम मन लगाकर स्वच्छ प्रदेश बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। एक अन्य स्वच्छताकर्मी लाल बहादुर ने बताया कि महाकुम्भ समापन के बाद मुख्यमंत्री जी हमारे बीच आए यह देखकर हमें अच्छा लगा उन्होंने हमारा सम्मान भी किया और हमारे साथ बैठकर भोजन भी ग्रहण किया यह अच्छी पहल है।

# सीएम योगी ने नाविकों का किया सम्मान, रजिस्ट्रेशन करके मिलेगा नाव का पैसा और बीमा कवर

महाकुम्भनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ में नाविकों के योगदान को लेकर उनके साथ संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नाविकों के लिए कई बड़ी घोषणाएं भी की। सीएम योगी ने कहा कि नाव चालकों को सरकार विशेष सुविधाएं देगी, जिसके तहत पहले नाविकों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इसके बाद नाव के लिए पैसा और 5 लाख रुपए तक बीमा कवर की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। त्रिवेणी संकुल में नाविकों से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ के भव्य, दिव्य व सफल आयोजन में नाविकों के योगदान की सराहना की और सरकार की ओर से कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने नाविकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस दौरान भारत माता की जय, गंगा मैया की जय और हर गंगा के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह से निषादराज ने त्रेता युग में भगवान श्रीराम को गंगा पार कराई थी, उसी परंपरा को आज भी हमारे नाविक निभा रहे हैं। करोड़ों लोगों ने संगम में पहली बार स्नान किया। जिसमें नाव चालकों की विशेष भूमिका रही है। इसीलिए आज हम सभी आपके स्वागत के लिए यहां उपस्थित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि श्रृंगवेरपुर में भगवान श्रीराम और निषादराज की इतनी बड़ी प्रतिमा यहां स्थापित की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाविकों और निषाद समाज के कल्याण के लिए कई अहम घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में मत्स्य पालन से जुड़े हुए सभी लोगों के कल्याण के लिए डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री कोष से एक योजना के तहत नाव उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए हर नाविक का पंजीकरण होगा।

# महाकुंभ में अव्यवस्था के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार : आलोक शर्मा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय नेहरू भवन पर प्रेस कांफ्रेंस करके भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा किया और प्रयागराज महाकुंभ में हुई अव्यवस्थाओं की वजह से मची भगदड़ जिससे हजारों श्रद्धालुओं की जान चली गयी उसको लेकर भाजपा सरकार को घेरा और सवाल उठाये। प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में

- **कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने पत्रकारवार्ता कर भाजपा सरकार पर साधा निशाना**

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा के साथ वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी, प्रवक्ता अंशू अवस्थी, उमाशंकर पांडे, सचिन रावत, शिवेंद्र चौहान उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने भाजपा सरकार से सवाल पूछते हुए कहा कि आखिर जो अधिकारी विवादास्पद रहे, जिनके चलते अव्यवस्था फैली, महाकुंभ के नाम पर आवंटित बजट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया और अभी वह अधिकारी गैर जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं, उन पर



कारवाई कब होगी? जो लोग श्रद्धालुओं की महाकुंभ में हुई दुखद मौत पर दुःख न जताकर मोक्ष बताकर मजाक उड़ा रहे हैं उन पर कारवाई कब होगी? भ्रष्टाचार के नाम पर बजट का बंदरबांट हुआ, उसकी जिम्मेदारी किसकी है? उन्होंने कहा कि महाकुंभ जोकि सनातन धर्म का सबसे बड़ा संगम है जहां पर पूरे देश से और विश्व से श्रद्धालु आस्था के साथ आते हैं, महाकुंभ का आयोजन सदियों से होता चला आया है और जब भी किसकी सरकारें रहीं तो उन्होंने उसे आयोजन को सफल बनाने में अपनी अग्रणी भूमिका निभायी। इस महाकुंभ में हम शुरूआत से सुन रहे थे, सरकार की तरफ से बार बार दिव्य और भव्य की बात कही जाती रही, हम भी चाहते हैं खूब भव्य और दिव्य हो लेकिन महाकुंभ में जिस तरीके से अव्यवस्था फैली और उसका कारण गैर जिम्मेदार लोग जिनके हाथों में सरकार में संचालन की बागडोर सौंपी, उनकी वजह से और उनके द्वारा किये गये भ्रष्टाचार के संरक्षण की वजह से हजारों श्रद्धालु इस भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए, काल से गाल में समा गए, योगी आदित्यनाथ की भाजपा सरकार तो अभी भी वह आंकड़ा 30 बता रही है लेकिन वह आंकड़ा हजारों में है इसीलिए सरकार संख्या और आंकड़ा छिपाने के साथ श्रद्धालुओं की पहचान के बारे में अभी भी चुप्पी साध रखी है। आलोक शर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार की शुरूआत उसी समय से शुरू हो गयी थी जब बजट के नाम पर सरकार ने खूब हल्ला मचाया लेकिन वह बजट जिसका प्रयोग श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए, उनकी सुगम यात्रा, उनके पुण्य स्नान के आयोजन में खर्च होना था उसमें भ्रष्टाचार की दीमक लग गयी और ये काम उन्हीं अधिकारियों ने किया जिन्हें सरकार ने जिम्मेदारी दी, जिसकी वजह से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को तैयारी की अंतिम तिथि को चार बार बढ़ाना पड़ा, कारण साफ और एकदम स्पष्ट है कि जो भी लोग परंपरागत रूप से महाकुंभ में काम करते चले आ रहे थे। उनकी बजाय अनुभवहीन गुजरात के लोगों की कंपनियों को काम दिये गये और उन गुजरात की कंपनियों ने काम को कम दाम पर उन्हीं परंपरागत स्थानीय लोगों को पेटी कॉन्ट्रैक्ट पर दिया। पिछले कुंभ के दौरान किए गए खर्चों पर कैग की रिपोर्ट में सवाल खड़े हुए आखिर ऐसी क्या मजबूरी थी कि उन लोगों को फिर से जिनका कोई भी भीड़ के नियंत्रण का प्रबंधन का अनुभव नहीं था उन्हें सरकार ने जिम्मेदारी सौंपी? आलोक शर्मा ने कहा कि हमारे चार सवाल हैं जिनके जवाब सनातन धर्म के महान कार्यक्रम महाकुंभ में आये श्रद्धालु मांग रहे हैं।

# महाकुंभ में हर तरफ अव्यवस्थाओं का रहा बोलबाला

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने धर्म, आस्था और सेवा के महापर्व महाकुंभ की पवित्र भावना को ठेस पहुंचाते हुए राजनीतिक अवसरवाद तलाशने का काम किया है। महाकुंभ में हर तरफ अव्यवस्थाओं का बोलबाला रहा। कुंभ को असत्य प्रचार का माध्यम बनाकर करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं से खिलवाड़ किया और राजनीतिक हितपूर्ति में इस्तेमाल किया है।

मुख्यमंत्री ने अपनी सुविधानुसार 26 फरवरी को कुंभ का औपचारिक समापन कर दिया। जिससे उन करोड़ों बुजुर्गों की इच्छा अधूरी रह गई जो अमृत स्नान करने से किन्हीं कारणों से वंचित रह गये हैं। ऐसे में एक माह का समय बढ़ाना चाहिए था लेकिन भाजपा की मनमानी रोड़ा बन गई। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रयागराज संगम पर महाकुंभ का सदियों का पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व और इतिहास है। कन्नौज के सम्राट हर्षवर्धन से लेकर समाजवादी पार्टी की सरकार तक के समय 2013 में कुंभ का सफल आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में 2013 के कुंभ की व्यवस्थाओं को साधु संतों सहित पूरी दुनिया ने सराहा था। हावर्ड विश्वविद्यालय की टीम ने उस समय महाकुंभ में की गयी व्यवस्थाओं स्वच्छता, सफाई और भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था को आश्चर्यजनक बताते हुए सराहना की थी और



उस पर एक पुस्तक भी प्रकाशित किया। 2013 में समाजवादी सरकार में आयोजित कुंभ पर न्यूयार्क में कल ही चर्चा और सेमिनार हुए। अखिलेश यादव ने कहा कि महाकुंभ को लेकर शुरू से भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री की नीयत में खोट था। वह धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन को राजनीतिक रंग देने में जुटे रहे। मुख्यमंत्री को महाकुंभ में आस्था कम व्यापार और व्यापारिक लाभ ज्यादा दिखाई दिया। वे उसी हिसाब-किताब में जुटे रहे। उन्होंने धार्मिक आयोजन की पवित्रता को नष्ट करने का पाप किया। व्यवस्थाओं, भीड़ प्रबंधन पर कोई ध्यान नहीं दिया जिसके चलते भगदड़ हुई और बड़ी संख्या में श्रद्धालओं को जान गंवानी पड़ी। उन्होंने कहा कि सपा द्वारा बार-बार मांग पर भी भाजपा सरकार ने कुंभ में हुई भगदड़ में मृतकों की सही संख्या नहीं बता रही है।

# नगर निगम को अधिकार नहीं, वन विभाग तैयार नहीं

## मानवाधिकार आयोग ने बंदरों से मौत की घटना का लिया संज्ञान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में बंदरों का आंतक बढ़ता जा रहा है। पूरे शहर के हर मोहल्ले में बंदरों की घुमक्कड़ी से हर कोई परेशान है। हाल यह है कि बंदरों के आंतक से बीते दिनों शहर में दो व्यक्तियों की जान जा चुकी है। वहीं बंदरों को पकड़ने के लिए वन विभाग और नगर निगम एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं। इस मामले में शासन ने भी चुप्पी साध रखी है। बंदरों से मौत की घटना का उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने वन विभाग लखनऊ क्षेत्र व नगर निगम को नोटिस भेजकर पूरी रिपोर्ट मांग ली। इस पर दोनों विभागों की ओर से आयोग को जवाब भेज दिया गया है।

बता दें कि बीते दिनों 18 वर्षीय अरविन्द के ऊपर बन्दरों के एक समूह ने अचानक हमला कर दिया, उनसे बचने की कोशिश करते समय एक इमारत की दूसरी मंजिल से गिर गया जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। छोटा चांदगंज में बंदरों के झुंड ने लांड्री संचालक सुशील कनौजिया (37) की जान ले ली। मानवाधिकार आयोग ने स्वप्रेरणा से मामले का संज्ञान लेते हुए जिला वनाधिकारी, लखनऊ क्षेत्र एवं नगर निगम को संयुक्त जांच कराकर अपनी विस्तृत आख्या मांगी थी। आयोग की ओर से कहा गया बंदरों के बढ़ते आतंक से निवासियों में भय व्याप्त है। इससे पूर्व भी इस प्रकार की घटना घटित हो चुकी है। वन विभाग से शिकायत करने पर जिम्मेदार नगर निगम भेज देते हैं। वहीं जब नगर निगम में शिकायत की जाती है तो वहां कहा जाता है कि यह काम वन विभाग का है। प्रकरण मानव अधिकार हनन का प्रत्यक्ष उदाहरण प्रतीत होता है। इस सम्बंध में अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव की ओर से पत्र भेजकर अवगत कराया गया है कि नगर निगम अधिनियम 1959 तथा उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 के अंतर्गत जिन पशुओं के लिए नगर निकाय की ओर से नियंत्रण अथवा विनियमन की कार्यवाही की जानी है उनमें डेयरी से सम्बंधित पशु, पालतू श्वान एवं अन्य पशु भार वाहक मानव भोजन के लिए वध किये जाने वाले पशु, निराश्रित श्वान तथा गोवंश ही सम्मिलित हैं। उपरोक्त में से कोई भी पशु जाति का नहीं है तथा सभी पालतू पशुओं की श्रेणी में ही आते हैं। नगर निगम प्रशासन ने 20 दिसंबर 2022 को भारत सरकार के वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972, यथा संशोधित 2022 की अनुसूची का हवाला देते हुए कहा है कि इसके अन्तर्गत भी बन्दर एक वन्य जीव प्राणी है। बंदर जंगली प्रजाति के पशु हैं, जो समूह में विचरण करते हैं तथा प्राकृतिक आवास जंगलों के अभाव में शहरों में विचरण करने लगे हैं। इनको पकड़ने, परिवहन करने तथा स्थानांतरित करने के लिए जानकारी निकायों के पास नहीं है। जंगली पशुओं को पकड़ने के लिए वाहन व अनुभवी कर्मचारी नहीं है। नगरीय क्षेत्र में किसी भी जंगली पशु के घुस आने पर भी वन विभाग की ओर से ही पड़कने का कार्य किया जाता है। वन विभाग के कर्मचारी ही जंगली पशुओं को पकड़ने में अनुभवी है। वैज्ञानिक से तरीके से इन वन्य पशुओं की हैण्डलिंग न होने पर बंदरों की ओर से कर्मचारियों को काटे जाने का भय बना रहेगा।

**दिल्ली में वन विभाग चला रहा असोला योजनाः** नगर निगम का कहना है कि बंदरों का प्रबंधन वन विभाग का दायित्व है। दिल्ली में 10000 से अधिक बंदरों के लिए चलायी जा रही असोला वन्यजीव अभ्यरण वन विभाग की ओर से संचालित की जाती है। भारत में बंदरों की 10 से अधिक प्रजातियों को पकड़ने की जानकारी वन विभाग के पास ही है।

**संसद में भी उठ चुका है मुद्दाः** बंदरों की रिहायशी क्षेत्रों में बढ़ती हुई संख्या का मुद्दा संसद में भी उठाया जा चुका है। राज्य सभा सांसद डॉ. अशोक बाजपेई और लोकसभा सांसद कौशलेन्द्र कुमार की ओर से यह मुद्दा उठाया जा चुका है। जवाब में बंदरों के आतंक को मानव वन्य जीव संघर्ष मानते हुए वन्य जीव बताया गया है।

**शासन से नहीं दिये गये कोई आदेशः** इस संबंध में नगर आयुक्त की ओर से प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग को बंदरों की बढ़ती हुई संख्या एवं रिहायशी क्षेत्रों में पहुचायें जाने वाले नुकसान की शिकायतों के बाबत पत्र भेजा चुका है। शासन ने भी बंदरों को पकड़ने अथवा उनपर किसी कार्यवाही के लिए निगम को अधिकृत नहीं किया है। इस मामले में कोई भी शासनादेश जारी नहीं किया गया है। न ही किसी तरह की मैनपावर अथवा सुविधाएं विकसित की गयी हैं।

# अवध शिल्प ग्राम पर नगर निगम का कड़ा कदम, बैंक खाते किये सीज

लखनऊ। अवध शिल्प ग्राम, अवध विहार योजना के खिलाफ नगर निगम ने एक कड़ा कदम उठाया है। अवध शिल्प ग्राम का 1,68,35,859 रुपये का गृहकर बकाया है। इसके बावजूद, इस राशि के भुगतान के लिए नगर निगम ने कई बार बिल, नोटिस और डिमांड जारी कर चुका है और व्यक्तिगत प्रयास भी किए, लेकिन अब तक कोई भुगतान नहीं किया गया है। इस स्थिति को देखते हुए नगर निगम ने अपनी कानूनी शक्तियों का उपयोग करते हुए कार्रवाई की है। नगर निगम ने अवध शिल्प ग्राम, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के बैंक खाते को कुर्क करने का आदेश जारी किया है।

**लखनऊ नगर निगम**
टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ. फोन-फैक्सः 0522-2622440, ई-मेलः nnlko@up.nic.in

संख्या : 275/मु०अ०/24-25 **अति-अल्पकालिक निविदा सूचना** दिनांक : 27.02.2025

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु 06.03.2025 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 05.03.2025 तक अपरान्हन 2 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा नगर निगम की बेवसाइट lmc.up.nic.in से टेंडर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 06.03.2025 को अपरान्हन तीन बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में तथा मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को 06.03.2025 को अपरान्हन 4 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्पूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि रू० में | धरोहर धनराशि रू० में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मालवीय नगर वार्ड के अन्तर्गत तुलसीदास मार्ग पर अग्रवाल ब्रदर्स के बगल से रामनरायण मौर्या के मकान तक नाली एवं सी०सी० सड़क का कार्य। | 842053.00 | 84205 | 1 माह | 842 | 152 | 994 |

**शर्तेः-** (1) निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नही है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (2) 10 प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर पर सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी। (3) शासनादेश संख्या-962/नौ-9-2017/81ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी०एस०टी० का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी। (4) आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा०/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। (5) कार्य हेतु 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा। (6) 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी। (7) किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा। (8) 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण-दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।

**मुख्य अभियन्ता**

# आवास विकास की नयी जेल रोड योजना होली पर होगी लॉन्च

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उप्र. आवास एवं विकास परिषद अपनी नई जेल रोड आवासीय योजना को होली पर लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। पहले चरण में लगभग 5000 भूखंड तैयार होंगे जिसमें लगभग 2000 भूखंडों के लिए पंजीकरण खोले जाएंगे। 2200 से 2400 रुपये प्रति वर्ग फीट के बीच भूखंड का रेट हो सकता है।

योजना का फाइनल ले-आउट तैयार हो गया है। अभी स्वीकृति के लिए प्रस्ताव आवास विभाग को भेजा गया है। यहां से मंजूरी मिलते ही रेरा में पंजीकरण कराया जाएगा। लगभग 560 एकड़ की इस योजना को सौमित्र विहार योजना का नाम दिया गया है। वृंदावन योजना और अवध विहार योजना के बाद यह परिषद की लखनऊ में सबसे बड़ी योजना होगी। योजना में परिषद ने सभी वर्ग के लोगों का ध्यान रखते हुए भूखंड काटे हैं। निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए 30 वर्ग मीटर, मध्यम आय वर्ग के लिए 65 वर्ग मीटर और उच्च आय वर्ग के लिए 128 से 300 वर्ग मीटर के भूखंड रहेंगे। कुल भूखंडों में से निम्न आय वर्ग और मध्य आय वर्ग के लिए 10-10 प्रतिशत भूखंड आरक्षित रहेंगे। आवंटियों की सुविधा के लिए योजना में कॉमर्शियल और शैक्षणिक भूखंड भी होंगे। इसके अलावा प्रत्येक सेक्टर में शादी और कार्यक्रम के लिए कन्वेंशन सेंटर बनाए जाएंगे। हर सेक्टर में पार्क और ग्रीनरी का भी ध्यान रखा गया है। ग्राउंड वाटर रिचार्ज के लिए झील और तालाब विकसित किए जाएंगे।

# वीडियों में गाड़ी सही चलेगी तभी बनेगा डीएल

लखनऊ। डीएल बनवाना है तो गाड़ी चलाते हुए वीडियों भी बनेगी। वीडियों में गाड़ी सही चलाने पर ही डीएल के लिए आवेदक पास होगा। अभी तक जुगाड़ होने पर बिना गाड़ी चलाने का टेस्ट दिए ही लाइसेंस की औपचारिकताएं पूरी कर दी जाती है। इसमें दलाल आवेदक से मोटी रकम वसूलते हैं। इस नई व्यवस्था से दलालों के इस कृत्य पर रोक लगेगी। साथ ही अपात्र लोगों का स्थाई लाइसेंस नहीं बन सकेगा। माना जाता है कि सबसे ज्यादा मौतें रोड एक्सीडेंट में ही हो रही हैं। इसका भी बड़ा कारण भी ड्राइविंग को लेकर लापरवाही ही मानी जाती है। तमाम लोगों के पास ज्यादा अनुभव नहीं होता और सीखने के दौरान ही हाइवे आदि पर गाड़ी दौड़ाने लगते हैं।

# 47/1 क्ये स्क्वॉयर बिल्डिंग को किस प्रकार से करें जमींदोज

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट की खंडपीठ ने एलडीए की ओर से पास नक्शे को दरकिनार कर अवैध तरीके से निर्माण करने पर हुसैनगंज में कबीर मार्ग स्थित 47/1 क्ले स्कवायर बिल्डिंग के खिलाफ सख्त रूख अपनाया है। कोर्ट ने कहा कि बिल्डिंग बनाते समय जमीन मालिक, डेवलपरर्स और एलडीए के जिम्मेदार अफसरों ने आंखे बंद रखी और अवैध तरीके से काफी निर्माण करा डाला गया। यहां तक कि खरीददारों ने भी बिना यह जांच किये कि क्या बिल्डिंग वैध तरीके से बनी है या नहीं, फ्लैट खरीद डाले। यह कहते हुए कोर्ट ने राज्य सरकार व एलडीए से कहा है कि अगली सुनवायी तक वह इस स्थिति से निपटने के लिए सभी पक्षकारों के अधिकारों को स्पष्ट करें अन्यथा वे इस योजना के साथ आयें कि उक्त बिल्डिंग को किस प्रकार से जमींदोज किया जाये। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवायी 25 मार्च को नियत किया है। यह आदेश जस्टिस ए आर मसूदी व जस्टिस मनीष कुमार की पीठ ने लेफ्टिनेंट कर्नल रिटायर्ड अशोक कुमार की ओर से 2012 में दाखिल जनहित याचिका पर सुनवायी करते हुए पारित किया है। कोर्ट के पूर्व आदेश के अनुपालन में एलडीए ने क्ले स्कावायर और उसके आस पास की बिल्डिंगों के बारे में रिपोर्ट दी जिस पर कोर्ट ने पाया कि न केवल क्ले स्कावायर अपितु उसके आस पास करीब नौ अन्य बिल्डिंगें भी नियमों को ताक पर रखकर और नक्शे के विपरीत बनायी गयीं हैं। कोर्ट ने पाया कि क्ले स्कावायर ने जितने निर्माण का नक्शा पास कराया था उससे करीब चार गुना अधिक निर्माण कर लिया।

- हाई कोर्ट ने राज्य सरकार व एलडीए से 25 मार्च तक मांगा जवाब

# 55 वर्ष की आयु के संविदा कर्मियों को हटाने का होगा विरोध

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने सभी जनपदों और परियोजना मुख्यालयों पर बिजली कर्मियों ने निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन जारी रखा।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने 55 वर्ष की आयु के बाद संविदा कर्मियों को हटाए जाने के आदेश का तीव्र विरोध करते हुए कहा है कि इन संविदा कर्मियों के सहारे क्षेत्र में बिजली की व्यवस्था चल रही है। इनमें से कई संविदा कर्मी बिजली व्यवस्था बनाए रखने के लिए दुर्घटना में अपंग हो गए हैं। किसी का हाथ कट गया है, किसी का पैर कट गया है या दुर्घटना में शरीर के अन्य भागों को क्षति हुई है। आज निजीकरण के लिए पावर कार्पोरेशन प्रबंधन इतना उतावला है कि वह संविदा कर्मियों को इस हालत में 55 वर्ष की आयु के बाद घर भेज रहा है। पावर कार्पोरेशन प्रबंधन का यह कृत्य घोर अमानवीय और निन्दनीय है। संघर्ष समिति ने 55 वर्ष की आयु के बाद संविदा कर्मियों को हटाए जाने वाले आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। पिछले कुछ दिनों में जिस प्रकार से आठ मुख्य अभियंताओं और तीन अधीक्षण अभियंताओं ने स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति ले ली है और क्षेत्रों से यह समाचार आ रहा है कि निजीकरण के पहले बनाए गए भय के वातावरण में बड़े पैमाने पर वरिष्ठ अभियंता सेवानिवृत्ति लेने जा रहे हैं। संघर्ष समिति ने इसकी जांच हेतु सभी विद्युत वितरण निगमों में समिति का गठन किया है। यह समिति अंदरूनी तौर पर सभी अभियंताओं से बात करके स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति के वास्तविक कारणों का पता लगाएगी। अभियंताओं से अंदरूनी बात पता कर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को इसके आधार पर रिपोर्ट भेजी जाएगी।

- संविदा कर्मियों के सहारे क्षेत्र में चल रही है बिजली की व्यवस्था

संघर्ष समिति का मोटे तौर पर मानना है कि भय और उत्पीड़न के वातावरण में जिस तरह स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का दौर चल रहा है उससे पावर कारपोरेशन को दूरगामी क्षति तो हो ही रही है। आने वाले गर्मियों में जब बिजली की मांग 32000 मेगावाट तक पहुंचेगी तब इसका सबसे अधिक खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ेगा। आज वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिजार्पुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, हरदुआगंज, पारीछा, पिपरी, और अनपरा में विरोध प्रदर्शन किया गया।

# एनसीसी अधिकारी को रक्षा राज्य मंत्री प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। 19 यूपी एनसीसी गर्ल्स बटालियन, लखनऊ की प्रशासनिक अधिकारी (एओ) मेजर दिव्या शर्मा को प्रतिष्ठित रक्षा राज्य मंत्री प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार बालिका कैडेटों को सशक्त बनाने और प्रेरित करने, एनसीसी प्रशिक्षण, सामाजिक और सामुदायिक सेवा गतिविधियों का आयोजन करने और अपने कैडेटों के बीच अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव की भावना को बढ़ावा देने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया।

19 यूपी एनसीसी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल दीपक कुमार ने अधिकारियों के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि अधिकारी के प्रदर्शन ने यूनिट के मनोबल और प्रदर्शन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, जिससे उन्हें अपने साथियों और वरिष्ठों के बीच समान रूप से सम्मान मिला है।



**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**विशेष रेलगाड़ियां**



**महाकुम्भ मेला—2025** के उपरांत रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार हैः—

**दिनांक 28.02.2025 (शुक्रवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुलतानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09404 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं., फ़तेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं., आगरा किला, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., छायापुरी एवं आणंद जं. स्टेशन |
| 07383 | एसएसएस हुब्बल्लि जं. | 08:00 | वाराणसी जं. | 05:30 | धारवाड़, अलनावर, लोंडा, खानापुर, बेलगावि, गोकक रोड, घाटप्रभा, रायबाग, कुडची, मिराज, सांगली, किर्लोस्करवाडी, कराड, सतारा, पुणे, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 01824 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. | 15:00 | अलीगढ़, टूण्डला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, सूबेदारगंज, नैनी जं., शंकरगढ़, मानिकपुर जं., चित्रकूट धाम कर्वी, अतर्रा, बांदा जं., महोबा जं., हरपालपुर, मऊरानीपुर, एवं निवाड़ी स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:20 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुलतानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूँसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुलतानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं., औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूँसी जं. स्टेशन |
| 05149 | झूँसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., दुल्लहपुर, मऊ जं., इन्दारा जं., बेलथरा रोड, लार रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05151 | झूँसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., दुल्लहपुर, मऊ जं., इन्दारा जं., बेलथरा रोड, लार रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05101 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंडिहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफपुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी जं., मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर, बेलथरा रोड, इन्दारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 06008 | बनारस | 18:05 | तिरूवनंतपुरम उत्तर | 23:55 | चुनार जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपूर कागजनगर, रामगुंडम, वरंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., तेनाली जं., ओंगोल, नेल्लूर, गूडूर जं., पेरम्बूर, अरक्कोणम जं., काटपाडी जं., जोलारपेट्टै जं., सेलम जं., ईरोड जं., तिरुप्पूर, कोयम्बत्तूर जं., पालक्काड जं., तृश्शूर, आलुवा, एरणाकुलम टाउन, कोट्टयम, तिरुवल्ला, चेंगन्नूर, मावेलिक्करा, कायमकुलम जं., एवं कोल्लम जं. स्टेशन |
| 05285 | जयनगर | 23:50 | झूँसी जं. | 15:45 | मधुबनी, सकरी जं., दरभंगा जं., समस्तीपुर जं., ढ़ोली, मुज़फ़्फ़रपुर जं., हाजीपुर जं., सोनपुर जं., दिघवारा, छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., वाराणसी जं. एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन। |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय—सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**
पर हमें फॉलो करें

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# बहू को अस्पताल देखने जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ के गोमती नगर इलाके में अज्ञात वाहन ने महिला को रौंद दिया। महिला अपने बेटे के साथ अस्पताल में एडमिट बहू के लिए खाना लेकर जा रही थी। हादसा हुसड़िया चौराहे के पास शहीद पथ पर हुआ। घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जुग्गौर बीबीडी निवासी पंकज साहू पेशे से एडवोकेट हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार रात करीब 11 बजे मां शिव देवी साहू छोटे भाई पवन के साथ राम मनोहर लोहिया के मातृ एवं शिशु संस्थान जा रही थीं। शहीद पथ चढ़कर हुसड़िया चौराहे के पास पहुंची थी तभी बाइक में पीछे से तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी और वाहन चालक फरार हो गया। वहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके से पहुंची ने भाई और मां को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों मां को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। इंस्पेक्टर गोमती नगर का कहना है कि अभी कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पंकज ने बताया कि उनकी मंगलवार को बेटी का जन्म हुआ है। पत्नी की देखरेख के लिए मां अस्पताल में ही रुकती थीं। बुधवार को पूजा-पाठ और खाने की वजह से घर से निकलने में देर हो गई। इसके बाद खाना लेकर अस्पताल जा रही थीं। तभी हादसे का शिकार हो गईं। बेटी के जन्म से मां बहुत खुश थीं। कुछ घंटों की खुशी मातम में बदल गई।

**चलती स्कूटी में लगी आग कूदकर युवक ने बचाई जान:** पॉलिटेक्निक चौराहे पर चलती एक्टिवा स्कूटी में आग लग गई। धुआं उठता देख युवती स्कूटी छोड़कर कूद गई। देखते ही देखते आग विकराल हो गई। मौके से पहुंची फायर ब्रिगेड ने 20 मिनट में आग पर काबू पाया। घटना पॉलिटेक्निक चौराहे की है। आग की चपेट में आने से स्कूटी पूरी तरह से जलकर खाक हो गई है।

गुरुवार सुबह करीब 10 बजे बालागंज एकतानगर कॉलोनी निवासी शना पुत्री नासिर अपनी एक्टिवा वढ32 ल्टर 6274 से जा रही थी। पॉलिटेक्निक चौराहे के पास अचानक से गाड़ी में आग लग गई। देखते ही देखते गाड़ी आग का गोला बन गई। फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

**कार सवार दबंगों ने युवक पर किया जानलेवा हमला:** आशियाना इलाके में एक युवक पर चार लोगों ने जानलेवा हमला किया। शारदा इनक्लेव, सैनिक नगर निवासी नितिन लांबा मंगलवार शाम को गुरुद्वारे से अपने मामा के घर लौट रहे थे। साढ़े पांच बजे रास्ते में दो बाइक सवार युवकों ने उन्हें रोका। दोनों ने बिना किसी कारण के नितिन को थप्पड़ मारे। इसी दौरान एक काली कार से दो और लोग उतरे। उन्होंने डंडों से नितिन के सिर पर वार किया। हमले में नितिन लहूलुहान हो गए। स्थानीय लोगों की भीड़ जमा होने पर चारों आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। नितिन प्राइवेट सेक्टर में नौकरी करते हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## सचिवालय कर्मचारी ने पत्नी-बच्चों को बनाया बंधक




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना इलाके में सचिवालय के लाइनमैन राम सागर ने हाई वोल्टेज ड्रामा किया। उसने पत्नी, बेटी और बेटे को घर में बंधक बनाकर हवन किया। पूरे घर में धुआं भर गया। इसके बाद खुद के शरीर पर राख मली और चापड़, बांका लेकर छत पर पहुंचा।

वहां खुद को कमरे में बंद कर लिया। बाद में खिड़की खोला और मोहल्ले के लोगों को गाली देने लगा। सूचना पर एसीपी कैंट अभय प्रताप मल्ल समेत कई थानों की पुलिस पहुंची। तीन घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस और दमकल टीम ने उसे कमरे से निकालकर गिरफ्तार किया। राम सागर यादव ने यह ड्रामा बुधवार की शाम को किया। घर पर उसकी पत्नी रामकली यादव, बेटी डिंपल यादव और बेटा छोटू यादव था। उसने सभी को पहले कमरे में बंद किया। फिर सभी के मोबाइल छीन लिया। बरामदे में आम की लकड़ी रखकर आग लगाया और हवन करने लगा। पूरे घर में धुआं भरा तो पत्नी, बेटी और बेटा खांस-खांस कर बेहाल हो गए। तीनों की हालत बिगड़ गई। उपद्रव देख लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह, एसीपी कैंट समेत कई थानों का पुलिस बल पहुंचा। पुलिस को देखकर राम सागर और भड़क गया। वह ईंट फेंक कर मारने लगा। पुलिस ने खुद को बचाया। इसके बाद एसीपी ने उसे समझा बुझाकर शांत कराया। राम सागर बांका और चापड़ आपस में रगड़कर लोगों को डरा रहा था। वह कह रहा था कि उस पर कई आत्माएं सवार हैं। आत्माएं उससे खून मांग रही हैं। उसे खून चाहिए। वह किसी को मार कर खून आत्माओं को देगा।

# डार्क हाउस कैफे पर पुलिस ने मारा छापा, तीन गिरफ्तार




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मड़ियांव इलाके में कैफे की आड़ में हुक्का बार चलाया जा रहा था। डार्क हाउस कैफे में अवैध रूप से हुक्का पिलाने की सूचना पर मड़ियांव थाना पुलिस ने छापेमारी की। जहां से पुलिस ने संचालक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। यहां पर युवाओं के साथ नाबालिगों और युवतियों को हुक्का के नाम पर नशा परोसा जा रहा था। जिसकी कई दिनों से थाने में शिकायत मिल रही थी। मड़ियांव थाना इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया कि पुलिस टीम ने हुक्का बार में छापेमारी कर 6 हुक्के, 4 तंबाकू के पैकेट, फ्लेवर तंबाकू का डिब्बा और 15 सौ रुपए नगद बरामद किए। साथ ही मौके से कैफे के संचालक आशीष सिंह, सहयोगी आदर्श वर्मा और हुक्का लगाने वाले प्रियांशु सिंह को गिरफ्तार किया गया। वहीं नाबालिग बच्चों को हिदायत देकर परिजनों के हवाले कर दिया गया। जब पुलिस टीम ने कैफे में छापेमारी की तो संचालक समेत कर्मचारी छिप गए। जिसके बाद पुलिस ने तलाशी अभियान चलाकर ग्राहक और कर्मचारियों को अलग-अलग करने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की।

**भूटानी ग्रुप के ठिकानों पर ईडी का छापा:** देश की चर्चित रियल एस्टेट कंपनी बिल्डर और भूटानी ग्रुप से जुड़े कुछ आरोपियों/कंपनियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन जारी है। यह कार्रवाई दिल्ली, लखनऊ, नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम समेत कई शहरों में चल रही है। सूत्रों के मुताबिक, संबंधित एजेंसियां वित्तीय अनियमितताओं और अन्य मामलों की जांच कर रही हैं। लखनऊ में यह सर्च ऑपरेशन शहीद पथ स्थित भूटानी लखनऊ प्रोजेक्ट पर भी जारी है। अधिकारियों ने अब तक इस छापेमारी से जुड़ी विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है, लेकिन यह कार्रवाई बड़े पैमाने पर हो रही है। देश की बड़ी रियल एस्टेट कंपनियों में शामिल भूटानी ग्रुप प्रोजेक्ट्स है कंपनी अब तक 9 मिलियन स्क्वायर फीट से ज्यादा निर्माण कर चुकी है और इसके 74 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं। भूटानी ग्रुप का नाम आधुनिक कमर्शियल और रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट्स के लिए जाना जाता है।

## नाबालिग को होटल में लेजाकर युवक ने किया रेप, पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

लखनऊ। नौकरी दिलाने के बहाने होटल ले जाकर नाबालिग से रेप करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया। बुधवार को पीड़िता की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने 24 घंटे में आरोपी को पकड़ लिया।

गोमतीनगर विस्तार निवासी महिला ने ने बताया कि उनकी नाबालिग बेटी को मकदूमपुर का रहने वाला विशाल रावत ( 20 ) पुत्र गुड्डू रावत नौकरी के नाम पर अपने साथ लेकर गया था। जहां एक होटल में ले जाकर नशीला पदार्थ देकर उसके साथ रेप किया। नाबालिग का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने लगा। इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी की तलाश शुरू की गई। पुलिस के आने की सूचना पर आरोपी विशाल फरार हो गया। जिसे पकड़ने के लिए 5 टीमों को लगाया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी बिना मोबाइल के फरार हुआ। जिसकी वजह से उसकी लोकेशन ट्रैक करने में काफी दिक्कत आई। इसके बाद मुखबिर की मदद से आरोपी को गिरफ्तार किया। कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

# आईपीएस अधिकारी से पांच लाख की ठगी




विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्लॉट बेचने का झांसा देकर प्रयागराज पुलिस मुख्यालय में तैनात डीआईजी रैंक के अधिकारी से 5 लाख की ठगी की गई। पीड़ित ने रोहतास प्रोजेक्ट लिमिटेड और आरोपित पति-पत्नी के खिलाफ हजरतगंज थाने में मंगलवार देर शाम रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक पीजीआई वृंदावन आवास योजना निवासी राधेश्याम पुलिस विभाग में डीआईजी रैंक के अधिकारी हैं। वह इलाहाबाद पुलिस मुख्यालय में तैनात हैं। पीड़ित ने बताया कि हजरतगंज इलाके में स्थित रोहतास प्रोजेक्ट लिमिटेड के जरिए इंदिरानगर निवासी विवेक खुल्लर और उनकी पत्नी नीलिमा ने इंदिरानगर इलाके में स्थित एक प्लॉट रिसेल में बेचने का दावा किया था। पीड़ित ने 4 अगस्त 2017 में प्लॉट खरीदने के लिए दो बार में करीब पांच लाख रुपए आरोपितों को दिए। आरोपितों ने उसी दिन प्लॉट का नामांतरण पीड़ित के भाई घनश्याम के पक्ष में कर दिया। बकाया पैसा देकर प्लॉट पर कब्जा करने का आश्वासन दिया। पीड़ित के मुताबिक 7 वर्ष बाद भी उन्हें प्लॉट पर कब्जा नहीं मिला। आरोपित पति-पत्नी घर छोड़कर भाग निकले। जानकारी करने पर पता चला कि फर्म ने योजना बंद कर दी है। पीड़ित ने आरोपितों के खिलाफ हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

**खुद को पुलिस कर्मी बताकर महिला के उतरवाए जेवरात:** गाजीपुर थाना क्षेत्र में बाइक सवार टप्पेबाजों ने महिला के जेवर उतरवा लिए। महिला घर से भूतनाथ मार्केट जा रही थी। रास्ते में ई-रिक्शा रुकवाकर टप्पेबाजी की गई। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। सेक्टर-12 इंदिरा नगर की निवासी दीपा बंसल पत्नी अमित कुमार बंसल 20 फरवरी को सुबह 10 बजे अपने घर से निकली थी। झूलेलाल भवन के पास मास्क लगाए एक अज्ञात व्यक्ति मोटर साइकिल से पीछा करने लगा। महिला ओलंपिया जिम के पास ई-रिक्शा में भूतनाथ जाने के लिए सवार हो गई। कलेवा रेस्टोरेंट से आगे पहुंची तभी बाइक सवार ने गाड़ी आगे लगाकर ई-रिक्शा रुकवा लिया। टप्पेबाज कहने लगा आप लोग पेपर नहीं पढ़ते। मैं पुलिस वाला हूं। लूट की इतनी घटनाएं हो रही। अपने जेवर उतारकर रूमाल में रख लीजिए। उसी ने अपने एक पेपर में 5-5 ग्राम की दो अंगूठी, 15-15 ग्राम की दो चूड़ियां, 15 ग्राम की एक चेन उतरवाकर रखवा दी। एक कागज की पुड़िया थमाकर बोला कि इसमें सारे जेवर हैं, इसे पर्स में रख लीजिए। महिला ने बताया कि इतना धमकी दे चुका था कि वो डर की वजह से बिना देखे पुड़िया पर्स में रख ली। भूतनाथ पहुंचने पर पुड़िया निकाली तो उसमें पत्थर और कांच के टुकड़े थे। फिर घर जाकर पूरी बात अपने पति को बताई। इंस्पेक्टर गाजीपुर ने बताया कि केस दर्ज करके पुलिस टीमें आरोपियों की तलाश कर रही है।

## डैश बोर्ड से मोबाइल चोरी

लखनऊ। सरोजनी नगर इलाके में एक युवक का डैश बोर्ड पर रखा मोबाइल चोरी हो गया। मोबाइल धारक ने मोबाइल फोन चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया है। सरोजनी नगर के स्कूटर इंडिया अशोक लीलैंड मैन गेट के सामने निवासी सौरव चंद्रा पुत्र साजीवान लाल ने पुलिस को बताया कि बीती 24 फरवरी को साढ़े पांच बजे स्कूटर इंडिया चौराहे की ओर जा रहा था।

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र दीपक कुमार व पुत्रवधू राधा कुमारी को उनका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **सरला देवी पत्नी स्वर्गीय सुरेन्द्र कुमार नि.- डी-1/49, सेक्टर-एच, जानकीपुरम, थाना गुडम्बा, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट सं. U417533 में त्रुटिवश माता का नाम नगमा अफरोज दर्ज है, जबकि उनके आधार कार्ड व पैनकार्ड में उनका सही नाम नगमा खालिद दर्ज है। मेरे पासपोर्ट में भी माता का सही नाम ही दर्ज किया जाये। **निदा खालिद पत्नी मोहम्मद जुहैब खाँ नि.- 67 मिर्जागंज पूर्वी कस्बा मलिहाबाद जनपद लखनऊ।**

**आवश्यकता**

**श्री निषादराज अखण्डानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किटियावाँ, शाहगढ़ जिला-अमेठी**
**आवश्यकता है-**
परास्नातक स्तर पर एम.ए. पाठ्यक्रम में (चित्रकला, भूगोल, एवं हिन्दी) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता-02 पद : योग्यता एवं वेतनमान-यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्व. हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
**प्रबन्धक-शिव प्रसाद कश्यप**
**मो.नं.-9415177976**

# भू-माफियाओं पर गैंगस्टर व गुंडा एक्ट लगाने की मांग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ग्राम बेहटा, थाना काकोरी निवासी अंकित लोधी जी के आवास पर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की और गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मृतक की माँ विजयलक्ष्मी जी को आश्वस्त किया कि पीड़ित परिवार को हरसंभव न्याय दिलाने के लिए वे पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। ज्ञात हो कि 19 फरवरी 2025 को भू-माफियाओं ने अंकित लोधी की निर्मम हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड में शामिल चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि शेष की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

विधायक ने स्पष्ट किया कि इस जघन्य अपराध में कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव ( गृह ) को पत्र लिखकर हत्या के मुख्य गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही, उन्होंने आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट निरुद्ध कर उनकी संपत्ति जब्त करने और गुंडा एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई कर उन्हें जिला बदर करने और की मांग भी की है। विधायक ने इस प्रकरण में आरोपियों को प्रश्रय देने वालों की भी गहन जांच कराने का आग्रह किया है। अपने पत्र में उन्होंने लिखा कि भू-माफियाओं के आतंक को रोकना अत्यंत आवश्यक है। भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जे, संपत्ति अर्जन और हत्याओं की दुखद घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने प्रशासन से तत्काल और कठोरतम कार्रवाई की मांग की है।

विधायक का स्पष्ट मानना है कि, सरोजनीनगर में ऐसे अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। प्रशासन को तत्काल सख्त कार्रवाई करनी होगी ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। इस दौरान श्राजेश सिंह चौहान, शिव शंकर सिंह शंकरी, रामा शंकर त्रिपाठी, मनीष द्विवेदी, राजेंद्र सिंह राजू , रेखा राजपूत, श्याम मनोहर लोधी, ब्लॉक प्रमुख सुनील रावत, लवकुश रावत, के एन सिंह, पवन सिंह, सोनू माली, राज कुमार लोधी, संजय लोधी, मंडल अध्यक्ष शिव बक्श सिंह, विवेक राजपूत, रामेन्द्र लोधी, शिव नंदन लोधी, सुशील रावत, अनिल लोधी, सुशील पाल, धमेंद्र पाल, राम शरण प्रजापति सहित अन्य भाजपा नेता व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# चोरी करते 2 युवकों को कम्पनी के कर्मचारियों ने दबोचा

**लखनऊ।** बंथरा इलाके में स्थित एक कम्प्नी में चोरी कर रहे दो युवकों को कम्पनी के कर्मचारियों ने दबोच लिया। पकड़े गए चोरों की पहचान बंथरा के लोनहा निवासी सुमित पाल और आकाश के रूप में हुई है। फरार हुए चोरों के नाम मोहित और पवन बताए गए हैं। चोरों के पास से लोहा लदा डीसीएम वाहन भी बरामद किया गया है। पीएनसी कंपनी के सिक्योरिटी सुपरवाइजर सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि वे अपनी टीम के साथ निमार्णाधीन फ्लाईओवर की पेट्रोलिंग कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने चारों आरोपियों को एमएस प्लेट लोड करते देखा। सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो चोरों को पकड़ लिया। बाद में दोनों चोरों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। बंथरा पुलिस ने सिक्योरिटी सुपरवाइजर की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। चोरी का लोहा और डीसीएम वाहन पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

**नशे में धुत होकर की मारपीट:** बंथरा इलाके में एक युवक को तीन अज्ञात साथियों के साथ नशे में धुत होकर गाली गलौज करते हुए लात घुसो से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी भी दी। इससे परेशान होकर पीड़ित ने थाने पर आरोपियों के खिलाफ गाली गलौज और मारने पीटने के साथ जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना बंथरा के कटी बगिया के साई मंदिर के पास निवासी मोनू अरोड़ा पुत्र सुभाष चंद्र अरोड़ा ने पुलिस को बताया कि घर से कुछ दूर साई मंदिर के पास 26 फरवरी 25 को समय करीब चार बजे दिन में कटी बगिया निवासी जितेंद्र कुमार रावत एवम उसके तीन अज्ञात साथियों में नशे में धुत होकर अनायास ही गाली गलौज करना शुरू कर दिया।

## पुलिस ने लूट के आरोपी को किया गिरफ्तार

लखनऊ। बिजनौर इलाके में पुलिस ने लूट के आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी को जेल भेज दिया। थाना बिजनौर के नतकुर निवासी रोशन जमीर पुत्र नासिर अली के खिलाफ बिजनौर थाने पर लूट का मुकदमा दर्ज है। जिसकी खोज की जा रही थी। आरोप है की विशाल साहू पुत्र राकेश साहू निवासी नटकुर , थाना बिजनौर के साथ आरोपी ने मारपीट कर कनपटी पर कट्टा रख कर मोबाइल लूटने की घटना को अंजाम दिया था। जिसे गुरुवार को नटकुर पुलिया के पास पैरा डाइज लान के पास से साढ़े 12 बजे गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त से पूंछने पर बताया की विशाल ने डेढ़ महीने पहले 10 हजार लिए थे। को दे नहीं रहा था। हमे फोन करके बुलाया और कट्टा कनपटी पर रख कर डरा कर मोबाइल छीन लिया था। अभियुक्तबके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था।

## पी एन सी कंपनी का 40 किलो एमएस प्लेट चोरी करते पकड़ा

लखनऊ। थाना बंथरा इलाके में एक चोर को पी एन सी कंपनी का 40 किलो एम एस प्लेट चोरी करते हुए सिक्योरिटी सुपरवाइजर ने पकड़ लिया और दो साथी मौके से भाग निकले। सिक्योरिटी सुपरवाइजर ने थाने पर तहरीर देकर चोर के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। सतेंद्र वर्मा पुत्र काली सहाय निवासी कोकला तिवारी का पुरवा जनपद अयोध्या ने पुलिस को बताया कि मै पी एन सी कंपनी में सिक्योरिटी सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हूं। बंथरा में निमार्णाधीन फ्लाईओवर में कार्यरत हूं। 27 फरवरी को 1,40 बजे पेट्रोलिंग करते समय पी एन 87 पर गाड़ी एम एस प्लेट 40 किलो का लोड करते हुए सुमित पुत्र हाकिम पाल वा आकाश पुत्र सोनू , मौके पर पकड़े गए। बाकी मोहित और पवन मौके पर से भाग निकले। सतेंद्र तिवारी ने थाने पर चोरी करते हुए चोरों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है।

## घर के सामने खड़ी मोटर साइकिल जलाया

लखनऊ। थाना बंथरा इलाके में एक युवक की मोटर साइकिल घर के सामने खड़ी थी। जिसे अज्ञात लोगों द्वारा आग लगा कर जला दिया। बावजूद इसके बाइक मालिक ने थाने पर बाइक जलाने का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना बंथरा के अंबेडकर नगर शिवपुरा निवासी धीरज कुमार पुत्र प्रेम शंकर ने पुलिस को बताया कि मेरी मोटर साइकिल मेरे घर के सामने खड़ी थी। जिसे रात्रि में किसी अज्ञात लोगों द्वारा आग लगा कर जला दिया। जब सुबह जग कर मौके पर आया और देखा की मेरी मोटर साइकिल जली पड़ी हुई है। जिसे देखते ही उसके होश उड़ गए और घटना की शिकायत थाने पर देकर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## नगराम थाने पर आगामी त्योहार को लेकर पीस मीटिंग सम्पन्न

लखनऊ। आगामी दिनों पड़ने वाले त्यौहारों होली व रमजान पर इलाके में शांति सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार दोपहर बाद एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा द्वारा थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी के साथ नगराम थाना परिसर में इलाके के धर्म गुरुओं ग्राम प्रधान व संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी बैठक का आयोजन कर आगामी त्यौहार शांति व सौहार्द पूर्वक मनाने की अपील की गई। वहीं अफवाहों से दूर रहने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर न फैलाने हेतु निर्देशित करते हुए, होली में नशे का सेवन न करने की अपील की गई। ए सी पी ने बताया कि त्योहार में खलल डालने वाले उपद्रवियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक मोहम्मद नाजिम अली उपनिरीक्षक नारायण प्रसाद दुबे उपनिरीक्षक प्रवेंद्र कुमार उपनिरीक्षक अनुज भाटी विजय सिंह उपनिरीक्षक उपेंद्र यादव उपनिरीक्षक संजय सिंह समेत ग्राम प्रधान व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# दहेज उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना का दर्ज कराया मुकदमा




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनी नगर इलाके में एक विवाहिता ने ससुराली जनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न , मानसिक प्रताड़ना और शारीरिक उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की पड़ताल कर रही है।

सरोजनी नगर के ब्लॉक कालोनी निवासी श्वेता निषाद ने पुलिस को बताया कि मेरी शादी अनिल कुमार कश्यप पुत्र लल्लू कश्यप निवासी कचहरी रेलवे स्टेशन रोड सिविल लाइंस पाठवलिया गोंडा के साथ 10 जून 2022 को हुई थी। लेकिन शादी के बाद रिसेप्शन के दिन ससुराल वालो और अनिल की मांगे बढ़ती गई। मांग के अनुसार विवाहिता की माता ने बंगलौर जाकर सभी जरूरत का सामान विवाहिता के पति को दिलवाया। जरूरत के समान में फ्रिज , टी वी, वाशिंग मशीन, गाड़ी का ट्रांसफर आदि शामिल है। आए दिन विवाहिता को मारने पीटने लगा। कुछ समय बाद पति विवाहिता को चेचक निकल आई और बुखार में बहुत मारता पीटता था और संबंध बनाता था। विवाहिता जब ससुराल में थी तब जेठ सुनील कश्यप विवाहिता श्वेता कश्यप पर बुरी नजर रखते हुए रात में उसके कमरे में घुस जाता था। आपत्तिजनक नजर रखते हुए इधर उधर छूने की कोशिश करता। विवाहिता इसके लिए अपने पति और भाभी से भी कहा तो कहा कोई बात नहीं जेठ ही तो है जो चाहते है वह दे दो। विवाहिता ने कहा की में अपने चरित्र के साथ कोई समझौता नहीं कर सकती। घर के लिए कार, भाभियों के लिए सोने का सेट , गोंडा वाले घर का पूरा सामान की मांग करते हुए बुरी तरह मरते पिटते है। विवाहिता श्वेता ने पुलिस को तहरीर देकर ससुराली जनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## दबंगों ने युवक को जमीन छोड़ने के लिए धमकाया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा इलाके में एक युवक को 15 ,20 लडको के साथ आकर मुझे धमकाया और जमीन छोड़ने के लिए दबाव बना रहे है। यही नहीं इसके अलावा गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित परेशान होकर थाने पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की पड़ताल कर रही है। थाना बंथरा के बंथरा कस्बा निवासी हरिकेश सिंह ने पुलिस को बताया कि मेरे द्वारा 20 फरवरी 21 को उम्मेद खेड़ा में एक हजार स्कवार फूट की जमीन शिव शंकर से रजिस्ट्री करवाई थी। जब मैं उस जमीन पर मकान बनाने के लिए काम शुरू करवाया उसी समय संजीव कुमार मिश्रा पुत्र अरुण मिश्रा निवासी अद रुख कालोनी बंगला बाजार थाना आशियाना द्वारा यहां चार गाड़ियों से 15 ,20 लोग साथ में आए और मुझे धमकाया और जमीन छोड़ने के लिए का दबाव बनाया। यह घटना 25 फरवरी 25 की है आरोप है की वह खुद उस जमीन पर कब्जा करना चाहते है। ऐसे कई प्रकरण सरोजनी नगर थाने पर भी हुए। जबकि कभी किसी ने अब तक कोई आवाज नहीं उठाई। इसके चलते क्योंकि आदमी उनसे डरता है। ये लोग गली गलौज करते हुए कहते है की जमीन छोड़ दो नही तो जान से मार दूंगा। इससे परेशान होकर पीड़ित ने थाने पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# फिल्मों में भाषा का गिरता स्तर बहुत चिंताजनक : इमरान खान



- अपनी भाषा के दम पर ही हमारे साहित्य का स्थान सर्वोपरि
- हिंदी उर्दू कॉनक्लेव "जश्न 2025" आयोजित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ**। 'हमारे साहित्य में अपनी भाषा का स्थान हमेशा से सर्वोपरि रहा है' ये बात विभूति खंड गोमती नगर में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कही। उर्दू अकादमी के ऑडिटोरियम में हिंदी उर्दू कॉनक्लेव "जश्न 2025" का आयोजन किया गया। फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इस दौरान उन्होंने वक्ताओ ने कहा कि हमारी जुबान हमारी ताकत है। आज पहले सत्र की शुरूआत सहाफत,पत्रकारिता विषय से हुआ जिसमें सुशील दुबे, डॉ एस एस हासमी व जुबैर अहमद ने आधुनिक दौर की पत्रकारिता में भाषा के योगदान पर चर्चा की। अगले सत्र फिल्म विषय पर बोलते हुये फिल्म बिग ब्रदर , भगत सिंह फेम अभिनेता इमरान खान ने फिल्मो में भाषा के गिरते हुये स्तर चिंता जताई। इस दौरान कियारा खन्ना के संयोजन में इशिका अरोरा, योगेश त्रिपाठी, मंजुल आजाद ने भी विचार व्यक्त किये।

वही राजनीति में भाषा विषय पर वामिक खान के संयोजन में प्रदीप सिंह बब्बू, दीपक रंजन, रोहित अग्रवाल, डॉ अर्चना ने अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम के अगले प्रसून में अदब टॉपिक पर बोलते हुये अतहर नवी, सिराज मेहदीने अपना पक्ष रखा। मनीषा पाण्डेय के संयोजन में कानून मुद्दे पर बोलते हुए प्रमीला मिश्रा, सलाहुद्दीन शिबू ने पुरानी कानूनी भाषा हिंदवी में बदलाव पर रोष व्यक्त किया। कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाने में प्रिंस आर्या, आरिफ, सूफियान,जया सिंह, सात्विक, वैष्णवी दुबे, भूमि गुप्ता, सौम्या श्रीवास्तव आदि ने योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन सोनिया पाहवा ने किया।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का हुआ सम्मान

- रानी लक्ष्मी बाई व बेगम हजरत महल अवार्ड 2025
- मुशायरा व गजल की सजी महफिल




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ**। अपने अपने क्षेत्र में विशेष मुकाम हासिल कर चुकी महिलाओं को रानी लक्ष्मी बाई व बेगम हजरत महल अवार्ड 2025 देकर समानित किया गया। उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित समारोह को उर्दू अकादमी में आयोजित किया गया।

सम्मानित की गई महिलाओं में इंटरप्रान्योर, उद्यमी कटेगरी में हुमा फातिमा, बबिता अग्रवाल, महजबी बनो, पत्रकारिता के क्षेत्र में सोनिआ पहवा, समाज सेवा के लिये लक्ष्मी आर्य, नाजिया हसन, रूबी राज सिन्हा, सिखा सिंह, हलीमा अजीम, ईशा रिजवी, रश्मी सिंह को तथा फिल्म के क्षेत्र से वैष्णवी दुबे, दामिनी सिंह को एडवोकेसी व विधि के क्षेत्र से अस्मा हाशिम को बिजनेस, व्यपार के क्षेत्र से कोमल महेंद्रु, ऋचा त्रिपाठी, संस्कृति मिश्रा को जबकि एजुकेशन शिक्षा के क्षेत्र से कृतिका माल्होत्रा, फिरदौस सिद्दकी, नेहा श्री श्रीवास्तव, डॉ ऋतू जैन, डॉ शिवानी कालरा, शिखा सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत मे मुशायरा व गजल की महफिल सजाई गई। इसके अंतर्गत शकील गयावी, फारूक आदिल, सलीम ताबिश, प्रिया सिंह, व कारी नईम मंजर ने अपने कलाम पढ़े। उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट एसोसिएशन के वामिक खान ने आये हुये अतिथियों का स्वागत किया।

# तीन दिवसीय श्री श्याम निशानोत्सव आज से




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ**। श्री श्याम ज्योत मंडल का 42वां श्री श्याम निशानोत्सव ऐशबाग के तिलक नगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क, लखनऊ में धूमधाम से मनाया जाएगा।

तीन दिवसीय श्याम निशानोत्सव की शुरूआत 28 फरवरी को कोलकाता के संजय पारीख, संजय शर्मा, अनमोल शुभम और 1 मार्च को कोलकाता के रवि बेरीवाल, अवि एवं प्रदीप आशीर्वाद, संजय शर्मा श्याम भक्तों के महाकुंभ में बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। श्री श्याम ज्योत मंडल सदस्यगण राजस्थानी पगडी में नजर आएगे। इस बात की जानकारी प्रेसवार्ता में मंडल समिति के अध्यक्ष श्रवण कुमार, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल और मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने संयुक्त रूप से दी। संरक्षक भारत भूषण, उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल और सुरेश कंछल ने बताया कि इस बार ८ मोरे वाले विशाल खम्भों पर 50 फिट ऊंचा और 111 फिट चौड़े राजस्थानी किला के राजदरबार से बाबा श्याम का दर्शन श्याम भक्त कर सकेंगे। भव्य श्याम दरबार का निर्माण कार्य गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड होल्डर कोलकाता के असीम मात्या व सहयोगी कारीगारों द्वारा किया जा रहा है। श्याम दरबार को सुशोभित करने में तलवार टेंट के अमन तलवार एवं अवस्थी लाइट एंड सांउड बाबा के चरणों अपनी सेवा सर्मपित कर रहे है।

कानपुर के बाजोरिया से श्याम निशान आये है एवं दिल्ली से सचिन जी द्वारा खाटू नरेश की छवि लाई गई है। मुकेश अग्रवाल एवं मनीष अग्रवाल ने बताया कि रविवार 2 मार्च को श्री श्याम सतरंगी ध्वजा यात्रा तिलकनगर से प्रारंभ होकर बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री खाटू धाम मंदिर पर भक्तगण बाबा श्याम को निशान अर्पित करेंगे। शोभायात्रा एवं भक्तों के महाकुंभ भजन संध्या का सजीव प्रसारण सोशल मीडिया चैनलों पर किया जाएगा। भक्तों के लिए सेल्फी कार्नर भी बनाएगे है। सचिन और मुकेश ने बताया कि मंगलवार 4 मार्च को बाबा श्याम का निशान लेकर बस से खाटूधाम यात्रा के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां बाबा श्याम का निशान चढ़ाया जाएगा। अशोक तथा मोती कंछल ने बताया कि सामाजिक सेवा कार्यों के क्रम में मंडल समिति ने रविवार 13 अप्रैल को सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजन महाराजा अग्रसेन विद्यालय, मोतीनगर लखनऊ में किया जाएगा। इस प्रेसवार्ता में अध्यक्ष श्रवण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल, संरक्षक भारत भूषण, उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सुरेश कंछल, सदस्य मुकेश अग्रवाल, विवेक गोयल, योगेंद्र, सचिन, मुकेश मौजूद रहे।

### बाबा श्याम छवि का हुआ भव्य स्वागत

**लखनऊ**। श्री श्याम ज्योत मंडल की ओर से ऐशबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में 28 फरवरी शुक्रवार से शुरू होने वाले तीन दिवसीय 42 वां श्री श्याम निशानोत्सव की शुरूआत हो चुकी है। इसी क्रम में गुरुवार को बाबा श्याम की छवि ( शीश ) दिल्ली से लक्ष्मणनगरी चारबाग स्टेशन पहुंची। जहां शीश के दानी की छवि के स्वागत के लिए सैकड़ों श्याम भक्त मौजूद थे। मंडल के मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने बताया कि चारबाग से श्याम छवि को ऐशबाग स्थित श्याम ज्योत मंडल के कार्यालय लाया गया। ऐशबाग से श्याम प्रेमी श्रवण अग्रवाल अपने सिर पर बाबा श्याम का शीश रखकर हारे के सहारे की जय हो, कलयुग के अवतारी की जय हो जयकारे के बीच, ढोल नगाड़ों की धुनों पर नाचते गाते, रंग गुलाल उड़ाते और पुष्प वर्षा करते हुए सैकड़ों महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे मंडल कार्यालय ऐशबाग तिलक नगर की ओर चल पड़े, जहां बाबा श्याम की छवि को एक दिन के विश्राम कराया जाएगा। 28 फरवरी को खाटू श्याम के राजस्थानी दरबार में बाबा की छवि भक्तों के दर्शन के लिए सुशोभित की जाएगी। प्रतिवर्ष सचिन गोयल बाबा की छवि दिल्ली से लखनऊ लाते है। यह छवि बहुत ही सिद्ध होती है। इस छवि के आगे शीश झुकाने से हर अक्त मुराद पूरी हो जाती है। इस छवि की धार्मिक विशेषता यह है कि इसे प्रत्येक एकादशी को खाटू स्थित पवित्र श्याम कुण्ड में स्नान कराया जाता है और एक रात के लिए खाटू श्याम के मंदिर में बाबा श्याम के संग रखा जाता है। इससे छवि में बाबा की शक्ति का संचार होता है। ऐसी सिद्ध छवि के दर्शन करने से भक्तों को वही सुख का अहसास मिलता है जो उन्हें खाटू धाम में जाकर मिलता है।

# आज देखा जायेगा रमजान मुबारक का चांद



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। माह-ए-रमजान का चांद शुक्रवार को देखा जाएगा। चांद दिखने पर पहला रोजा एक मार्च को होगा नहीं तो दो मार्च को होगा। चांद दिखने के साथ ही सभी मस्जिदों में तरावीह की नमाज शुरू होगी।

रमजान में तरावीह नमाज का विशेष महत्व है। तरावीह में बीस रकात नमाज अदा की जाती है। सभी मस्जिदों में तरावीह की नमाज विशेष रूप से अदा की जाती है। ज्यादातर मस्जिदों के लिए हाफिज-ए-कुरआन तय हो चुके हैं। साथ ही इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया से तमाम मस्जिदों में पारे और समय की घोषणा कर दी गई है। शहर की अधिकांश मस्जिदों में ईशा यानी रात की नमाज आठ बजे होगी। इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी ने कहा कि तरावीह की नमाज मर्द व औरत सबके लिए सुन्नत है। तरावीह की नमाज पूरे माह-ए-रमजान में पढ़नी है। रमजान में तरावीह नमाज के दौरान एक बार खत्मे कुरआन करना सुन्नत है। दो बार खत्म करना अफजल हैं। तीन बार कुरआन मुकम्मल करना फजीलत माना गया है। ऐशबाग ईदगाह में औरतों की तरावीह की नमाज के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

**चांद देखने की अपील:** मरकजी चांद कमेटी फरंगी महल के सदर एवं इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने तमाम मुसलमानों से अपील की कि वह 28 फरवरी रमजानुल मुबारक के चांद देखने का एहतिमाम करें। चांद देख कर कमेटी के अध्यक्ष को गवाही दें या इस सिलसिले में 9415023970 9335929670, 9415102947, 9839313602, 9889911119 9839132548 7376952721, 9140427677 इन नम्बरों पर सूचना दें। मरकजी शिया चांद कमेटी अध्यक्ष मौलाना सैय्यद सैफ अब्बास नकवी ने लोगों से अपील की है कि 28 फरवरी को रमजान का चांद देखनें की कोशिश करें। अगर चांद दिखाई देता है तो इन नम्बरों पर 9839097407, 9415784680, 9651623004, 7905912573, 9621168661,9415580936 बताएं।

### मस्जिद का नाम कितने पारे समय

- जामा मस्जिद ईदगाह – पांच पारे – 8 बजे
- मस्जिद नदवा – सवा पारे – 8:15
- मस्जिद दरगाह शाहमीना पांच पारे – 8 बजे
- मस्जिद तकवियतुल ईमान, नादान महल रोड तीन पारे – 8 बजे
- दरगाह हाजी हरमैन, मेडिकल कॉलेज तीन पारे – 8 बजे
- मस्जिद राईन, तरकारी मण्डी पांच पारे – 8 बजे
- मुमताज मस्जिद मलेशे मऊ दो पारे – 7:45 बजे
- चांद वाली मस्जिद तालकटोरा तीन पारे – 8 बजे
- मस्जिदद कादर खां, तालकटोरा तीन पारे – 8 बजे
- मस्जिद इब्राहिमी, गली मीर माता तीन पारे – 8 बजे
- मस्जिद हमजा कंघी वाली गली दो पारे–7:45 बजे
- मस्जिद हकीम साहब, कंघी वाली गली दो पारे – 8 बजे
- दरगाह वाली मस्जिद, उजरियाव दो पारे–8:15 बजे
- मस्जिद बर्फखाना मलेरिया चौकी दो पारे – 8 बजे

मस्जिद हमजा जलालपुर तीन पारे – 8 बजे

# कथक और भरतनाट्यम की भव्य प्रस्तुति ने समां बांधा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ**। रमा ग्रामीण विकास संस्थान, देवरिया उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित तथा उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से भारत के विभिन्न प्रकार के नृत्यों की विविधता के प्रचार पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन मोहन सिंह बिष्ट सभागार, उत्तराखण्ड महापरिषद भवन कुर्माचल नगर लखनऊ में आज आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि एडवोकेट विनय कुमार दुबे सदस्य हिंदी सलाहकार समिति गृह मंत्रालय भारत सरकार ओर दीवान सिंह अधिकारी अध्यक्ष श्री रामलीला समिति एवं नित्यानन्द शर्मा पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार तथा हरीश चन्द्र पंत अध्यक्ष, उत्तराखण्ड महापरिषद तथा वरिष्ठ पत्रकार श्री चन्द्रकिशोर शर्मा के कर कमलो द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया।

गणेश वंदना एवं माँ सरस्वती की स्तुति के साथ भारतीय लोक नृत्य कथक और भरतनाट्यम की भव्य प्रस्तुति, भारत की सांस्कृतिक विरासत में नृत्य की एक अनूठी पहचान है, जिसमें कथक और भरतनाट्यम विशेष रूप से अपनी शास्त्रीयता, सौंदर्य और भाव-भंगिमाओं के लिए प्रसिद्ध हैं। यह विशेष प्रस्तुति भारतीय कला की इस समृद्ध परंपरा को कलाकारों ने मंच पर जीवंत किया। कामिनी एवं विशाल के निर्देश न में कृष्ण लीला पर आधारित राधा-कृष्ण मयूरी लोक नृत्य जो मोर पंख की सुंदरता और मयूरी के सौंदर्य को दर्शाने वाला विशेष लोकनृत्य की प्रस्तुति। कृष्ण लीला भारतीय संस्कृति और अध्यात्म का एक अद्भुत स्वरूप है, जो श्रीकृष्ण के प्रेम, बालपन, और दिव्य लीलाओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत करता है। इस प्रस्तुति में राधा-कृष्ण की प्रेम कहानी को मयूरी लोक नृत्य के माध्यम से दर्शाया गया, जो अपनी मोहक मुद्राओं और रंग-बिरंगे परिधानों के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया। पारम्परिक अवधी लोकनृत्य-जन्मे अवध में राम की सुन्दर प्रस्तुति और फागुनवा में रंग बरसे पर अवधी लोक नृत्य अवध क्षेत्र की माटी की महक को संजोए इस नृत्य ने ग्रामीण जीवन की सरलता और उल्लास को दर्शाया। कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में अपनी भाव-भंगिमाओं और लयबद्ध पदचाप के साथ लोक गीतों पर नृत्य कर दर्शकों का दिल जीत लिया। राजस्थान की शान माने जाने वाले कालबेलिया नृत्य में कलाकारों ने साँप जैसी लचीली मुद्राओं के साथ अपनी कला का प्रदर्शन किया, जबकि घूमर नृत्य में रंग-बिरंगे घाघरों की घूमती छवि ने समां बाँध दिया। हर चक्कर के साथ कलाकारों ने उत्साह और सौंदर्य का नया आयाम प्रस्तुत किया। उततराखण्ड के पारंपरिक लोक संगीत के साथ जीवंत नृत्य प्रस्तुति रंग-बिरंगी पोशाकों में सांस्कृतिक समृद्धि की झलक दर्शकों की तालियों के बीच नृत्य की ऊर्जा और उत्साह इन नृत्यों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की विविधता और उसकी जीवंत परंपराओं का सुंदर संगम देखने को मिला, इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय लोक संस्कृति के माध्यम से प्रेम, समर्पण और भक्ति के अद्वितीय स्वरूप को दर्शकों तक पहुँचाना है।

# हिंदी दुनिया की सबसे समृद्ध भाषा : डॉ. सुनील पाठक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




लखनऊ। हिंदी विभाग एवं उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी वैश्विक परिदृश्य में हिंदी का आयोजन गुरुवार को हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सर्वप्रथम छात्राओं द्वारा वंदना गीत की प्रस्तुति की गई उसके बाद आगत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। उसके बाद समन्वयक प्रो. डॉ. नीतू शर्मा अध्यक्ष हिंदी विभाग, ने संगोष्ठी परिचय देते हुए कहा कि किसी देश की संस्कृति और भाषा उसकी पहचान होती है और आज वैश्विकरण के कारण हिंदी भाषा का प्रसार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से बढ़ा है मीडिया, साहित्य, विज्ञापन, हों या वेब सीरीज, हिंदी फिल्म सबने विदेशों में हिंदी को समृद्ध किया है। इसके पश्चात अतिथियों को प्रतीक चिह्न एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया, सर्वप्रथम प्राचार्या प्रो. पैंजी सिंह जी ने अपना वक्तव्य दिया उन्होंने कहा कि हिंदी विश्व की भाषा है हमारी अपनी भाषा है, इसके विकास और उत्थान के लिए हमें सदा प्रयास रत रहना है, इस लिए शोध और उच्च शिक्षा के स्तर पर हिंदी को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

मुख्य वक्ता आदरणीय डॉ सुनील पाठक अखिल भारतीय साहित्य परिषद उत्तराखंड ने अपने वक्तव्य में कंबोडिया साहित्य के प्रचार प्रसार पर चर्चा की, इसके साथ ही ब्राह्मी लिपि पर पीपीटी द्वारा हिंदी के वैश्विकता पर प्रकाश डाला और फादर कामिल बुल्के की राम कथा साहित्य की चर्चा करते हुए उसे वैश्विकता से जोड़ा, विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की हिंदी अध्ययन करते हुए हमें हिंदी को दुनिया की सबसे समृद्ध भाषा समझनी चाहिए। इसके बाद प्रोफेसर रामकृष्ण जी ने हिंदी के वैश्विक रूप पर अपने विचार रखते हुए हिंदी को विश्व व्यापी बताया और फ्रांस और जापान में हिंदी की महत्ता के बारे में बताया, अन्य देशों में हिंदी का महत्व बताते हुए कहते हैं हिंदी किसी न किसी माध्यम से सीखी जा रही है कहीं व्यवसाय के लिए कहीं तो कहीं और अध्ययन के लिए । तत्पश्चात प्रोफेसर श्रुति लखनऊ विश्वविद्यालय ने भी हिंदी के वैश्विकता पर ध्यान आकर्षित करते हुए यह बताया कि भारत के विश्व गुरु बनने की राह पर हिंदी भाषा का योगदान महत्वपूर्ण है, इसके साथ ही प्रवासी साहित्य के माध्यम से गिरमिटिया मजदूरों द्वारा हिंदी के प्रचार प्रसार पर भी बात की ।डॉ प्रणव मिश्रा बी एस एन वी कॉलेज लखनऊ ने अपने वक्तव्य में कहा जनता के हृदय में स्थान बनने से ही जन भाषा के रूप में स्वीकृति मिलती है इसके साथ ही आपने बताया कि 10 जनवरी को हिंदी दिवस 180 देश में मनाया गया इस पर ध्यान आकर्षित करते हुए यह कहा कि यह हिंदी की स्वीकार्यता को दशार्ता है, डॉ राजेंद्र द्विवेदी जी राजकीय महाविद्यालय कुचलाईं सीतापुर ,ने भी हिंदी की स्थिति व्यावहारिक स्तर पर क्या है इस पर चर्चा किया तथा वैश्विक स्तर पर हिंदी की महत्ता बताते हुए कहा हिंदी विश्व के 190 देश में पढ़ाई जा रही है।

# शास्त्रीय संगीत की मोहक धुनों से रौशन हुई शाम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ**। श्रुतिनाद' पं. गणेश प्रसाद मिश्र, संगीत साधना केन्द्र, लखनऊ व स्वर साधना समूह, लखनऊ द्वारा पं. गणेश प्रसाद मिश्र, स्मृति संगीत समारोह का आयोजन बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. विद्याबिन्दु सिंह व श्री आत्म प्रकाश मिश्र द्वारा किया गया। साथ ही विशिष्ट अतिथिगण देवेश चन्द्र सामंत रहे। पद्म श्री डॉ. विद्याबिन्दु सिंह व आत्म प्रकाश मिश्र ने माँ शारदे स्व. पं. गणेश प्रसाद मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। संस्था स्वर साधना समूह की संस्थापिका श्रीमती रश्मि उपाध्याय ने बताया कि 'श्रुतिनाद' पं. गणेश प्रसाद मिश्र, संगीत साधना केन्द्र के गुरु जी डॉ. अंजनी कुमार मिश्र ने अपने सभी शिष्यों को मंचीय प्रदर्शन हेतु विशेष रूप से तैयार किया है। संस्था 'श्रुतिनाद' के संस्थापिका, श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम में 06 वर्ष के बाल कलाकार से लेकर 65 वर्ष के कलाकार (शिष्य) कार्यक्रम में प्रस्तुति दे रहे हैं, जिसमें अत्यधिक महिलाओं ने पूरी तन्मयता से कार्यक्रम में प्रतिभाग किया है। डॉ. अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम में बाल कलाकार के रूप में आराध्य मिश्र, अंश मिश्र, यश सिंह, मानवेन्द्र सिंह, वेदांत देशमानकर, ईशल, अनाईशा, विदिका सिंह, रिद्धिमा ने राग विहाग में दुतख्याल प्यारी प्यारी अंखियां, राधे की सखी व राग खमाज में श्याम सुंदर मदन मोहन की मधुर एवं सुरीली प्रस्तुतियां दीं।

तत्पश्चात आस्था मिश्रा ने राग यमन में बड़ा ख्याल दुत ख्याल, तराना व शिव भजन की प्रस्तुति देकर दर्शक को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा संस्था की 20 वर्ष से लेकर 65 वर्ष तक की शिष्य, कामिनी मिश्रा, यामिनी पाण्डे, शिखा श्रीवास्तव, अर्चना जामजूट, अनुमेहा गुप्ता, कीर्ति सिन्हा, सरिता त्रिपाठी, रश्मि उपाध्याय, बबिता साहू बबिता चतुवेर्दी, ज्योति, मोहिनी, अंशु सिंह, मनीषा बिष्ट, शुभम, नवनीत सिंह, नवनीत तिवारी ने प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष प्रस्तुति सितार वादन की रही, डॉ० अंकुर मिश्र जी द्वारा राग-रागेश्री की यादगार प्रस्तुति की गई, जिसमें उन्होंने कई गीत धुनों को भी बजाया। उसके पश्चात अंतिम प्रस्तुति डॉ. अंजनी कुमार मिश्र एवं डॉ. गरुण मिश्र द्वारा राग जोग में विलम्बित ख्याल, दुत ख्याल, तराना, दादरा एवं होली की बहुत ही सराहनीय प्रस्स्तुति दी गई, साथ में हारमोनियम पर पं. धर्मनाथ मिश्र जी एवं तबला पर मोहित दुबे ने बखूबी साथ निभाया। मंच संचालन अनुमेहा गुप्ता द्वारा किया गया। डॉ. अंजनी कुमार मिश्र जी ने बताया कि 'श्रुतिनाद' पं. गणेश प्रसाद मिश्र संगीत साधना केंद्र के माध्यम से आम जन तक शास्त्रीय संगीत को पहुंचाने का कार्य कर रही है कि जितने भी कलाकार जुड़ें वे सुरों को पक्का करते हुए शास्त्रीय संगीत को आगे बढ़ायें एवं सुरीला कलाकार बनकर प्रतिष्ठित कलाकार स्थापित हो।


## लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.)। पीबीएक्स : 1800 1800 5000, वेबसाइट: www.ldaonline.co.in"

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/ नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड/ फ्लैट संख्या | योजना का नाम | मृत्यु का दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं के नाम | मूल आवंटी (मृतक) से आवेदक के सम्बंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सरला त्रिपाठी | भूखण्ड संख्या– H–1, सेक्टर–1 | शारदा नगर विस्तार | 18.03.2018 | श्री राजीव त्रिपाठी | – | पुत्र |
| 2 | स्व0 रामेश्वर (मृतक) | EWS भवन संख्या 6/135 | सेक्टर–6, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ | 22.01.2020 | श्री अमन<br>श्री अंशुल | – | पोता<br>पोता |
| 3 | कौशल किशोर शुक्ला (मृतक) | भूखण्ड संख्या– 684 | सेक्टर–ओ, बसन्त कुन्ज हरदोइ रोड, लखनऊ | 08.06.2023 | श्री शैलेन्द्र शंकर शुक्ला | गीता शुक्ला बाजपेयी<br>रीता शुक्ला दुबे | पुत्र, विवाहित पुत्री<br>विवाहित पुत्री |
| 4 | श्री सेवा राम अग्रवाल | भवन संख्या– MS-1/4 सेक्टर–ए | सीतापुर रोड | 03.08.2019 | 1. श्रीमती शशी अग्रवाल (पत्नी)<br>2. श्री संजीव अग्रवाल (पुत्र)<br>3. श्री सपन अग्रवाल (पुत्र) | – | पत्नी/पुत्र |
| 5 | स्व0 प्रेमवती व स्व0 भूपेन्द्र कुमार गुप्ता | भूखण्ड संख्या– 1/230 | विराम खण्ड गोमती नगर | 14.11.2014<br>04.05.2021 | श्रीमती मधु गुप्ता | वसीयत के आधार पर | पुत्रवधु/पत्नी |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम–6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव**

# कला की कोई कीमत नहीं होती : समर्थ नारायण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)







**लखनऊ।** स्कूल लीडर्स के लिए आयोजित एक विशेष आर्ट एक्सपो और वर्कशॉप, क्वांटम इम्पैक्ट 2025 में लखनऊ शहर में कला, नवाचार और नेतृत्व का एक असाधारण संगम देखा गया। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम फीनिक्स पलासियो के सहयोग से फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी द्वारा गर्व से प्रस्तुत लखनऊ समकालीन भारतीय कला मेले के साथ साझेदारी में प्रस्तुत किया गया था और शिक्षा में कला के एकीकरण पर सार्थक चर्चा को बढ़ावा देने के लक्ष्य के साथ आयोजित किया गया था। इस अवसर पर डॉ. रूपाली पटेल, श्रीमती भारती गोसाईं, श्रीमती मीना टांगरी और कई अन्य प्राचार्यों सहित 70 से अधिक प्राचार्यों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कला व्यवसाय से जुड़े समर्थ नारायण भी वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे। कला और व्यवसाय के अंतसंबंध पर उन्होंने एक प्रेरक संबोधन में कला और व्यवसाय के बीच विकसित होते संबंधों पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की। नारायण ने इस बात पर जोर दिया कि कला केवल कैनवास पर रंगों के बारे में नहीं है। यह कहानी कहने, रचनात्मकता और बौद्धिक इनपुट के बारे में है। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे कला अभिव्यक्ति का एक सुलभ रूप है जिसके लिए न्यूनतम सामग्री निवेश की आवश्यकता होती है, लेकिन महत्वपूर्ण बौद्धिक और भावनात्मक प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा, कला की कोई कीमत नहीं होती, लेकिन उसका मूल्य उसकी रचना में लगाई गई बौद्धिक गहराई और प्रयास से आता है। नारायण ने उद्यमियों के रूप में कलाकारों की भूमिका पर चर्चा की, उन्हें अपने ब्रांड के निर्माण में सक्रिय कदम उठाने और अपने काम में व्यावसायिक क्षमता को पहचानने के लिए प्रोत्साहित किया। ₹आज कलाकारों को कला के व्यावसायिक पक्ष को समझना चाहिए, क्योंकि यह उन्हें न केवल अपनी कृतियों को साझा करने की अनुमति देता है बल्कि अपने जुनून से आर्थिक रूप से आगे बढ़ने की भी अनुमति देता है। कार्यक्रम में इस बात पर भी चर्चा हुई कि उभरते कला उद्यमी रचनात्मक अभिव्यक्ति और व्यावसायिक सफलता के बीच की खाई को कैसे पाट सकते हैं। समर्थ नारायण के मुख्य भाषण को आधुनिक अर्थव्यवस्था में कला की संभावनाओं का पता लगाने के इच्छुक कलाकारों और व्यावसायिक पेशेवरों दोनों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। कला में संभावनाओं की तलाश करने की जरूरत है और खास तौर पर स्कूलों में छात्रों और अभिभावकों को भी इस तरफ ध्यान आकृष्ट किया जाना चाहिए। कला और मनोविज्ञान के अंतसंबंध पर शिवानी धामा ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से कहा कि शिवांगी विभिन्न युगों में कला की परिवर्तनकारी क्षमता में गोता लगा रही है। प्रस्तुतिकरण निम्नलिखित विषयों पर केंद्रित वक्ता के रूप में शिवानी ने कला और मनोविज्ञान के बीच जटिल संबंधों की खोज करने वाले एक आगामी कार्यक्रम में अपने विचार प्रस्तुत किए। उनकी प्रस्तुति इतिहास भर में कला की परिवर्तनकारी शक्ति और मानव मन पर इसके प्रभाव पर प्रकाश डाला। शिवानी ने अपने अनुभव को प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि

सभी युगों में कला : कला के विकास और समाज पर इसके स्थायी प्रभाव के माध्यम से एक यात्रा। कला में मनोविज्ञानः इस बात का अन्वेषण कि कैसे मनोवैज्ञानिक अवधारणाएँ कला के निर्माण और धारणा दोनों को आकार देती हैं।

न्यूरोएस्थेटिक्स : कला के प्रति मस्तिष्क की प्रतिक्रिया और तंत्रिका विज्ञान के उभरते क्षेत्र की जांच करना जो सौंदर्य अनुभव का अध्ययन करता है। प्रवर्धित मानव क्षमता : कैसे कला मानव रचनात्मकता, विकास और आत्म-अभिव्यक्ति के नए आयाम खोलती है। सौंदर्य संबंधी अनुभव : दर्शकों पर कला के गहरे भावनात्मक और संवेदी प्रभावों पर एक नजर। मुख्य शिक्षाशास्त्रः कला शिक्षा के लिए नवीन दृष्टिकोण का परिचय, गहन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मनोवैज्ञानिक और तंत्रिका वैज्ञानिक अंतर्दृष्टि का सम्मिश्रण। यह सत्र इस बारे में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करने का वादा करता है कि कला मानवीय अनुभव और व्यक्तिगत और सामूहिक परिवर्तन के लिए इसकी क्षमता के बारे में हमारी समझ को कैसे बढ़ा सकती है। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में से एक फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी की संस्थापक और निदेशक श्रीमती नेहा सिंह थीं, जिन्होंने विभिन्न भारतीय राज्यों से प्राप्त कलाकृतियों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। सावधानी से तैयार किए गए कला संग्रह में पारंपरिक से लेकर समकालीन शैलियों तक की विविध प्रकार की अभिव्यक्तियाँ प्रदर्शित की गई, जिससे मेहमानों को क्यूरेटर श्री भूपेन्द्र अस्थाना और राजेश कुमार द्वारा अच्छी तरह से तैयार की गई कला की परिवर्तनकारी शक्ति को देखने का एक अनूठा अवसर मिला। अपने स्वागत भाषण में नेहा सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि कला न केवल रचनात्मक अभिव्यक्ति का साधन है, बल्कि बच्चों के समग्र विकास का मार्ग भी है। उनके शब्द उपस्थित लोगों, विशेष रूप से शिक्षा क्षेत्र के लोगों, जो सीखने की प्रक्रिया में छात्रों को संलग्न करने के लिए नवीन तरीकों की तलाश कर रहे हैं, पर गहराई से असर करते हैं। इस आयोजन को लखनऊ पब्लिक स्कूल और कॉलेज के महाप्रबंधक आदरणीय हर्षित सिंह की उपस्थिति से बढ़ाया गया, जो इस आयोजन को वास्तविकता बनाने में महत्वपूर्ण व्यक्ति रहे हैं। कलात्मक समुदाय के साथ शैक्षणिक संस्थान का सहयोग शिक्षा के भविष्य को आकार देने के लिए रचनात्मकता की शक्ति में एक साझा विश्वास को रेखांकित करता है।

## अनिल दुबे ने विद्यार्थियों को बांटा टैबलेट और स्मार्ट फोन



लखनऊ। रामेश्वरम इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी एंड मैनेजमेंट ने मुख्यमंत्री द्वारा स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत टैबलेट एवं स्मार्ट फोन का वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। रामेश्वरम ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन आरपी शुक्ला, डा. एसपी शुक्ला, संस्थान के निदेशक एस्एस राय एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं को टैबलेट एवं स्मार्ट फोन का वितरण रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने किया। वितरण के बाद अनिल दुबे ने छात्र-छात्राओं को टैबलेट एवं स्मार्ट फोन का सही उपयोग कैसे किया जाये के बारे में मार्ग दर्शन किया। साथ-साथ अपने भविष्य में सफलता प्राप्त करने के लिए आशीर्वाद भी दिया। मुख्य अतिथि ने स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत टैबलेट एवं स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम की सराहना करते हुए छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों का पालन करने के लिए प्रेरित भी किया। अंत में रामेश्वरम ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन आरपी शुक्ला ने इस कार्यक्रम में आमंत्रित मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं सभी अतिथिगणों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की जमानत याचिका पर सुनवायी 11 मार्च तक टली

लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने दुराचार केस में फंसे सीतापुर से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की जमानत याचिका पर गुरूवार को सुनवायी टल गयी। कोर्ट ने केस की अगली सुनवायी 11 मार्च को नियत किया है। कोर्ट ने उक्त तारीख पर विवेचनाधिकारी को भी तलब किया है।

यह आदेश जस्टिस राजेश सिंह चैहान की एकल पीठ ने राकेश राठौर की जमानत अर्जी पर सुनवायी करते हुए पारित किया। इससे पहले कोर्ट के पूंछने पर विवेचेनाधिकारी अनूप शुक्ला को बताया कि अभी इस केस की विवेचना पूरी करने में दस दिन और लगेगा। इस पर कोर्ट ने कहा कि इसका तात्पर्य है कि 10 मार्च तक तो विवेचना पूरी हो ही जायेगी। इसके बाद कोर्ट ने विवेचनाधिकारी को 11 मार्च को मय केस डायरी पेश होकर विवेचना की स्थिति बताने के लिए कहा है। इससे पहले पीड़िता की ओर से पेश अधिवक्ता पूजा सिंह ने कोर्ट में पीड़िता की ओर से प्रतिषपथपत्र दाखिल किया। वहीं राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता वी के षाही व षासकीय अधिवक्ता वी के सिंह ने भी प्रतिषपथपत्र दिया जिसके जवाब में राठौर की ओर से उसका प्रतिउत्तरशपथपत्र दाखिल किया गया। राठौर की ओर से पेश उनके अधिवक्ता अरूण सिन्हा व आर डी शाही ने तर्क दिया कि इस केस में राठौर को गलत फंसाया गया है और इस केस की प्राथमिकी भी बहुत विलंब से दर्ज करायी गयी है।

## बृजभूषण सिंह के खिलाफ आपराधिक मुकदमा हाईकोर्ट ने किया समाप्त

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को बड़ी राहत देते हुए, सदोश अवरोध करने संबंधी आपराधिक मुकदमे को समाप्त कर दिया है। न्यायालय ने उक्त मुकदमे को वापस लेने के राज्य सरकार के प्रार्थना पत्र को मंजूर करते हुए पारित किया। इसके पूर्व निचली अदालत ने सरकार के मुकदमा वापसे संबंधी प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया था। न्यायालय ने निचली अदालत के उक्त आदेश को भी निरस्त कर दिया।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने सांसद बृजभूषण शरण सिंह की याचिका पर पारित किया। याची के विरुद्ध गोण्डा जनपद के कोतवाली नगर थाने में वर्ष 2014 में आईपीसी की धारा 188 व 341 के तहत एक एफआईआर दर्ज की गई थी। उन पर आरोप था कि उन्होंने सीआरपीसी की धारा 144 का उल्लंघन करते हुए, लोक सेवक के विधिवत रूप से प्रख्यापित आदेश की अवहेलना की व सदोष अवरोध उत्पन्न किया। मामले में विवेचना के उपरांत पुलिस ने सांसद के खिलाफ निचली अदालत में आरोप पत्र प्रेषित कर दिया था, जिस पर संज्ञान लेते हुए एसीजेएम प्रथम, गोण्डा ने 22 जनवरी 2018 को सांसद को हाजिर होने के लिए समन आदेश जारी किया था। उक्त आरोप पत्र व समन आदेश को पूर्व में भी सांसद की ओर से चुनौती दी गई थी। इस पर 20 अगस्त 2022 को हाईकोर्ट ने लोक सेवक के आदेश की अवहेलना के आरोप को निरस्त कर दिया व निचली अदालत को आदेश दिया कि यदि याची अपराध की स्वीकरोक्ति करता है तो उसे कारावास की सजा देने के बजाय, सिर्फ जुमार्ना लगा के कार्यवाही को समाप्त कर दिया जाए। याची द्वारा जिला शासकीय अधिवक्ता, गोण्डा के उस प्रार्थना पत्र को मंजूर करने का अनुरोध किया गया जिसमें उक्त मुकदमे को वापस लिए जाने की बात काही गई थी। हालांकि निचली अदालत ने अपने आदेश में कहा कि याची अपने अपराध की स्वीकरोक्ति हाईकोर्ट में कर चुका है। न्यायालय ने निचली अदालत के उक्त आदेश को खारिज कर दिया व उक्त मुकदमे को वापसी के आधार पर समाप्त कर दिया।

## पीजीआई थाने के प्रभारी व सम्बंधित विवेचनाधिकारी को हटाने के संबंध में मांगा समय

लखनऊ। पीजीआई के पास पिछले साल वकीलों की हुई पिटाई के मामले में गुरूवार को सुनवायी के दौरान डीसीपी, क्राइम हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के समक्ष हाजिर हुए। न्यायालय द्वारा यह पूछे जाने पर कि पीजीआई थाने के प्रभारी व सम्बंधित विवेचनाधिकारी की मामले में शुरू से भूमिका पक्षपातपूर्ण दिख रही है, ऐसे में उनके रहते निष्पक्ष विवेचना कैसे संभव है, डीसीपी ने दोनों को हटाने के सम्बंध में पुलिस कमिश्नर से निर्देश प्राप्त करने के लिए समय देने की मांग की। जिसे स्वीकार करते हुए, न्यायालय ने मामले की अगली सुनवायी के लिए 5 मार्च की तिथि नियत की है। साथ ही अगली सुनवायी पर भी डीसीपी, क्राइम को हाजिर होने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने पीड़ित अधिवक्ताओं अमित कुमार पाठक व अन्य की याचिका पर पारित किया। याचियो की ओर से दलील दी गई है कि 23 नवंबर 2024 को पीजीआई के पास ठेला लगाने वाले कुछ लोगों ने याचियो को बुरी तरह से मारा पीटा था तथा उनकी कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था बावजूद इसके पीजीआई थाने की पुलिस ने उल्टा याचियो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया तथा याचियो के प्रार्थना पत्र पर एफआईआर दर्ज करने से इनकार कर दिया। वहीं नगर निगम द्वारा भी स्पष्ट किया जा चुका है कि उक्त ठेले वालों को निगम के द्वारा कोई लाइसेंस नहीं दिया गया है। न्यायालय के पूर्व के आदेश के अनुपालन में हाजिर हुए, डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित ने न्यायालय को भरोसा दिलाने का प्रयास किया कि वकीलों के एफआईआर पर निष्पक्ष तरीके से विवेचना होगी। इस पर न्यायालय ने पूछा कि क्या वर्तमान थाना प्रभारी और सम्बंधित विवेचनाधिकारी के रहते यह संभव है। वहीं पीड़आईटी वकीलों की तरफ से सम्बंधित एसीपी को भी हटाने की मांग की गई।

## अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान का 41वां स्थापना दिवस समारोह आज

लखनऊ। अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान का 41वां स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बौद्ध धम्म सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह होंगे। विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य डा. महेन्द्र सिंह एवं डा. लालजी प्रसाद निर्मल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ के कार्यकारी अध्यक्ष हरगोविन्द बौद्ध करेंगे। भगवान बुद्ध की वंदना और परित्राण पाठ से शुभारंभ के बाद प्रमोद कुमार अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्त ह्यसार्वभौमिक बुद्ध का विमोचन किया जाएगा। इस अवसर पर सनातन संस्कृति एवं बौद्ध धर्म विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा और खुशी फाउन्डेशन द्वारा स्वास्थ्य शिविर भी लगाया जाएगा।

## महाकुम्भ समापन पर लविवि कुलपति को दिया अमृत कलश




**लखनऊ।** महाकुम्भ समापन के बाद प्राच्य संस्कृत विभाग द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को महाकुम्भ से लाया गया अमृत कलश समर्पित किया गया। इस अवसर पर कला संकायाध्यक्ष प्रो. अरविन्द मोहन, विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेरणा माथुर, विभागीय सहायकाचार्य डॉ. श्यामलेश कुमार तिवारी, डॉ. सतीश चंद्र एवं विभागीय शोध छात्र तथा अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की प्रेरणा से प्राच्य संस्कृत विभाग के शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा महाकुंभ, प्रयागराज में शिविर का आयोजन किया गया। सभी ने कुलपति को लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित महाकुम्भ में सम्पन्न होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

यह शिविर 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित किया गया। शिविर में श्रद्धालुओं के लिए आवास एवं भोजन आदि की उत्तम व्यवस्था की गयी। हमारे छात्र पारंपरिक वेश में रहे तथा भारतीय संस्कृति, महाकुंभ का महत्व, स्थान का महत्व, गंगा आरती, यज्ञ, सन्ध्या वंदन, जप, गंगा स्नान करने की विधि, यथा गंगा स्नान से पूर्व घर से स्नान करके स्वच्छ होकर ही मां गंगा में प्रवेश करना चाहिए, गंगा में वस्त्र नहीं धोने चाहिए, शालीनता से गंगा मां की गोद में प्रवेश कर आचमन, निमज्जन अथवा स्नान करना तथा अमृत स्नान के दिवस स्नान विधि का ज्ञान भी यथा अवसर श्रद्धालुओं को कराते रहे। शिविर में प्रतिदिन लगभग डेढ़ सौ से दो सौ अतिथि श्रद्धालु आयोजित होने वाली शास्त्र चर्चा में भाग लेते रहे हमारे छात्रों द्वारा भारतीय संस्कृति, धार्मिक एवं अध्यात्मिक प्रगति एवं पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर जागरूक भी करते रहे। गणतंत्र दिवस पर भी वहां ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ, नित्य प्रति यज्ञ, गंगा आरती यथा अवसर मुंडन संस्कार, वेदारम्भ संस्कार आदि भी कराया गया।

## डिजिटल लिटरेसी के बारे में छात्राओं को किया जागरूक

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** नेशनल पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलन, कलश में जल डालकर जल संग्रह का संदेश देते हुए तथा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाकर हुआ। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना समरदीप सक्सेना तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने की।

क्षेत्रीय निदेशक ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी को 24 गुना 7 दिन सक्रिय रहते हुए अनुशासित एवं उत्साहित जीवन जीना चाहिए। कार्यक्रम समन्वयक ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को एक मंच प्रदान करता है जिसमें वह अपने व्यक्तित्व का विकास करते हुए सामाजिक सेवा कर सकें और राष्ट्र के उत्थान में अपना सहयोग कर सके साथ ही डिजिटल लर्निंग और डिजिटल लिटरेसी के बारे में छात्राओं को जागरूक किया। शिविर में मोतीलाल समिति के जनरल सेक्रेटरी राजेश सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की युवा देश का भविष्य है और आप सभी को विवेकानंद के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हुए सीखना होगा कि सामुदायिक जीवन कैसे जिये। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्चना सिंह ने छात्रों को बताया कि आप सभी अपने आप को माय भारत पोर्टल पर रजिस्टर्ड करले और सरकार के द्वारा दी गई सुविधाओं का समय रहते उपयोग करें। शिविर के प्रथम दिन राष्ट्रीय सेवा योजना इंडिया ग्रुप और यज्ञ चैरिटेबल ब्लड सेंटर के संयुक्त प्रावधान के द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन हुआ जिसमें 21 स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं ने ब्लड डोनेशन किया। भोजन प्रांत राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाअध्यक्ष ने छात्रों को संबोधित करते हुए राष्ट्रहित में योग्य व्यक्ति का चुनाव करते हुए सक्रिय मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

## विशेष शिविर का उद्घाटन

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में यह शिविर 5 मार्च तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्वयंसेवक विभिन्न तरह की समाज सेवा, जागरूकता अभियान एवं विभिन्न विकासशील गतिविधियों में सहभागिता करेंगे। उद्घाटन सत्र के दौरान मुख्य तौर पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पवन कुमार चौरसिया, डॉ. प्रणब आनंद, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. मीना विश्वेश्वर एवं डॉ. अर्पित शैलेश मौजूद रहे। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पवन कुमार चौरसिया ने छात्र-छात्राओं को शिविर से जीवन में सीखने की प्रेरणा दी और राष्ट्र के कर्तव्यों का पालन करने का आवाहन किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को माय भारत पोर्टल के माध्यम से अपनी सेवाओं का दस्तावेजीकरण करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. प्रणव आनंद ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को समाज सेवा के प्रति प्रेरित किया।

## आखिरकार पीडब्ल्यूडी में तकनीकी सलाहकार की जरूरत क्या!

- विभाग की ओर से तकनीकी सलाहकार के पद को एक साल बढ़ाने की मांग पर अभियंताओं में रोष
- पूर्व में विभागीय नीतियों पर उठे सवाल, वापस लिये गये फैसले

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बीते वर्षों में देखने में आया है कि लोक निर्माण विभाग में तकनीकी सलाहकार का पद स्वीकृत होने के बाद से तकनीकी नीतियों को तैयार करके अमल में लाने के लिए कैबिनेट की बैठक से निर्णय कराने के बाद और उच्च स्तर से अनुमोदन प्रदान करने के बाद तकनीकी निर्णय वापस लेने पड़ रहे। इसके बावजूद तकनीकी सलाहकार वीके सिंह का पुनः एक वर्ष का कार्यकाल बढ़ाने की तैयारी चल रही है, जिसको लेकर अभियंताओं में रोष व्याप्त हो रहा है। हालांकि यह विरोध दबी जुबा में ही चल रहा है, पद को देखते हुए कोई भी खुलकर बोलने में कन्नी काट रहा है।

**1. समस्त मार्गों के अनुबंधों में 05 वर्षीय अनुरक्षण के लिए भुगतान प्रक्रिया का मानकीकरण :** विभिन्न श्रेणी के मार्गों के नव निर्माण एवं अनुरक्षण के लिए दोष निवारण अवधि (डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड) तथा नवीनीकरण चक्र/निर्माण एवं अनुरक्षण तथा अनुरक्षण लागत के संबंध में निर्देश शासनादेश 16.01.2024 निर्गत कराया गया। इस शासनादेश को लागू करने के पूर्व मंत्रि परिषद से अनुमोदन भी प्राप्त किया गया। इसके विपरीत ठेकेदार संगठनों द्वारा आपत्ति दर्ज करने तथा क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा व्यवस्था को व्यवहारिक न पाये जाने के कारण विरोध दर्ज किया गया, जिसके बाद प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष एसपी सिंह ने शासनादेश के इतर जाकर पत्र 24.12.2024 निर्गत किया गया कि ऐसे मार्ग जो आईआरसी कोड की परिकल्पना के अनुसार निर्मित नहीं है। उन पर पांच वर्षीय अनुरक्षण का प्राविधान उचित नहीं है और पांच वर्ष के स्थान पर पूर्व की व्यवस्था दो वर्ष ही रखा जाये। यह भी आदेश में उल्लेख अपने आप ही कर दिया गया कि शासन से नवीन व्यवस्था के संबंध में क्षेत्रीय मुख्य अभियंताओं को अलग से अवगत कराया जायेगा। आगणनों में 05 वर्ष की व्यवस्था को शासन से 02 वर्ष कराने का अनुरोध किया गया, इससे एस्टीमेटस को संशोधन करने से कार्यो की स्वीकृति में विलम्ब हुआ है।

**2. एकीकृत दर अनुसूची का निर्धारण:** प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष के पत्र 31.08.2024 द्वारा अंर्तविभागीय बैठक की अध्यक्ष के रूप में इंटीग्रेटेड एसओआर का प्रस्ताव प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग को प्रेषित किया गया। जिसके बाद नियोजन विभाग इस प्रस्ताव को अनुमोदित करके प्रमुख अभियंता (विकास) विभागाध्यक्ष को पत्र 24.09.24 द्वारा लोक निर्माण विभाग को सभी विभागों को प्रसारित करने के लिए प्रेषित किया गया, जोकि 01.11.2024 से लागू की गयी। इस व्यवस्था को लागू होने से हाटमिक्स प्लांट के रेट्स को लगभग 07 गुना तक बढ़ाये जाने पर आपत्ति तथा शिकायते किये जाने पर इंटीग्रेटेड एसओआर संबंधी आदेश को प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष द्वारा पत्र 24.02.25 द्वारा वापस लेना पड़ा है। इस संबंध में मुख्य सचिव द्वारा पत्र 25.02.2025 द्वारा स्पष्टीकरण जारी करना पड़ा। पत्र में यह उल्लेख किया जाना कि लीगल बैकिंग यानि कि फाइनेंशियल हैण्ड बुक में संशोधन अथवा कोई अन्य शासनादेश भी निर्गत नहीं किया गया है।

**3. ठेकेदारों के वर्गीकरण एवं पंजीकरण :** नियमावली 1982 में बिना कैबिनेट से पास कराये मनमर्जी से मुख्यालय स्तर से ही संशोधन प्रमुख अभियंता विभागाध्यक्ष से आदेश जारी कराने नियमावली का खुला उल्लघंन हो रहा और ठेकेदारों के पंजीकरण वं डिबार करने में अनेकों समस्यायें आ रही है। विभाग में ठेकेदारों के पंजीकरण नियमावली 1982 मंत्रि परिषद की बैठक से अनुमोदित होकर जारी हुई। सूत्रों की माने तो तकनीकी सलाहकार द्वारा नियमावली में संशोधन न कराकर अपनी हठधर्मिता के कारण एक प्रस्ताव शासन को भेजकर संशोधन करा दिया गया। उसके बाद से लगातार ठेकेदारों के पंजीकरण तथा डिबार करने को लेकर समय-समय पर आने वाली समस्याओं के दृष्टिगत तकनीकी सलाहकार द्वारा बिना कैबिनेट की मंजूरी के ही लगातार प्रमुख अभियंता, विभागाध्यक्ष से कई कार्यालय आदेश निर्गत कराये जा चुके है। लेकिन बड़ा प्रश्न यह बना हुआ है कि लोक निर्माण विभाग में वीके सिंह तकनीकी सलाहकार के रहते इस प्रकार के तकनीकी मामलों को वापस क्यों लेना पड़ रहा है और किन कारणों से इनका अब 65 वर्ष की अधिक उम्र पार करने के बाद भी एक वर्ष कार्यकाल क्यों बढ़ाया जा रहा है? सूत्रों की मानें तो तकनीकी सलाहकार के कही भी किसी तकनीकी नीति बनाते समय हस्ताक्षर नहीं होते है और उनकी ओर से मौखिक रूप से दखल किया जाता है लेकिन विभाग की छवि लगातार खराब होती जा रही है। मुख्यमंत्री के पास लोक निर्माण विभाग होने के बावजूद इस प्रकार से विभाग की छवि लगातार खराब हो रही है। चाहें प्रति वर्ष हजारों करोड़ के बजट के समर्पण करने की बात हो अथवा अन्य कोई नीति को अमल में लाने की बात हो, यह चिंता का विषय है।

# प्रबंधन कौशल और नेतृत्व से विकास में बढ़त मिलती है : प्रो. आलोक राय

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संकाय के प्रबंधन अक्यूमेन सेल ने अपने वार्षिक उत्सव ग्रोविटास सीजन 4 का आयोजन किया, जिसने लखनऊ भर के छात्रों के लिए एक रोमांचक अनुभव प्रस्तुत किया।

आयोजन की प्रत्येक प्रक्रिया की योजना और निष्पादन छात्रों द्वारा किया जाता है, जिससे वे टीम वर्क, समस्या-समाधान और आयोजन समन्वय का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करते हैं, जो उनके समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस संस्करण का थीम स्क्विड गेम था, जिसने आयोजन में रणनीति, प्रतिस्पर्धा और रोमांच का एक नया तत्व जोड़ा। उत्सव के उद्घाटन समारोह ने पूरे कार्यक्रम की दिशा तय की। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, प्रो कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, प्रबंधन अध्ययन संकाय की अधिष्ठाता प्रो. संगीता साहू, वाणिज्य संकाय की अधिष्ठाता प्रो. अर्चना सिंह, और अन्य प्रतिष्ठित संकाय सदस्य उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए प्रो. आलोक कुमार राय ने इस प्रकार के आयोजनों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्रोविटास सिर्फ एक सांस्कृतिक उत्सव नहीं है; यह एक गतिशील शिक्षण मंच है, जहाँ छात्र अपनी शैक्षणिक ज्ञान को वास्तविक जीवन की परिस्थितियों में लागू करते हैं। विषय-वस्तु की रूपरेखा तैयार करने से लेकर लॉजिस्टिक्स प्रबंधन तक, इस उत्सव का प्रत्येक पहलू छात्रों द्वारा संचालित होता है, जिससे उन्हें प्रबंधन कौशल और नेतृत्व विकास में बढ़त मिलती है।

प्रो. संगीता साहू ने अपने भाषण में आयोजन समिति की समर्पण भावना और उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रोविटास छात्रों के लिए एक अग्नि परीक्षा की तरह है, जो उनके प्रबंधन कौशल को चुनौती देती है, क्योंकि संपूर्ण आयोजन बिना किसी संकाय हस्तक्षेप के छात्र-नेतृत्व में संपन्न होता है। यह अनुभव उनकी रणनीतिक सोच, निर्णय लेने की क्षमता और नेतृत्व कौशल को निखारता है, जिससे वे वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए तैयार होते हैं। उत्सव की रोचकता को और बढ़ाते हुए, लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र और प्रसिद्ध रेडियो जॉकी, आरजे प्रतीक, ने छात्रों के साथ एक संवादात्मक सत्र में भाग लिया। उन्होंने अपनी यात्रा को साझा करते हुए बताया कि कैसे उनके कॉलेज के दिनों ने उनके करियर की नींव रखी। उन्होंने कहा कि यहां लौटकर अद्भुत अनुभव हो रहा है, जहां से मेरी यात्रा शुरू हुई थी। लखनऊ विश्वविद्यालय हमेशा से सीखने और विकास का एक केंद्र रहा है, और जिस भव्य स्तर पर ग्रोविटास को छात्रों द्वारा आयोजित किया जा रहा है, वह सराहनीय है। दिनभर में कई रोमांचक प्रतियोगितायें आयोजित की गयीं, जिससे छात्रों का उत्साह चरम पर रहा। मीम मार्केटिंग और पोस्टर मेकिंग जैसी प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया, वहीं ट्रेजर हंट ने एक रोमांचक तत्व जोड़ा, जहां छात्रों की समस्या-समाधान क्षमता को परखा गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता ने विचारोत्तेजक चर्चाओं को जन्म दिया, और आइडिया सेशन ने नवोदित उद्यमियों को अपनी व्यावसायिक अवधारणाओं को प्रस्तुत करने का मंच प्रदान किया। इसके अतिरिक्त, गायन, कविता, स्टैंड-अप कॉमेडी और नृत्य जैसे सांस्कृतिक प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहे, जिससे यह सिद्ध हुआ कि ग्रोविटास सिर्फ प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रतिभा और कलात्मक अभिव्यक्ति का भी उत्सव है। छात्रों के बीच उत्साह स्पष्ट रूप से देखा गया, क्योंकि वे हर प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से भाग ले रहे थे और प्रस्तुत किए गए प्रत्येक सीखने के अवसर का अधिकतम लाभ उठा रहे थे। पहले दिन का समापन उत्साह और उमंग के साथ हुआ, जिससे सभी को आगामी दो दिनों के कार्यक्रमों की प्रतीक्षा रहने लगी। ग्रोविटास सीजन 4 ने एक बार फिर साबित कर दिया कि यह सिर्फ एक मनोरंजनमूलक आयोजन नहीं, बल्कि छात्र-नेतृत्व, नवाचार और समग्र विकास को बढ़ावा देने वाला एक समृद्ध अनुभव है।

संक्षेप

## श्रीमद्भागवत कथा का शुभारम्भ

सोहावल-अयोध्या। तहसील क्षेत्र के लोधे उपाध्याय पुरवा निवासी अरविन्द उपाध्याय के आवास स्थित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा गाजे बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा के उपरांत शुभारंभ हुआ। श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान मुनीजर उपाध्याय,व वृंदावन से आए भागवताचार्य पवन देव महाराज ने प्रथम दिवस उपस्थित भक्तों को भागवत कथा से होने वाले लाभ मिलने वाले ज्ञान व मिलने वाली मोक्ष के बारे में बताया। व्यवस्थापन का कार्य देख रहे अरविंद उपाध्याय,अजय उपाध्याय ने बताया कि बुधवार सुबह गांव की समस्त महिलाओं और पुरुषों के साथ गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई।सरयू नदी से जल लाने के उपरांत शाम को भागवत कथा का शुभारंभ हुआ।इस मौके पर हर गोविंद उपाध्याय,नरेंद्र पाण्डेय ,महेश पाण्डेय ,सुरेश पाण्डेय ,विजेंद्र पाण्डेय ,नरसिंह पाण्डेय ,गोरख नाथ पाण्डेय , मनोज पाण्डेय, स्वतंत्र पाण्डेय,पकज पाण्डेय , गौरव पाण्डेय उपस्थित रहे।

# डीएम और एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया** । गुरुवार को जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर का निरीक्षण विशेष रूप से कारागार के सुरक्षा व्यवस्था, कैदियों की देखभाल, और उनकी सुविधाओं के बारे में था। उन्होंने कारागार में सुरक्षा तंत्र की समीक्षा की और यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया कि कैदियों की निगरानी मजबूत हो, जिससे किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कारागार में रहने वाले कैदियों की स्वास्थ्य सेवा और उनके भोजन व्यवस्था की भी जांच की।

उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कैदियों को अच्छी और सुरक्षित स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें, और उनका इलाज समय पर हो। इसके साथ ही भोजन की गुणवत्ता पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि कैदी किसी प्रकार की शिकायत न कर सकें।



पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने कारागार की सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान दिया और कहा कि सुरक्षा इंतजामों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि कारागार में उउळश कैमरों का संचालन प्रभावी तरीके से किया जाना चाहिए और सघन गश्त की व्यवस्था की जानी चाहिए।

निरीक्षण के अंत में, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कारागार के अधीक्षक और अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय-समय पर निरीक्षण करें और सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखें।इस निरीक्षण से यह स्पष्ट हुआ कि जिला प्रशासन और पुलिस विभाग कैदियों की सुरक्षा और उनकी बेहतर देखभाल के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और कोई भी कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

## ग्रामवासियों के घरों तक पानी पहुंचाया जाना करें सुनिश्चितः गौरव दयाल

**अयोध्या**। मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक उ0प्र0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से आयुक्त सभागार में आयोजित की गयी, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या कृष्ण कुमार सिंह, अम्बेडकरनगर आनन्द कुमार शुक्ला, अमेठी सूरज पटेल, बाराबंकी ए0सुथन एवं सभी मंडलीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। मण्डलायुक्त ने सर्वप्रथम उन परियोजनाओं की समीक्षा की, जिसमें सीएम डैशबोर्ड के मानक के अनुसार प्रगति कम थी तथा सभी सम्बंधित विभागों को निर्देश दिये कि जिन परियोजनाओं की प्रगति धीमी है उन पर विशेष ध्यान देते हुये उनकी प्रगति बढ़ायी जाय जिससे कि प्रदेश स्तर से जारी होने वाली रैकिंग में मण्डल को बेहतर स्थान प्राप्त हो सके ।

जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि हर घर जल योजना के अन्तर्गत ग्रामवासियों के घरों के अंदर तक पानी पहुंचाया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

## फर्जी हस्ताक्षर करने वाली सचिव पर मुकदमा दर्ज करवाने की किया मांग

**कुशीनगर**।जिले के विकास खण्ड-रामकोला के खण्ड विकास अधिकारी को राकेश कुमार श्रीवास्तव ने पत्र भेजकर सचिव ग्राम पंचायत लाला छपरा द्वारा मेरे हस्ताक्षर को स्वयं करके अथवा किसी और से कराकर राज्य सूचना आयोग के समक्ष सूचना प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में अवगत कराया है और मुकदमा दर्ज करवाने की मांग किया है।बताते चलें 30 जून 2023 को रामकोला विकास खण्ड के निवासी राकेश कुमार श्रीवास्तव ने तीन बिंदुओं पर खण्ड विकास अधिकारी रामकोला से सूचना मांगा गया था।परन्तु सूचना न मिलने के कारण राकेश कुमार श्रीवास्तव ने पहले प्रथम अपील किया फिर भी सूचना न मिलने से द्वितीय अपील राज्य सूचना आयोग लखनऊ में किया। राज्य सूचना आयोग में 4 तारीख तक सूचना नहीं मिली।जब ऐसा लगा कि अगली पेशी पर धारा 20(1) की कार्यवाही हो जाएगी तब सचिव ग्रामपंचायत लाला छपरा सुनीता द्वारा जरिए अधिवक्ता एक अधूरा सूचना आयुक्त राज्य सूचना आयोग के समक्ष कोर्ट संख्या एस-4 में दिया गया तथा एक प्रति मुझे भी दी गई दी गई। वहीं राकेश कुमार श्रीवास्तव ने लाला छपरा के सचिन सुनीता पर आरोप लगाते हुए कहा है कि उक्त प्रति में 7 फरवरी 25 को प्राप्त लिख कर मेरा फर्जी हस्ताक्षर किया गया है। उन्होंने बताया कि 7 फरवरी 2025 को प्राप्त लिख कर जो हस्ताक्षर हुए हैं वह न तो मेरा लिखावट है और न हीं मेरा हस्ताक्षर है। श्री श्रीवास्तव ने अपने पत्र में कहा है कि मांगी गई सूचना में जो मेरे द्वारा किए गए हस्ताक्षर है उससे किसी फिंगर प्रिंट एंड सिग्नेचर एक्सपर्ट से हस्ताक्षर से मिलान करा कर सचिव ग्रामपंचायत लाला छपरा सुनीता के ऊपर एक लोकसेवक द्वारा फर्जी हस्ताक्षर करने अथवा करवाने के जुर्म में मुकदमा पंजिकृत करवाने की मांग किया है।

## त्रिवेणी चीनी मिल ने 12 फरवरी से 18 फरवरी तक के गन्ना मूल्य का किया भुगतान

**कुशीनगर**।त्रिवेणी चीनी मिल रामकोला ने जनपद में गन्ना मूल्य भुगतान में अपनी प्रतिबद्धता को बरकरार रखा है। मिल ने वर्तमान पेराई सत्र के दौरान 12 फरवरी से 18 फरवरी तक खरीदे गए गन्ने का 14 करोड़ 31 लाख रुपये का भुगतान किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित कर दिया है। इस संबंध में प्रधान प्रबंधक यशराज सिंह ने जानकारी दी।प्रधान प्रबंधक ने कहा कि किसानों का हित मिल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे ताजा, साफ-सुथरा गन्ना ही मिल को आपूर्ति करें, जिससे उनकी गन्ना आपूर्ति की गुणवत्ता बनी रहे और भविष्य में बेसिक कोटा बढ़ने का लाभ मिल सके। वसंत कालीन गन्ने की बुआई पर विशेष जोर देते हुए मिल प्रबंधन ने आगामी वसंत कालीन गन्ना बुआई को ध्यान में रखते हुए किसानों से गन्ने की उच्च गुणवत्ता वाली किस्मों सीओ-118, सीओ 15023, सीओएलके 14201, सीओएलके 94184 प्रजातियों की बुआई की अपील की।इसके अतिरिक्त, गन्ने की फसल को रोगों से बचाने और उत्पादन बढ़ाने के लिए अनुदान पर उपलब्ध ट्राइकोडर्मा का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर कारखाना प्रबंधक मानवेंद्र राय भी उपस्थित रहे।

## टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग रहेगा अग्रणीः बीएसए



जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर**। जिले के ब्लॉक संसाधन केंद्र कसया एवं फाजिलनगर के परिसर में गुरुवार को 75-75 कुल 150 टीबी रोगियों को बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों द्वारा प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली वितरित किया गया। अब तक एक दिन में सर्वाधिक टीबी रोगियों को गोद दिलाने का रिकार्ड भी कायम हो गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य ने कहा कि जनपद को टीबी मुक्त बनाने के

**150 रोगियों में वितरित हुआ पोषण की पोटली**

लिये आमजन का सहयोग जरूरी है।उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग अग्रणी भूमिका में रहेगा।सभी को क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग करने की जरूरत है। सामूहिक प्रयास से ही टीबी रोग को समाप्त कर सकते है। विशिष्ट अतिथि के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया के एमोटीसी डॉ मुकेश यादव ने कहा कि टीबी रोगी दवा के साथ पौष्टिक आहार लेने से मरीज शीघ्र स्वस्थ हो रहे है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी विजयपाल नारायण त्रिपाठी ने कहा कि हम सभी के भागीदारी से ही जनपद टीबी मुक्त हो सकता है। उन्होंने ने कहा कि शिक्षक गण शिक्षण कार्य के साथ सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी भूमिका में रहते है। संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र तथा शिक्षक तामेश्वर पाठक ने किया। अतिथियों का स्वागत ने किया शिक्षक नेता राजेश शुक्ला ने किया तथा आभार ज्ञापन भगवन्त कुमार सिंह ने किया। इस दौरान एसटीएस शाहिद अंसारी, आदित्य तिवारी, शिक्षक छेदी प्रसाद, वाहिद अली, ध्रुव नारायण सिंह, अविनाश शुक्ला, विद्यासागर पांडेय, कलमदानी सिंह, जैनुल आब्दीन अंसारी, अरुण कुमार वर्मा, मनोज कुमार सिंह, शैलेश कुमार,दयाशंकर सिंह, रामेश्वर सिंह, संजू सिंह, प्रतिमा सिंह, रणजीत सिंह, राकेश सिंह, उर्मिला उपाध्याय, फरहद अली, अखिलेश शर्मा, महेश प्रसाद रजक, महेन्द्र सिंह, बदरूज्जमा सिद्दीकी, दीपेश कुमार सिंह, निशांत कुमार पाण्डेय, अरुणेश कुमार मिश्र, नसरीन अख्तर, सुनीता सिंह, अनामिका शाही, रेनू पाण्डेय, अनिल कुमार द्विवेदी, रेनू सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, अन्नू मौर्या, विनोद प्रसाद, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, अतीक अहमद, ब्रजनारायण प्रसाद गोंड, रवीन्द्र कुमार टैगौर, कृष्ण मोहन, हरिन्द्र कुमार चौरसिया, अनीता मिश्रा, रंजीता सिंह, प्रियंका पाण्डेय, मनोज कुमार चतुवेर्दी, रश्मि सिंह तोमर, गौरव मद्धेशिया, अमला प्रसाद, पयोदकान्त मिश्र, दिनेश यादव, रामचन्द्र सिंह, दुर्गेश सिंह, मुरलीधर पाण्डेय, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, मीनी जायसवाल, सत्येन्द्र तिवारी, पुष्पा सिंह, सुभाष वर्मा, अशोक प्रताप सिंह, सरिता, अनीता साहनी, अजय कुमार जायसवाल, अशोक कुमार, सुशील शर्मा, राजकिशोर सिंह, मणि प्रभा, राजेश प्रजापति उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षणों से महिला प्रधानों में विश्वास की अभिवृद्धि होगी और निर्णय लेने की क्षमता का विकास होगा

**देवरिया**। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड देवरिया सदर, भलुअनी एवं बरहज के महिला प्रधानों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का उदघाटन विकास खण्ड सदर सभागार में किया गया।




इस अवसर पर महिला प्रधानों को संबोधित करते हुए उप निदेशक गोरखपुर मंडल हिमांशु शेखर ठाकुर ने कहा कि महिला प्रधानों को अपने अधिकारों को समझने के साथ-साथ अपनी ग्राम पंचायत की बैठकों में उपस्थित रहकर अपने सुझाव देने की आवश्यकता है इसी निमित्त यह प्रशिक्षण कराया जा रहा है जिससे की वे अधिकार एवं कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।

उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षणो से महिला प्रधानों में विश्वास की वृद्धि होगी तथा निर्णय लेने की क्षमता में विकास होगा।

जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर कुशीनगर के सहप्रबंधक बृजेश नाथ त्रिपाठी ने कहा कि देश की आधी आबादी महिलाओं की है जबकि निर्णय लेने में उनकी संख्या सीमित है ऐसे में ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण देकर उनके अंदर नेतृत्व क्षमता का विकास करना ही प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य है।

जिससे वह अपने ग्राम पंचायत के विकास की योजनाओं का निर्माण कर सके।

राज्य प्रशिक्षक अजीत तिवारी ने जेंडर आधारित भेदभाव तथा संचार के वीडियो पर चर्चा करते हुए कहा कि महिलाओं के साथ होने वाले हिंसा का मूल कारण जेंडर आधारित भेदभाव ही है।

हमें अपने निर्णय में भी महिलाओं के परामर्श लेने चाहिए उन्होंने संचार के विषय पर चर्चा किया।

वरिष्ठ प्रशिक्षक आशुतोष दुबे ने ग्राम पंचायत विकास योजना के संदर्भ में विस्तार से चर्चा किया उन्होंने ग्राम पंचायत विकास योजना के पांचो चरण वातावरण निर्माण परिस्थितियों का विश्लेषण तथा आवश्यकता और समस्याओं की पहचान के साथ-साथ ड्राफ्ट प्लान बनाना और वित्तीय स्वीकृति पर विस्तार से चर्चा किया।

जिला पंचायत राज अधिकारी रतन कुमार ने कहा कि विकास खण्ड स्तर पर महिला प्रधानों का प्रशिक्षण चलाया जा रहा है जो ग्रामीण स्तर पर ग्राम पंचायतों के विकास की नई पटकथा लिखेगा तथा ग्राम पंचायतें सशक्तिकरण की तरफ अग्रसर होंगी।

सभी ग्राम प्रधान स्वच्छ भारत मिशन से जुड़कर के अपने गांव को स्वच्छ और हरित गांव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। उन्होंने कहा कि आवास के लिए हो रहे सर्वे में कोई भी लाभार्थी ना छूटे इसलिए सभी महिला प्रधानों की भी बराबर के हिस्सेदारी होनी चाहिए।

इस अवसर पर सभी ग्राम प्रधानों को प्रमाण पत्र देकर तथा माला पहनकर स्वागत किया गया।

ब्लॉक प्रमुख पवन कुमार गुप्ता ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से महिलाये आत्मनिर्भर बनेगी।

इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी भटनी विंध्याचल सिंह,देवरिया सदर चंद्र प्रकाश मिश्र,चन्द्र भूषण मणि,देवेन्द्र पटेल, राजेश राय, अनिल चौबे, धीरेन्द्र सागर आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान प्रियंका गुप्ता ग्राम प्रधान सुने वाला का मेरा भाई एवं सुमन पांडे ने उपनिदेशक महोदय को बुके देकर स्वागत किया तथा इस अवसर पर ग्राम प्रधान संगीता देवी, अनीता देवी, अल्पना कुशवाहा, रामवती देवी, द्रोपती देवी ,नीलम देवी, चिंता देवी आदि उपस्थित महिला प्रधान उपस्थित रही।

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक अजय पांडे, विनय तिवारी,कमलेश दुबे तथा पवन राय, हरिपाल यादव, विनय पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## बॉर्डर पर मिला युवती का शव, दो राज्यो के सीमा विवाद में घण्टो उलझी रही पुलिस



**कुशीनगर**। यूपी-बिहार सीमा पर स्थित घाघवा पुल के नीचे गुरुवार सुबह एक अज्ञात युवती का शव मिला। ग्रामीणों ने शव की सूचना दोनों राज्यों की पुलिस को दी। बांसी नदी के किनारे मिले शव को लेकर बिहार के भितहा थाना तथा यूपी के विशुनपुरा थाना की पुलिस में विवाद खड़ा हो गया। दोनों थानों की पुलिस इस बात पर अड़ी रही कि शव उनके क्षेत्र में नहीं है। जिसके कारण कई घंटों तक कार्रवाई नहीं हो सकी। दोनो राज्यो की पुलिसकर्मी आपस में यह तय करने में लगे रहे कि शव को कौन उठाएगा और पोस्टमार्टम के लिए कहां भेजा जाएगा। तब तक शव वहीं पड़ा रहा, लोगों की भीड़ बढ़ती गई। लोगों ने पुलिस की इस लापरवाही पर कड़ा विरोध जताया। अंत मे यूपी की विशुनपुरा पुलिस ने पहल करते हुए शव को कब्जे में लिया तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। युवती की पहचान व मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।इस सम्बन्ध में जिले की विशुनपुरा थाना प्रभारी राजू सिंह ने बताया कि मृतका की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष के आसपास है। उसके कपड़े अस्त-व्यस्त थे, जिससे हत्या या आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। शव की शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है तथा आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट को खंगाला जा रहा है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि युवती की हत्या कर शव को यहां फेंका गया या फिर नदी में डूबने से उसकी मौत हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पायेगा।

# एन एस एस के सप्त दिवसीय शिविर में स्वच्छता अभियान

**भटनी (देवरिया)**। राजा देवी महिला पी जी कालेज सल्लहपुर भटनी मे एन एस एस के सप्त दिवसीय शिविर के उदघाटन मे स्वच्छता अभियान को चलाने पर जोर ।

उदघाटन के बाद सबसे पहले कालेज परिसर की गयी साफ सफाई ।स्वच्छता सन्देश देने के बाद शिविरार्थियों को सकरात्मक ऊँर्जा प्रार्थना सभा मे दी गयी ।दोपहर बाद नशाउन्मूलन रैली निकाल कर मलिन बस्तियों मे रहने वालो को जागरुक किया गया ।इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी रितेश श्रीवास्तव डाँ पुनीता मिश्रा श्रवण कुमार पाण्डेय स्वयंसेवक /सेविकाओं से परिचय कराये ।गोष्ठी मे परिचर्चाकरते हुए डाँ संतोष कुमारप्रजापति ने कहा कि समाजसेवा समर्पण भाव व निष्ठा से करने के साथ समाज मे व्याप्त कुरीतियों का उन्मूलन करने का आह्वान किया ।तीसरे दिन शिविर स्थल प्राथमिक स्कूल सल्लहपुर मे एक गोष्ठी का आयोजन मे राष्ट्रीय एकता मे शिक्षा की भूमिका पर परिचर्चा हुई ।इससे पहले राष्ट्र की एकता अखण्डता व समाजिक सदभावना परजागरूकता रैली निकाली गयी ।जिसे



प्राचार्य अमित कुमार ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डाँ अमित कुमार राय ने किया । गोष्ठी मे कार्यक्रम अधिकारी रितेश श्रीवास्तव कार्यालय अधीक्षक सत्य प्रकाश उपाध्याय डाँ महेश यादव डाँ सत्येन्द्र प्रजापति सुमित पाठक दिव्या राजेश राव सतीश तिवारी विकाश कुमार राय सहित कालेज के सभी शिक्षक उपस्थित रहे ।इसी क्रम मे बहादुर यादव महिला महाविद्यालय भटनी के एन एस एस के सप्त दिवसीय शिविर मे मदर टरेसा व रानी लक्ष्मीबाई इकाई द्वारा आयोजित शिविर के दुसरे दिन स्वच्छता ही सेवा है थीम पर आधारित कार्यक्रम के दौरान किसी भी कार्य का शुभारंभ स्वच्छता से ही होता है और जुम्मा देवी उ०मा०वि०रामपुर खुरहुरिया भटनी मे स्वच्छता अभियान पर एक रैली निकाल कर प्रभात फेरी कर आधा दर्जन गाँवों जाकर लोगो को जागरुक किया गया ।महादेव के प्राचीन शिवस्थल पर महाशिवरात्रि पर दर्शन कर वापस गया ।प्रबन्धक अजय कुमार यादव ने मुख्य अतिथितियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया ।प्राचार्य डाँ राकेश तिवारी उपाचार्य डाँ राममनोहर यादव कार्यक्रम अधिकारी डाँ अनूप कुमार तारा ठाकुर शिवशंकर मौर्या दुर्गेश यादवराजेश यादव मार्कण्डेय यादव इन्द्रजीत यादव प्रमुख रुप से उपस्थित रहे ।

## रोजगार मेला में 124 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**देवरिया** । जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल कैरियर सेंटर, देवरिया के संयुक्त तत्वावधान में खंड विकास अधिकारी, विकास खंड बनकटा, देवरिया के प्रांगण में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।इस मेले में 168 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से तीन कंपनियों द्वारा 124 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया इस अवसर पर प्रभारी सेवायोजन अधिकारी ने सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी तथा असफल अभ्यर्थियों को पुनः कठोर परिश्रम करने और भविष्य में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

## सुजुकी मोटर गुजरात द्वारा प्लेसमेंट का आयोजन 05 मार्च को

**देवरिया** । प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान देवरिया शोभनाथ ने बताया है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, देवरिया में सुजुकी मोटर गुजरात द्वारा प्लेसमेंट का आयोजन 5 मार्च को प्रातः 10:30 बजे से किया जाएगा।इस प्लेसमेंट में आईटीआई उत्तीर्ण एवं अंतिम वर्ष में अध्ययनरत अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते हैं। तकनीकी योग्यता में फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, टर्नर, मशीनिस्ट, डीजल मैकेनिक, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, वायरमैन, मैकेनिक मोटर व्हीकल और शीट मेटल ट्रेड शामिल हैं। अभ्यर्थी की आयु 18 से 24 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

## प्रस्तुतियों के बीच मना विद्यालय का वार्षिकोत्सव

**देवरिया** ।बचपन नर्सरी स्कूल निकट काली मंदिर का कैलाश गंगा उत्सव स्थली में 16 वां वार्षिकोत्सव समारोह भव्य एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चन्द्र तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि नीरज शाही, ब्लाक प्रमुख पिन्टू जायसवाल के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र को माल्यार्पित करने के साथ हुआ।



कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें नृत्य, नाटक, गीत एवं अन्य मनोरंजक कार्यक्रम शामिल थे। बच्चो की प्रस्तुतियां मनमोहक थे, जिस पर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध रहे।

मुख्य अतिथि सदर सांसद श्री त्रिपाठी ने अपने संबोधन में विद्यालय के शैक्षिक एवं सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों की सराहना करते हुए छात्रों को भविष्य में और ऊँचाइयाँ छूने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बचपन नर्सरी स्कूल बच्चों का भविष्य सवारने का कार्य कर रहा है वह अत्यन्त ही सराहनीय है। बच्चों के द्वारा दी गयी प्रस्तुतियां विद्यालय में दी जा रही शिक्षा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रमाणित कर रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत अध्यक्ष श्री तिवारी ने बच्चों एवं विद्यालय परिवार को शुभकानायें देते हुए कहा कि वार्षिकोत्सव के माध्यम से विद्यालय के शैक्षणिक एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त होता है। विद्यालय के बच्चों द्वारा जो भी कार्यक्रम आज प्रस्तुत किये गये है। वह शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के मेहनत का परिणाम है, जिसे बच्चों के प्रतिभा को निखाकर प्रस्तुत किये है। परिजन इस विद्यालय पर अपने बच्चों के भविष्य को लेकर भरोसा कर सकते है। इस अवसर पर सेन्ट जेवियर्स स्कूल के प्रधानाचार्य वीके शुक्ला, प्रेम नाथ कुशवाहा आदि ने अपना उद्बोधन दिया। विद्यालय परिवार द्वारा आगन्तुक अतिथियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रवि प्रकाश मिश्र द्वारा किया गया। अन्त में स्कूल की प्रधानाचार्या हेमलता मिश्रा ने सभी आगन्तुको के प्रति आभार व्यक्त की ।कार्यक्रम के इस अवसर पर अशोक मिश्र, रमेन्द्र कुमार दीक्षित, सुभासपा के प्रवक्ता राघवेन्द्र द्विवेदी, भाजपा नेता संजय सिंह, सदानंद सिंह, अनिल कुमार मिश्र, संजय कुमार मिश्र, सभासद सुबास तिवारी, ओंकार पाण्डेय सहित अनेकानेक गण व्यक्ति, अभिभावक, प्रबुद्वजन आदि उपस्थित रहे।

# भारत को स्वाधीन कराने वाले साधक थे आजाद



**देवरिया** । अंग्रेजो के खिलाफ आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले करोड़ो युवाओं के प्रेरणास्त्रोत्र चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा मेडिकल कालेज गेट स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण-पुष्पांजलि कर उनको नमन किया ।इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि अमर बलिदानी चंद्रशेखर आजाद से अंग्रेजी हुकूमत थर-थर कांपती थी, चंद्रशेखर आजाद ने

वर्ष 1921 में 15 वर्ष की उम्र में असहयोग आंदोलन करते हुए पुलिस के हत्थे चढ़ गये और मजिस्ट्रेट के सामने पेश किये गये तो अपना नाम ह्यआजादह्ण बताया, पिता का नाम ह्यस्वाधीनह्ण और घर ह्यजेल.ह्णमजिस्ट्रेट ने पूछा कि करते क्या हो, तो जवाब दिया- ह्यभारतमाता को स्वाधीन कराने की साधना.ह्ण इस पर मजिस्ट्रेट ने उन्हें 15 बेंत लगाने की सजा सुनायी, तो हर बेंत पर ह्यभारत माता की जयह्ण के नारे लगाये और मजिस्ट्रेट के सामने कहा कि दुश्मन की गोलियों का सामना करेंगे, आजाद ही रहे हैं, आजाद ही रहेंगे।

उन्होंने कहा कि स्वाधीनता संग्राम के नायक चंद्रशेखर आजाद भारतमाता को स्वाधीन कराने वाले साधक थे।

पूर्व मीडिया प्रभारी अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद का बलिदान भारतवासी युगों-युगों तक याद रखेंगे।देश के लिये उन्होंने अपना बचपन तक कुर्बान कर दिया ।चंद्रशेखर आजाद जैसे महान व्यक्ति युगों में एकबार ही पैदा होते है।

## अनुदानित संकर बीज और निःशुल्क मिनी किट बीज उपलब्ध

**देवरिया** ।जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जायद अभियान 2025 के तहत शासन एवं कृषि विभाग द्वारा संकर बीजों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अधिसूचित कंपनियों की प्रमाणित प्रजातियों पर अनुदान प्रदान किया जा रहा है। साथ ही, किसानों को सुगमता से बीज उपलब्ध कराने के लिए जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों पर कंपनियों द्वारा स्टॉल लगाकर पंजीकृत कृषकों को बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, जायद में दलहन फसलों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निःशुल्क मिनी किट बीज का भी वितरण किया जा रहा है।जनपद देवरिया को उड़द (8 क्विंटल) एवं मूंग (12 क्विंटल) बीज प्राप्त हो चुका है, जिसका वितरण जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों के माध्यम से किया जाएगा।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 03 मार्च को

**बहराइच** ।अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग/सचिव, जिला सड़क सुरक्षा समिति ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में 03 मार्च 2025 को अपरान्ह 04:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी है। सभी सम्बन्धित अधिकारियों से वांछित सूचनाओं के साथ ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की गई है।

# आपराधिक मामलों में कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें: डा. प्रियंका

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के दिये निर्देश




जिला संवाददाता(vol)

**सीतापुर**। राज्य महिला आयोग की सदस्य डा प्रियंका मौर्य ने गुरुवार को सदर तहसील के सभागार में महिला उत्पीड़न के मामलों की जनसुनवाई की। उन्होंने पीड़ित महिलाओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना। समस्याओं के प्रभावी निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। महिला जनसुनवाई के दौरान कुल 32 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से मौके पर 4 का निस्तारण किया ।जनसुनवाई करते हुए डा प्रियंका मौर्य ने कहा कि महिलाओं को जागरूक करके महिलाओं के विरुद्ध अपराधों को कम किया जा सकता है। इसके लिये उन्होंने जागरूकता अभियान चलाए जाने के निर्देश जिला प्रोबेशन अधिकारी को दिये।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि महिला अपराधों से संबंधित घटनाओं में कड़ी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। महिला अपराधों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश संबंधित को प्रदान किये। उन्होंने ऐसे संगठित गिरोह के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये, जो महिलाओं को आगे कर कूटरचित फर्जी शिकायतें कर धनउगाही, ब्लैकमेलिंग जैसे कृत्यों में संलिप्त हैं। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं से भी अपील की कि वह स्वयं भी जागरूक हों एवं अन्य को भी जागरूक करें तथा उत्पीड़न की घटनाओं में चुप न रहें और तत्काल महिला हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर अथवा पुलिस में शिकायत दर्ज करा सकते है। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिये कि जो भी शिकायतें आज प्राप्त हुयी हैं, उनके निस्तारण संबंधी समस्त सूचनाएं उन्हें उपलब्ध करायी जायें।महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लाभार्थियों को दिलाया जाये ।बैठक में अभिनव कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह, प्रभारी महिला थाना इतुल चैधरी, तहसीलदार सदर विनोद कुमार सिंह, संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्य महिला आयोग के सदस्य ने कन्याओं का जन्मोत्सव मनाया



**सीतापुर**। गुरुवार कोमहिला अस्पताल पहुंची राज्य महिला आयोग के सदस्य प्रियंका मौर्या ने महिला अस्पताल का निरीक्षण किया ।इस दौरान 25 कन्याओं का केक काटकर जन्मोत्सव मनाते हुये गिफ्ट भी वितरित किये।साथ ही उनकी माताओं से वार्ता करते हुये कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही कन्याओं से संबंधित योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।उन्होंने तहसील सभागार में आयी शिकायतकर्ता द्वारा नवजात बच्चा की मृत्यु संबंधी शिकायत पर महिला चिकित्सालय में सीसीटीवी की जांच करते हुये यह पाया गया कि महिला द्वारा की गयी शिकायत निराधार है। जिसमें चिकित्सालय के अधिकारियोंध्कर्मचारियों की कोई भी लापरवाही नही पायी गयी।उन्होंने वहां पर मरीजों से वार्ता करते हुये उपलब्ध करायी जा रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली।

संक्षेप

## सोशल ऑडिट ब्लॉक सभा की बैठक संपन्न

**लहरपुर/सीतापुर**। स्थानीय विकासखंड सभागार में सोशल आडिट निदेशालय के तत्वाधान में सोशल ऑडिट ब्लॉक सभा की बैठक संपन्न। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र प्रजापति की अध्यक्षता में सोशल ऑडिट ब्लॉक सभा की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें खंड विकास अधिकारी प्रीति तिवारी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर निराशा देवी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी रेनू वर्मा, ब्लॉक रिसोर्स पर्सन सीलम सिंह, रीता देवी, आलोक शुक्ला, वीरेश शुक्ला ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र प्रजापति ने कहा कि सभी रोजगार सेवक अपने अभिलेख पूर्ण कर उन्हें सुरक्षित रखें, उन्होंने बताया कि मनरेगा की पत्रावलियों का सोशल आडिट टीम के द्वारा सर्वप्रथम यह देखकर सुनिश्चित करना चाहिए कि वार्षिक कार्य योजना एक होनी चाहिए, ग्राम पंचायत में कार्य संस्तुति है या नहीं,एमबी कार्य पूर्ण होने का बाद ही की जानी चाहिए।कार्य स्थल पर नागरिक सूचना बोर्ड कार्य प्रारंभ होने के पहले लगा होना चाहिए, सोशल ऑडिट के दौरान जो भी कमियां मिली हैं उन्हें तुरंत निस्तारित किया जाएऑडिट के दौरान जो भी अधूरे कार्य हैं उन्हें पूर्ण किया जाय। इस मौके पर ग्राम सचिव सत्येंद्र कुमार सिंह, अविनाश रस्तोगी, अमित कुमार वर्मा, दिनकर, सोमेंद्र यादव, सेवक व टीए संतोष वर्मा उपस्थित थे।

## गायब हुई बालिका का आधा शव भी पुलिस ने किया बरामद

सीतापुर।रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र में गायब हुई बालिका का आधा शव भी पुलिस ने गुरुवार को बरामद कर लिया। लगातार दो दिनों तक चली कांबिंग में पुलिस को शव मिला।शव पर कपड़े गायब थे।परिजन अनहोनी को आशंका जाहिर कर रहे हैं। घटना सीतापुर के रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के बहादुरगंज गांव की है। मंगलवार दोपहर गांव निवासी मोहित मिश्रा की 5 वर्षीय बेटी तानी घर के बाहर खेल रही थी, तभी अचानक लापता हो गई। परिजनों ने काफी तलाश की, पर कुछ पता नहीं चला। इसके बाद रामपुर मथुरा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।बेटी के शरीर के कटे हुए हिस्से देख पिता दूसरे दिन गुरुवार को फफक कर रोने लगे। परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी की हत्या की गई है। शव के टुकड़ों को जंगल में फेंका गया है, जबकि पुलिस जंगली जानवर के हमले की आशंका जता रही है।बच्ची अपने घर के बाहर खेलते समय लापता हो गई थी।बुधवार को पुलिस को घर से कुछ दूरी पर सरसों के खेत में उसका कटा हुआ पैर मिला। इससे 100 मीटर की दूरी पर जबड़ा बरामद हुआ। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।पुलिस ने खोजबीन शुरू की तो बुधवार दोपहर घर से कुछ दूरी पर सरसों के खेत में तानी का एक कटा हुआ पैर मिला। इसी से 100 मीटर की दूरी पर पुलिस को कटा हुआ जबड़ा भी बरामद हुआ। पुलिस ने गुरुवार को फिर से डॉग स्क्वॉयड और ड्रोन से सर्च अभियान शुरू किया।घर से करीब 700 मीटर की दूरी पर तानी का कटा हुआ धड़ मिला।इससे कुछ ही कदम की दूरी पर दूसरा पैर भी बरामद हुआ।बच्ची के शव पर कोई कपड़े भी नहीं थे।वहीं बच्ची के पेट के हिस्से का अब तक कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस का सर्च अभियान जारी है। बच्ची के पिता मोहित मिश्रा का कहना है कि उनकी बेटी की हत्या की गई है।शव के टुकड़ों को खेत में फेंका गया है।हालांकि, उन्होंने किसी पर भी नामजद आरोप नहीं लगाया है। वहीं पुलिस के मुताबिक, घटना किसी जंगली जानवर का हमला प्रतीत होती है।इसके लिए वन विभाग के विशेषज्ञों की भी मदद ली जा रही है।

> ● घर से करीब 700 मीटर की दूरी पर तानी का कटा हुआ धड़ मिला

## विवाद में मारपीट, महिलाओं को पीटने का आरोप

लहरपुर/सीतापुर।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर शाहपुर में दलितों की भूमि पर जबरजस्ती मकान बनवाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट, महिलाओं को पीटने का आरोप।प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को संजू पुत्री हुल्ली निवासी ग्राम सुल्तानपुर शाहपुर ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि, विगत बुधवार को पीड़िता की जगह में जबरदस्ती गांव के मुसुरुद्दीन मकान बनवा रहे थे मना करने पर मुसरूद्दीन व उनके सहयोगी आ गए और पीड़िता को जाति सूचक गंदी गंदी गालियां देते हुए मारने पीटने लगे, बीच बराव करने फूलमती, रामकली, राधारानी, को भी उपरोक्त लोगों ने मारा पीटा और कपड़े भी फाड़ डाले।

पीड़िता के द्वारा घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को भी दी गई थी, कार्यवाही न होने पर पीड़िता ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। घटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि मकान बनाने को लेकर विवाद था काम को रुकवा दिया गया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

**असोहा . उन्नाव**। भाषा संस्थानए लखनऊ एवं पं० सूर्यकांत त्रिपाठी श्निरालाश मेमोरियल एकेडमी इंटर कॉलेजए सेरवैयाए कालूखेड़ा तत्वावधान में चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर श्अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद का स्वतंत्रता आंदोलन में योगदानश विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ आमन्त्रित वक्ता जयमूर्ति शर्माए सुरेशएसतीश त्रिपाठीए अशोक कुमार मिश्रए अनिरुद्ध शुक्ला एवं अमन अवस्थी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माता सरस्वती तथा चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। इस अवसर पर जयमूर्ति शर्मा ने अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का स्वतंत्रता आंदोलन में बलिदान पर छात्रों को विस्तार से बताया ।साहित्यकार सुरेश फक्कड़ ने संगोष्ठी में अपने स्वरचित कई सारे छंद पढ़े साथ ही साथ अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि चन्द्रशेखर आजाद महाबली थे।भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनका बलिदान स्वर्ण अक्षरों में अंकित है।प्रत्येक भारतीय उनके बलिदान पर नमन करता है।माता जगरानी ने इस देश को एक ऐसा लाल दिया जिसने इस देश को आजाद कराने में अपनी महती भूमिका निभाई। सेवानिवृत्त शिक्षक अशोक कुमार मिश्र समाजसेवी एवं विद्यालय प्रबंधक सतीश कुमार त्रिपाठीएअमन अवस्थी ने भी संगोष्ठी को सम्बोधित किया। संगोष्ठी का संचालन एवं संयोजन डॉ०अतुल बाजपेयी ने किया।इस अवसर पर क्षेत्र के राजकुमार मिश्राए अनुराग मिश्राएशोभनाथ सिंह वैश्यए अनूप शुक्लाए अखिलेश दीक्षितए संजीव मिश्राए देवकृष्ण त्रिपाठीए अनुज शर्माए अमित शर्माए तुषार एवं अन्य के अतिरिक्त शिक्षक. शिक्षिकायें एवं बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएं उपस्थित रहीं। जिनमें से कई सम्मानित लोगों ने संगोष्ठी में अपने विचार भी प्रकट किए। आजाद का स्वतंत्रता आंदोलन में योगदानश विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ आमन्त्रित वक्ता जयमूर्ति शर्माए सुरेशएसतीश त्रिपाठीए अशोक कुमार मिश्रए अनिरुद्ध शुक्ला एवं अमन अवस्थी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माता सरस्वती तथा चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया।इस अवसर पर जयमूर्ति शर्मा ने अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का स्वतंत्रता आंदोलन में बलिदान पर छात्रों को विस्तार से बताया ।साहित्यकार सुरेश फक्कड़ ने संगोष्ठी में अपने स्वरचित कई सारे छंद पढ़े साथ ही साथ अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि चन्द्रशेखर आजाद महाबली थे। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनका बलिदान स्वर्ण अक्षरों में अंकित है।प्रत्येक भारतीय उनके बलिदान पर नमन करता है।माता जगरानी ने इस देश को एक ऐसा लाल दिया जिसने इस देश को आजाद कराने में अपनी महती भूमिका निभाई। सेवानिवृत्त शिक्षक अशोक कुमार मिश्र समाजसेवी एवं विद्यालय प्रबंधक सतीश कुमार त्रिपाठीए अमन अवस्थी ने भी संगोष्ठी को सम्बोधित किया। संगोष्ठी का संचालन एवं संयोजन डॉ०अतुल बाजपेयी ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र के राजकुमार मिश्राए अनुराग मिश्राएशोभनाथ सिंह वैश्यए अनूप शुक्लाए अखिलेश दीक्षितए संजीव मिश्राए दअतिरिक्त शिक्षक. शिक्षिकायें एवं बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएं उपस्थित रहीं ।जिनमें से कई सम्मानित लोगों ने संगोष्ठी में अपने विचार भी प्रकट किए।

## हमारे आपके घट में जीवात्मा शब्द के सहारे लाकर दोनों आंखों के मध्य बैठा दी गईः महाराज

जिला संवाददाता(vol)



**सीतापुर**। शाकाहारी-सदाचारी बनाने एवं अध्यात्म की अलख जगाने का संकल्प साधे जनजागरण यात्रा पर निकले संत पंकज महाराज 75वें पड़ाव पर रेउसा ब्लाक के ग्राम मरखापुर पहुंचे। यहा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आतिशबाजी, गाजे-बाजे व फूल मालाओं से स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज महराज ने कहा कि यह मानव जीवन बड़ा अनमोल है। हमारे आपके घट में जीवात्मा शब्द के सहारे लाकर दोनों आंखो के मध्य बैठी दी गई। वहीं बैठ कर पूरे शरीर में चेतना का संचार करती है और जब मृत्यु का समय आता है तो यम के दूत आकर इसी शब्द की डोरी को तोड़ देते हैं और हमारी आप का ये संसार सेकेण्डों में समाप्त हो जाता है। इसी शब्द को ढाई अक्षर भी कहते हैं। ढाई अक्षर ह्यप्रेमह्न नहीं है। प्रेम में तो मात्रा लगी है।

नानक जी ने भी बताया है कि ह्यह्यशब्दहिं धरती, शब्द अकासा, शब्दहिं शब्द गगन परकासा, सगली सृष्टि शब्द के पाछे, नानक शब्द घटाघट आछे ।ह्नह्न सारी सृष्टि की रचना ही शब्द पर आधारित है।सन्त महात्मा धरती पर आकर इसी शब्द को सुरत (आत्मा) से जोड़ने की युक्ति (साधन) बताते हैं और जब मनुष्य अंतमुर्खी साधना (नाम योग साधना) करके जीवात्मा के आंख-कान खोल लेता है तो उसे ब्रह्मसुख की अनुभूति होती है।मानस भी कहती है ह्यह्यनाम जीह जपि जागहिं जोगी, विरत विरंचि परपंच वियोगी ।ह्नह्न इसी शब्द को धुन, आवाज या नाम भी कहते हैं। हमारे गुरु महाराज परम संत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज ने देश में करोड़ो लोगों को यही नाम का दान (नामदान) देकर उनका जीवन बदल दिया।अपराध की दुनियां से उबार कर बाल्मीकि जैसों को भजनानन्दी बना दिया। हम भी अपने गुरु के आदर्शों पर चलकर एक अच्छे समाज के निर्माण में तत्पर हैं। उन्होनें कहा कि आप सब शाकाहार व नशामुक्ति अभियान में अपना योगदान दें कि अपने-अपने बच्चों को नशे की गिरफ्त में आने से बचा लें। उनको चरित्रवान बनायें तथा संस्कारवान बनायें जिससे समरसता पूर्ण एक अच्छा समाज बन सके। उन्होंने आगामी 13 मार्च से 15 मार्च तक मथुरा जयगुरुदेव आश्रम पर होने वाले होली महापर्व पर आने का निमन्त्रण भी दिया। इस अवसर पर संरक्षक गोपीचन्द, तह. अ. देशराज, राज किशोर शुक्ला, ग्राम प्रधान बलराम नाग, भगौती प्रसाद अवस्थी, पतिराम, रामेश्वर दयाल, हीरालाल, धर्मराज यादव, अजीत कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम में चंद कुमार मिश्रा ह्यह्यबापू जीह्यह्य मौजूद रहे स कार्यक्रम के बाद जनजागरण यात्रा अगले पड़ाव हेतु ग्राम रेडहापुरवा के लिये प्रस्थान कर गई।

## एसपी ने पुलिस कर्मियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश



जिला संवाददाता(vol)

**सीतापुर**।1 मार्च से प्रारंभ हो रहे चैरासी कोसीय होली परिक्रमा मेला के दृष्टिगत सुरक्षा, शांति एवम् कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु ड्यूटी में लगे पुलिस बल की ब्रीफिंग गुरुवार को एसपी चक्रेश मिश्रा ने की। इस दौरान उन्होंने समस्त पुलिस कर्मियों को ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। परिक्रमार्थियों की किसी भी प्रकार की शिकायत समस्या पर उसकी तत्काल जांच एवम् निस्तारण के निर्देश दिये।

उन्होंने बताया कि परिक्रमा के दौरान भीड़ नियंत्रणध्यातायात व्यवस्था सुचारू बनाये रखने हेतु आवश्यकतानुसार डायवर्जन करें एवम् महिलाओंध्बच्चोध्वृद्धों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। किसी के भी अपने परिजन से छूटने की स्थिति में उन्हें सुरक्षित स्थान पर लाकर परिजन से मिलाने हेतु यथासंभव प्रयास करें।इस दौरान सभी निरंतर एक दूसरे के संपर्क में भी रहें एवम् किसी भी प्रकार की परिस्थिति उत्पन्न होने की आशंका के दृष्टिगत यथाशीघ्र नियंत्रण सुनिश्चित करें। संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यक स्थायी पुलिस बल तैनात रखें एवम् अराजक तत्वों पर समुचित माध्यमों से दृष्टि बनाये रखें।होली परिक्रमा मार्ग क्षेत्र में बिना अनुमति किसी प्रकार के कार्यक्रम को आयोजित न होने दें।ग्राम प्रहरियों एवम्स्वेच्छा से बने वॉलंटियर्स का सहयोग लेते रहें।ब्रीफिंग के दौरान एडीएम सीतापुर नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मिश्रिख अनिल रस्तोगी, क्षेत्राधिकारी कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी मिश्रिख दीपक कुमार सिंह मौजूद रहे।

## महाशिव रात्रि पर हुआ भजन, झूमे भक्त

जिला संवाददाता(vol)

**लहरपुर/सीतापुर**। नगर के भोलिया बाबा मन्दिर के समक्ष महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भजन रात्रि का किया गया आयोजन जिसमें सारी रात भजनों पर भक्त झूमते गाते रहे।

माँ संतोषी म्यूजिकल ग्रुप सीतापुर के द्वारा आयोजित भजन रात्रि का शुभारंभ विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना के साथ किया गया इस मौके पर उपस्थित कलाकारों ने अपने भजनों से उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।म्यूजिकल ग्रुप के सुनील दीक्षित ने महाशिवरात्रि की महिमा का वर्णन करते हुए सज रहे भोले बाबा निराले दूल्हे में गाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया, भजनों के क्रम में आलोक श्रीवास्तव ने भोले तेरे चरणों की कण धूल जो मिल जाए व सीतापुर से आई कलाकार विमला ने मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तमय बना दिया। इस मौके पर भगवान के विभिन्न स्वरूपों की सजीव झांकियां भी प्रस्तुत की गई, प्रातः काल तक चले इस कार्यक्रम में उपस्थित श्रोता भक्ति रस में डूबते उतराते रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उमेश मेहरोत्रा, बीनू चीनू, पंकज यादव, अखिलेंद्र यादव, राजू तिवारी, निर्मल पाण्डेय, अंकित अवस्थी, भगवानदीन त्रिवेदी, मयंक टंडन, चिराग मेहरोत्रा, प्राजंल मिश्रा, सलिल मिश्रा, रामकरण बाजपेई, ऋषि टंडन, देवेंद्र पाण्डेय सहित भारी संख्या में माताएं बहने व बच्चे मौजूद थे।

## महाशिवरात्रि बड़े ही धूमधाम से मनाई गयी

सीतापुर। महाशिवरात्रि पर शहर के चूंगी चैकी के एस बी आई बैंक के निकट दुर्गा मंदिर मे शिव भक्तो ने महाशिवरात्रि बड़े ही धूमधाम से मनाई। इस दौरान भक्तों ने मंदिर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर पूजन अर्चन किया।वही शिव भक्तों ने प्रसाद वितरित किया ।इस मौके पर रंजीत गुप्ता, कुलदीप शुक्ला, अमित गुप्ता, हिमांशु शुक्ला, सुमित गुप्ता, अभय शुक्ला, आदर्श गुप्ता,वंश तिवारी,हिमांशु गुप्ता अवनीश मिश्रा सहित सैकड़ो भक्त मौजूद रहे।

## कढ़ाई प्रशिक्षण के दौरान महिलाओ को सिलाई मशीन व किट मिली

**असोहा.उन्नाव**। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड सोसाइटी द्वारा सिलाई कढाई प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को सिलाई मशीन व किट वितरित की गई ।इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा सामाजिक उत्तर दायित्व कार्यक्रम के तहत सोसाइटी फॉर वॉलंटरी एक्शन एंड रिसर्च लखनऊ द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की 210 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए क्षेत्र के कालूखेड़ा में विगत चार महीने से चल रहे सिलाई कढ़ाई के प्रशिक्षण शिविर सक्षम का आज समापन समारोह आयोजित कर सभी को सिलाई मशीन एवं किट वितरित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अंजू प्रजापति ने कहा कि देश के आत्मनिर्भर बनाने में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान है और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमटेड के इस प्रयास से क्षेत्र की महिलाओं को व्यावसायिक जीवन के प्रारंभ के लिए बहुत मदद मिलेगी। बुधवार को कालूखेड़ा कस्बे शिव लॉन में आयोजित कार्यक्रम में इंडियन मिल कारपोरेशन के फंड से 210 महिलाओं को सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया एवं सभी लाभार्थियों को सिलाई मशीन एवं किट वितरित की गई ।कार्यक्रम में उपस्थित इंडियन मिल कॉरपोरेशन लिमिटेड के लखनऊ अंचल के महाप्रबंधक सीएसआर बी एल कपूर ने विस्तार से प्रशिक्षण कार्यक्रम में कहा कि समाज के हित के लिए इंडियन मिल का प्रयास हमेशा रहता हैए महिलाओं के उत्थान के लिए इंडियन आयल हमेशा प्राथमिकता के आधार पर कार्य करता है। ग्राम प्रधान उत्कर्ष दीक्षित ने सक्षम परियोजना शुरू किए जाने के लिए इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड का आभार व्यक्त किया ।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अभय दीक्षित संस्था के अध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ला, परियोजना निदेशक नितेश यादव, सनद श्रीवास्तव ,वासिल खान तारा कुमारी भी उपस्थित रहे।

## आग से गृहस्थी जलकर खाक

**फतेहपुर चौरासी,उन्नाव**।स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव सैता के मजरा पियारे खेडा में बुधवार की देर शाम गांव निवासी पहलवान के घास फूस से बने बगले के छप्पर मे अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग जलते देख ग्रामीण आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे।जबतक गांव वाले आग बुझाते तब तक छप्पर के नीचे रखे ग्रहस्थी का सामान और एक बाईक जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने किसी तरह आग बुझाई।सूचना पर पहुंचे राजस्व कर्मी ने अग्निकांड मे हुए नुकसान का आंकलन किया रिपोर्ट उच्चधिकारियों को भेजने की बात कही।वहीं क्षेत्र के ही तकिया चौराहे के निकट एक मिठाई की दुकान में अचानक आग लग गई जिससे अफरातफरी मच गई।इस भीड़ ने किसी तरह आग पर काबू पा लियाए जिससे कोई बड़ा नुकसान होने से बच गया।

## पूजा - अर्चना के साथ भंडारे का आयोजन




**सीतापुर**।गुरुवार को सीतापुर के आरएमपी कॉलेज मैदान स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।इस दौरान नर्मदेश्वर महादेव परिवार ने विधि विधान से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की।मंदिर परिसर में कन्या भोज का आयोजन किया गया। कन्या भोज के आयोजन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, विहिप के विपुल सिंह, महेश शर्मा आदि ने पूजा अर्चना की। जिसके उपरांत भगवान भोलेनाथ को भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया गया। भंडारे में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर से शुरू हो भंडारा देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान मंदिर प्रचार हर हर महादेव के जयकारों से घूमता नजर आया।

## खाना बनाते समय लगी आग, घर गृहस्थी का सामान जलकर खाक

**लहरपुर/सीतापुर**।कोतवाली क्षेत्र की भदफर चैकी अंतर्गत ग्राम चंदवासोत में दोपहर खाना बनाते समय लगी आग, घर गृहस्थी का सामान जला। प्राप्त जानकारी के अनुसार मैकू पुत्र तुलसी के घर से खाना बनाते समय अचानक आग लग गई जिसकी चपेट में एक ही घर जिसमें पांच परिवार अलग-अलग रहते थे अग्निकांड का शिकार हो गए।पीड़ित परिवारों में श्री राम, शिवराम, अजय पाल पुत्र श्री राम, प्रीति पुत्री स्वर्गीय मालती, सुरेश, रामजीवन पुत्र मैकू का गृहस्थी का सामान, शिवराम के सोने चांदी के जेवर और अनाज भी जल गया पीड़ित लोगों ने बताया कि आग लगने की सूचना तहसील प्रशासन को दे दी गई है।इस संबंध में क्षेत्रीय लेखपाल अंकित यादव ने बताया कि, मैकू व शिवराम के घर आग से जल गए हैं किसी भी प्रकार की पशु या जन हानि नहीं हुई है, आग लगने की रिपोर्ट बनाकर कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार

**सीतापुर**।तंबौर थाना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की।इस दौरान पुलिस टीम ने तंबौर थाना क्षेत्र के मोहल्ला कायस्थन निवासी मेहताब पुत्र मुन्ना को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल बरामद की है।पुलिस का कहना है कि इस मोटर साइकिल को तंबौर कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चोरी किया गया है।

## बहला फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म में 7 वर्ष की कैद

**सीतापुर**।सदरपुर थाने में वर्ष 2017 में सदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर निवासी नीरज पुत्र नागेश्वर के खिलाफ एक परिवार ने बहला फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था।इस मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 14६ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने सबूत को देखने, गवाहों व दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद नीरज पुत्र नागेश्वर दोषी करार दिया।न्यायाधीश ने नीरज को 7 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है।वही 18 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

## अपर जिला जज ने किया निरीक्षण

**सीतापुर**।गुरुवार को विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने लीगल एड क्लीनिक नैमिषारण्य तहसील मिश्रिख का निरीक्षण किया।निरीक्षण के समय लीगल एड क्लीनिक पर पीएलवी छोटे मुन्ना, विनय मिश्रा उपस्थित रहे। लीगल एड क्लीनिक के निरीक्षण के दौरान सभी रजिस्टर जॉचे गये। उनको सत्यापित किया गया। उपस्थित पराविधिक स्वयं सेवकों को निर्देशित किया गया कि यहॉ पर आये हुए समस्त आगंतुकोंध्भक्तगणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जन सामान्य के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं के बारें में जानकारी उपलब्ध कराये। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 8 मार्च 2025 का व्यापक का प्रचार-प्रसार करते रहे।

## डॉ0 राम मनोहर लोहिया इंटर कॉलेज में अर्जुनम फिल्म की शूटिंग का हुआ शुभारंभ

**तम्बौर/सीतापुर**। नगर के मोहल्ला नवाब साहब पुरवा में स्थित डॉ0 राम मनोहर लोहिया इंटर कॉलेज में गुरुवार को भोजपुरी फिल्म अर्जुनम की शूटिंग का शुभारंभ विधिविधान से भगवान श्री गणेश के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर पूजा अर्चना कर किया गया। फिल्म के नायक भोजपुरी फिल्म अभिनेता संग्राम सिंग पटेल ने बताया कि यह हमारी तम्बौर कस्बा व क्षेत्र में पहली बार अपनी तीसरी फिल्म अर्जुनम शूटिंग हो रही है जो तम्बौर व आसपास के मनोरम स्थानों पर करेंगे इस फिल्म में दो हीरो है रवि चैधरी इंस्पेक्टर की तो संग्राम सिंह पटेल मुख्य हीरो की भूमिका निभा रहे हैं यह फिल्म कल्याण फिल्म एंटरटेनमेंट रुद्राक्ष सिने क्राफ्ट प्राइबेट लिमटेड प्रोड्यूसर चैधरी कल्याण सिंह, पूजा चैधरी, डारेक्टर मोबिन वारसी के निर्देशन में व हीरोइन नेहा चैहान, मनोज बक्शी, रवि चैधरी, सुधा चैधरी, कैमरा मैन वसीम अली, एसोसिएट डायरेक्टर लकी जैसवाल, आर्ट डायरेक्टर ऋषभ विश्वकर्मा, सुंदर कश्यप के निर्देशन में बनाई जा रही है।

संक्षेप

## पीडीए को मजबूत करने का किया आह्वान

**ललितपुर**। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर पूरे प्रदेश में पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को एकजुट करने के उद्देश्य से पीडीए यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा गुरूवार को सपा के प्रदेश सचिव/यात्रा प्रभारी महेश कश्यप के नेतृत्व में झांसी से चलकर ललितपुर पहुंची। ललितपुर पहुंचने के पहले यात्रा का जिले के बॉर्डर झरघाट से भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने यात्रा का फूलमालाओं और पुष्पवर्षा करते हुये जोरदार उदघोष करते हुये किया गया। समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष इंजी.ह्रदेश यादव मुखिया व वरिष्ठ नेता विनोद रावकवार के संयुक्त नेतृत्व में पीडीए यात्रा की ललितपुर नगर में भव्यता से अगुवानी की गयी। यात्रा शहर से होते हुये मोहल्ला तालाबपुरा पहुंची। तालाबपुरा पहुंचते ही यात्रा जनसभा में परिवर्तित हो गयी। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान सत्तादल की गलत नीतियों का विरोध करते हुये समाजवादी पार्टी आमजन के अधिकारों को दिलाने का काम कर रही है। उन्होंने आह्वान किया कि समय आ गया है कि अपने अधिकारों को और भी सुरक्षित करने के लिए पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक एक मंच पर आयें।

## मिनी स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**ललितपुर**। जिला एड्स नियंत्रण समिति द्वारा आई.टी.आई के पास स्थित कांशीराम कॉलोनी में एक दिवसीय विशाल मिनी कैम्प का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ जिला क्षयरोग/एड्स नियंत्रण अधिकारी डा.आर.एन. सोनी के द्वारा किया गया। तत्पश्चात स्थानीय एक संस्था द्वारा संचालित लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना प्रबंधक द्वारा एच.आई.वी., एड्स के प्रति जागरूक किया जिसमें कारण, लक्षण और बचाव के उपायों पर चर्चा की। मौसमी बीमारियों के बचाव हेतु डा.भीमसिंह ने जांच करते हुए नीरज चतुर्वेदी द्वारा निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। लेब टेक्निशियन अमित पुरोहित द्वारा टीवी की जांच करने हेतु हॉस्पिटल में बलगम की जांच कराने की सलाह दी गई। अरविन्द शर्मा द्वारा एच.आई.वी.की जांच की गई। इस कैम्प में मनोज गुप्ता, विजय बहादुर सिंह पाल, संजय सिंह, भावना ने सहयोग देकर कैम्प को सफल बनाया।

## होमगार्ड की करंट लगने से मौत

**ललितपुर**। जिले में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। बुधवार की रात करंट लगने से 46 वर्षीय होमगार्ड जवान की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना बार क्षेत्र के मोहल्ला गुलियापुरा निवासी देशपत कुशवाहा के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज ले गए। रात 12.05 बजे अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की मौत को लेकर दो अलग-अलग कहानियां सामने आ रही हैं। कुछ लोगों का कहना है कि वह एक रिश्तेदार के तिलकोत्सव कार्यक्रम में गए थे, जहां यह हादसा हुआ। वहीं, उनके भाई का कहना है कि खेत में सिंचाई करते समय उन्हें करंट लग गया। देशपत तीन बहनों और दो भाइयों में सबसे बड़े थे। उनके दो बच्चे हैं। होमगार्ड की अचानक मौत से परिवार में मातम छा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और करंट लगने के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को रखें दुरुस्त:आईजी

जिला संवाददाता(vol)



**बरेली**। अपराध और असामाजिक तत्वों पर सख्ती बढ़ाते हुए आईजी डॉ. राकेश सिंह ने बरेली परिक्षेत्र के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों (एसएसपी) और पुलिस अधीक्षकों (एसपी) के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में अपराध नियंत्रण,

- आईजी रेंज के सभी प्रभारियों के साथ की समीक्षा, दिए निर्देश
- कानून-व्यवस्था पर कड़ी नजर, होली और रमजान पर विशेष सतर्कता

कानून-व्यवस्था और जनता की सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई अहम निर्देश जारी किए। आईजी ने पुलिस अधिकारियों को दो टूक कहा कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक के अनुरूप, लंबित मामलों का जल्द से जल्द निस्तारण और गंभीर अपराधों में दोषियों को सख्त सजा दिलाने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। आईजी ने माफिया राज को पूरी तरह खत्म करने के लिए ऑपरेशन क्लीन, ऑपरेशन त्रिनेत्र और ऑपरेशन कन्विक्शन जैसे अभियानों को और अधिक आक्रामक तरीके से चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराधियों की संपत्तियों की कुर्की, गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज करने और जेल भेजने की कार्रवाई तेज की जाए।

इसके अलावा महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मिशन शक्ति फेज-05 के तहत चल रहे अभियानों की समीक्षा की गई। महिला हेल्पडेस्क को और प्रभावी बनाने, महिला बीट प्रणाली को सुदृढ़ करने और महिला अपराधों के मामलों में तेजी से चार्जशीट दाखिल करने के निर्देश दिए। आईजी ने स्पष्ट किया कि छेड़छाड़, घरेलू हिंसा और अन्य महिला अपराधों पर पुलिस को जीरो टॉलरेंस नीति अपनानी होगी। इसके साथ ही दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए विशेष निगरानी रखने का भी आदेश दिया गया। आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। आईजी ने कहा कि ऑनलाइन ठगी, फेक कॉल, साइबर बुलिंग और अन्य साइबर अपराधों पर नकेल कसने के लिए साइबर क्राइम सेल को हाईटेक बनाया जाए। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि अगर कोई संदिग्ध साइबर गतिविधि दिखे, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। आईजी ने आगामी होली और रमजान के त्योहारों को शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने, सीसीटीवी निगरानी बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए।

आईजी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आईजीआरएस (इंटीग्रेटेड ग्रीवेंस रीड्रेसल सिस्टम) और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस थानों में आने वाले प्रत्येक पीड़ित की शिकायत को गंभीरता से लिया जाए और उसे संतोषजनक समाधान मिले। बैठक में निर्देश दिए गए कि सभी अधिकारी जनता की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में किसी भी तरह की कोताही न बरती जाए। आईजी के इन निर्देशों से यह साफ है कि आने वाले दिनों में अपराधियों पर शिकंजा और सख्त होगा, कानून-व्यवस्था और मजबूत होगी और आम जनता को ज्यादा सुरक्षित माहौल मिलेगा।

## तहसील व जिला स्तर पर आयोजित होंगी खेल प्रतियोगिताएं

**बहराइच**। क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि ह्यह्यसांसद खेल स्पर्धा योजनाअन्तर्गत तहसील मिहींपुरवा हेतु ब्लाक मिहींपुरवा एवं बलहा के लिए 28 फरवरी 2025 को एस.पी.डी. कालेज सेमरहना, तहसील महसी के ब्लाक तेजवापुर व महसी के लिए 01 मार्च 2025 को ब्लाक मुख्यालय तेजवापुर बेड़नापुर तथा तहसील नानपारा के ब्लाक बलहा, नवाबगंज व शिवपुर के लिए 02 मार्च 2025 को सआदत इण्टर कालेज नानपारा में तहसील स्तरीय में प्रतियोगिताएं आयोजित होगी।

## प्रो. अभिषेक दत्त त्रिपाठी बने समन्वयक

**अयोध्या**। का.सु. साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय अयोध्या के संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो अभिषेक दत्त त्रिपाठी को उप्र राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज द्वारा महाविद्यालय स्थित अध्ययन केंद्र पर समन्वयक नियुक्त किया गया है। प्रोफेसर त्रिपाठी के समन्वयक नियुक्त होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दानपति तिवारी, पूर्व प्राचार्य प्रो नर्वदेश्वर पांडे, प्रो अनुराग मिश्रा, मुख्य नियंता डॉ बी के सिंह ,प्रो अशोक मिश्रा, प्रो योगेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी,प्रो पवन कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## रोटी बैंक ने किया गरीब कन्या का विवाह




**बांदा**। रोटी बैंक सोसायटी के तत्वावधान में गरीब कन्या का विवाह शहर के रायल पैरिस मैरिज लॉन में हुआ। रोटी बैंक संस्था के जरिए काजल निगम व नितेन्द्र निगम परिणय सूत्र मे बंधे। बारात का मुख्य अतिथि सह संरक्षक चंद्रमौलि भरद्वाज, समाजसेवी मनु बंसल, अध्यक्ष रिजवान अली, संगठन मंत्री सुनील सक्सेना, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, राहुल अवस्थी व महिला अध्यक्ष तबस्सुत फात्मा ने बारातियों को माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया। बताते चलें कि रोटी बैंक सोसायटी जरूरतमंदों को समय-समय पर कपड़े, किताबें, जूते, कंबल और अस्पतालों में मरीजों को फल व बिस्किट वितरण करने के साथ प्रत्येक वर्ष एक जरूरतमंद कन्या का विवाह करवाती है। संस्था के सहयोगियों ने कन्या को सहयोग राशि एवं घर गृहस्थी का जरूरत का सभी सामान देकर विवाह की रस्मों को पूरा कर भीगी पलकों के साथ कन्या की विदाई की। इस दौरान जिला बार एसोसिएशन महासचिव मनोज निगम लाला, श्यामजी निगम, नवीन निगम, अरूण निगम, निखिल सक्सेना, आशिफ अंसारी, गोपाल गोयल, संजय ककोनिया, राबिया खान, रिचा रैकवार व बड़ी संख्या में सोसायटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डीएम ने किया तहसीलदारों का तबादला

**बांदा**। सदर तहसीलदार राधेश्याम सिंह का स्थानांतरण पैलानी तहसील के लिए हो गया है। इनके स्थान पर पैलानी में तैनात रहे विकास पांडेय को सदर तहसील का दायित्व जिलाधिकारी जे0 रीभा ने सौंपा है। स्थानांतरित दोनो तहसीलदारों ने कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है। सदर तहसीलदार विकास पांडेय ने कहा कि शासन की नीतियों और जिलाधिकारी के निदेर्शों का पूरी तरह पालन करेंगे। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह ने नवागंतुक तहसीलदार का माला पहनाकर स्वागत किया।

## किन्नरों का आतंक युवक को पीटा

**बरेली**। शहर के थाना बारादरी क्षेत्र में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब आम लोग खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। ताजा मामला सेटेलाइट बस अड्डे का है जहां किन्नरों के एक गुट ने एक युवक को घेरकर बुरी तरह पीटा और लूटपाट की। चौंकाने वाली बात यह है कि इस दौरान पुलिस का कोई अता-पता नहीं था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें साफ देखा जा सकता है कि किन्नरों का एक गिरोह एक युवक को बेरहमी से पीट रहा है।

सेटेलाइट बस अड्डे के आसपास रात के समय अराजक तत्व सक्रिय हो जाते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार लड़की के वेश में घूमने वाले गिरोह यात्रियों को अपना शिकार बनाते हैं। इनकी अश्लील और आपत्तिजनक हरकतों के चलते परिवार के साथ सफर करने वाले यात्री असहज महसूस करते हैं।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि यात्रियों से जबरन उगाही और मारपीट जैसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। शिकायतें भी कई बार की गईं लेकिन बारादरी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। जिससे अपराधियों के हौसले और बुलंद हो गए।

# साहब, छह हजार रुपये ले लिये प्रसव के नाम पर

### राज्य महिला आयोग की सदस्य के सामने खुली पोल, बगले झांकते नजर आये सीएमएस और डॉक्टर्स

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर**। जनपद का मेडिकल कॉलेज उगाही एवं अव्यवस्थाओं का अड्डा बना हुआ है। जिला अस्पताल के मेडिकल कॉलेज में मर्ज होते ही मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं नसीब होना तो छोड़िये उनसे हर बात के रुपए ऐंठे जा रहे हैं, जो मरीज सुविधा शुल्क अधिकारी एवं डॉक्टर प्रदेश के मुख्यमंत्री के जनहितैषी कार्यों को स्वयं पलीता लगा रहे हैं। जिससे जहां एक ओर पीडित व्यक्ति परेशान हो रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर इस प्रकार की व्यवस्थाओं के कारण आम आदमी में आक्रोश भी पनप रहा है। राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पटेल का आज नगर में भ्रमण कार्यक्रम सहित

- ललितपुर का मेडिकल कॉलेज सहित जिला महिला अस्पताल बना उगाही का अड्डा
- उगाही के दर्जनों मामले हो चुके उजागर, कार्यवाही न होने से भ्रष्टाचारियों को नहीं है डर



एवं रिश्वत नहीं देता है, उन्हें उपचार नहीं मिलता है और सौतेला व्यवहार उनके साथ किया जाता है। मेडिकल कॉलेज अंतर्गत जिला महिला अस्पताल में ऐसे एक नहीं अभी तक दर्जनों केस आ चुके हैं, जहां पर खुलेआम रुपए मांगे जाते हैं, कभी ऑपरेशन के नाम पर, कभी डिलीवरी के नाम पर तो कभी उपचार के नाम पर। जहां एक ओर प्रदेश के मुखिया स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए अरबों रूप्यों का बजट दे रहे हैं, लेकिन उदासीन एवं भ्रष्टाचारी महिला सुनवाई का कार्यक्रम निर्धारित था। आयोग की सदस्या अपने निर्धारित समय पर महिला जनसुनवाई एवं जिला महिला अस्पताल, आंगनबाड़ियों का निरीक्षण करने पहुंच गईं।

जनसुनवाई उपरांत आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पटेल जब व्यवस्थाओं का जायजा लेने जिला महिला अस्पताल पहुंची तो वह उस समय दंग रह गईं जब एक महिला सुशीला देवी से उन्होंने महिला अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा तो जिला महिला अस्पताल में चल रहे लूट का पदार्फास हो गया, सुशीला देवी ने आयोग की सदस्य को बताया कि वह अपनी बहू के प्रसव के लिए यहां आईं हैं, बहू भर्ती है, और उनसे छह हजार रुपए की मांग की गई और दबाव बनाया गया। जिससे सुशीला देवी घबरा गईं और छह हजार रुपए स्वास्थ्य कर्मी के माध्यम से डाक्टर को दे दिये। जब सदस्य ने उसकी समस्या सुनी तो उन्होंने सुशीला देवी को माला पहनाकर उनका स्वागत करते हुये उनके हौंसले की तारीफ करते हुये कहा कि इसी प्रकार आप लोग भ्रष्टाचार के विरूद्ध आवाज उठायें शोषण का शिकार मत बनें अपनी समस्याएं हमें बतायें। उन्होंने कहा कि महिलाएं आगे आयें और गलत के खिलाफ आवाज उठायें। इस दौरान मौके पर पोल खुलते देख जिला महिला अस्पताल की सीएमएस, डॉक्टर्स सहित मेडिकल प्रशासन को पसीना आ गया। आप बताते चलें कि पूर्व में भी एक जागरूक नागरिक की पत्नी की डिलीवरी होनी थी उससे भी एक संविदा डॉक्टर ने अवैध उगाही की थी लेकिन वह मोबाइल की वीडियो में कैद हो गया था और मामला खुल गया था। ऐसे सैकड़ों मामले आ चुके हैं, लेकिन लखनऊ से लेकर ललितपुर जिला प्रशासन के द्वारा कड़ी कार्यवाही न किये जाने के कारण ऐसे भ्रष्टाचारियों पर नकेल नहीं कस पा रही है। जनहित में समाचार पत्र के माध्यम से प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से मांग की जाती है कि वह ललितपुर की स्वास्थ्य सेवाओं का संज्ञान जरूर लें।

## संघ कार्यालय में शिवरात्रि पर हवन-पूजन, भंडारा



**बांदा**। शहर के केशव कुंज कटरा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कार्यालय में महाशिवरात्रि पर रूद्राभिषेक, कीर्तन व विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। दो दिवसीय कार्यक्रम में बुधवार को शिवरात्रि पर्व पर संघ कार्यालय स्थित नरमदेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का रूद्राभिषेक किया गया। संघ के विभाग प्रचारक मनोज, जिला प्रचारक अनुराग, जिला संघ चालक सुरेन्द्र पाठक ने शिवलिंग का विधि विधान से पूजन किया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज पुरवार, विजय ओमर व संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। इसके पश्चात देर रात तक भजन कीर्तन कार्यक्रम चलता रहा। गुरूवार को संतों के मार्गदर्शन व हवन-पूजन के बाद विशाल भंडारा आयोजित हुआ। इसमें बड़ी संख्या में सनातनी बंधुओं ने प्रसाद चखा। कार्यक्रम में विभाग कार्यवाह संजय, मंडल कार्यवाह अंजनी खरे, नगर कार्यवाह सोमेश, प्रांत प्रचार प्रमुख अरूण, प्रदेश कार्य समिति सदस्य जगन्नाथपाठक, रामनाथ श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजय सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव, पूर्व उपाध्यक्ष उत्तम सक्सेना, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, उपाध्यक्ष ममता मिश्रा, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहकारिता आशुतोष तिवारी, विष्णु द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

## राशन कार्ड ई-केवाईसी 30 जून तक

**बांदा**। शासन ने राशन कार्ड लाभार्थियों की शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कराए जाने के लिए 14 अगस्त 2024 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार ई-केवाईसी अभियान के निर्धारित समय को आगामी 3 माह के लिए बढ़ाया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी उबैदुर्र रहमान ने बताया कि अपर आयुक्त खाद्य और रसद विभाग के 14 फरवरी 2025 में जारी आदेश के परिपेक्ष में ई-केवाईसी का समय बढ़ाया गया है। उन्होने कहा है कि आदेशों के चलते जिल में प्रचलित सभी कार्ड धारकों व लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि वह अपने परिवार के सभी सदस्यों की ई-केवाईसी 30 जून से पहले ई-पास मशीन के जरिए अवश्य करा लें।

## ऑक्सीजन पार्क में बनेगा म्यूजिकल फाउण्टेन

**बांदा**। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के प्रयासों के चलते 951 लाख की लागत से शहर के ऑक्सीजन पार्क में म्यूजिकल फाउण्टेन का शीघ्र ही निर्माण होगा।

इसके बन जाने से लाईट और साउंड सिस्टम के साथ जल लहरों का लोग आनंद ले सकेंगे। इसके लिए पर्यटन विभाग ने 475 लाख की धनराशि अवमुक्त कर दी है। ऑक्सीजन पार्क नवाब टैंक में म्यूजिकल फाउण्टेन के लिए सदर विधायक ने पर्यटन मंत्री को पत्र भेजकर इसके लिए अनुरोध किया था। पत्र का संज्ञान लेकर पर्यटन मंत्री ने 14 फरवरी के माध्यम से इको टूरिज्म के विकास संबंधी योजना के तहत म्यूजिकल फाउण्टेन की स्थापना के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति माह निदेशक पर्यटन को देकर 951 लाख की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की है। प्रस्ताव के सापेक्ष 475 लाख



रुपये धनराशि अवमुक्त की गयी है। इस परियोजना का काम कार्यदायी संस्थान प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड होगा।

ऑक्सीजन पार्क नवाब टैंक में प्रस्तावित इस म्यूजिकल फाउण्टेन में अनेक प्रोजेक्शन लाइट एवं लेजर लाइट के जरिए पानी की सतह पर अद्भुत आकृतियां उभरेंगी और फाउण्टेन से निकलने वाली पानी की धाराएं संगीत के साथ बदलेंगी। सदर विधायक ने बताया कि म्यूजिकल फाउण्टेन प्रोजेक्ट के पूरा होने से शहर के लोगों को मनोरंजन के लिए एक नया स्थान मिल सकेगा और जिले के लोग साउंड एंड लाइट लेजर शो का भरपूर आनंद ले सकेंगे। उन्होने इसके लिए मुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री का आभार जताया है।

## 70 कर्मशील महिलाओं को किया सम्मानित

**बरेली**। आधी आबादी को मिले पूरी हिस्सेदारी। यह विचार व्यक्त किया आस संस्था की की अध्यक्ष समयुन खान ने। वे गुरुवार को सावित्रीबाई फुले सम्मान समारोह को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि पिछली पंक्ति में खड़ी महिलाएं जो संघर्ष कर अपना जीवन यापन कर रही है, संस्था उन सभी महिलाओं को सम्मानित करना चाहती है।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट पर आक्रोश

**ललितपुर**। थाना बार क्षेत्र के ग्राम बरौदाडांग में रहने वाले चन्द्रपाल अहिरवार पुत्र बल्ची उर्फ रामकिशोर अहिरवार द्वारा विगत कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया के माध्यम से सामाजिक उन्माद फैलाने की नीयत से आपत्तिजनक पोस्ट किये जाने का मामला अब तूल पकड़ता नजर आ रहा है। हालांकि इस मामले में पुलिस ने गांव के रामरूद्र शाण्डिल्य की तहरीर पर चन्द्रपाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। अब उक्त युवक के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग को उठाते हुये ब्राह्मण समाज एवं प्रबुद्ध वर्ग की महिलाओं ने राज्य महिला आयोग की सदस्य को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में विश्व हिन्दू परिषद के महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष शक्ति पाठक ने बताया कि बरौदाडांग निवासी चन्द्रपाल अहिरवार द्वारा अपनी फोटो लगाकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट की गयी, जिससे सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज व बुद्धिजीवी वर्ग में काफी आक्रोश बना हुआ है। बताया कि आपसी वैमन्स्यता फैलाने के उद्देश्य से की गयी इस पोस्ट के जरिए लोगों में धार्मिक उन्माद फैलाने का कुत्सित प्रयास किया गया, जो कि दूषित मानसिकता को दशार्ता है। संगठन की महिलाओं ने सदस्य से मामले की उच्च स्तरीय जांच करायी जाकर उक्त व्यक्ति के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय विश्व हिन्दू परिषद के महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष शक्ति पाठक के अलावा बजरंग सेना से कविता पस्तोर, अंजना दुबे, अंकिता, उमा, रितु समाधिया, सोनम दुबे, नेहा आदि मौजूद रहीं।

## पति से नाराज पत्नी ने लगायी फांसी

**बांदा**। पति से फोन पर कहासुनी से नाराज होकर पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बदौसा थाना क्षेत्र के उतरवां गांव के मजरा फूलचंद का डेरा निवासिनी किरन 25 ने बीती देर शाम कमरे के छप्पर में साड़ी का फंदा बनाकर जान दे दी। ससुर फूलचंद ने देख तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर शव को फंदे से नीचे उतारा। किरन का पति कल्लू बीते 4 महीने से पूना में रहकर काम कर रहा था। दंपत्ति शादी के बाद से ही अलग रह रहे थे। किरन के ढ़ाई साल की बेटी है। मंगलवार को पति का फोन आया था। जिसमें पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी। इसी के बाद किरन ने यह आत्मघाती कदम उठाया। मृतका की मां मुन्नी देवी ने ससुराल पक्ष पर किसी तरह का आरोप नही लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कोतवाली पुलिस ने पकड़ा बाइक चोर



**ललितपुर**। कोतवाली पुलिस ने थाने पर पंजीकृत धारा 303(2), 317(2) बीएनएस में प्रकाश में आये अभियुक्त मोहल्ला हरदीला निवासी सुरेन्द्र कुशवाहा पुत्र जाहर कुशवाहा को एक अदद चोरी की गयी मोटर साईकिल संख्या आर.जे. 18 एन.एस. 4781 सहित हवाई पट्टी के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही प्रचलित है। बताया गया है कि राजस्थान राज्य के जिला भरतपुर अंतर्गत थाना भुसावर के ग्राम हाथौड़ी निवासी नरेन्द्र कुमार पुत्र वीरबल सिंह ने तहरीर देकर बताया था कि उसकी अज्ञात चोर द्वारा ऑफिस के बाहर से मोटर साइकिल चोरी हो गयी थी। सूचना के आधार पर थाना कोतवाली ललितपुर पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर घटना के सफल अनावरण हेतु टीमे गठित कर धरातलीय सूचना, सीसीटीवी कैमरो व अन्य एकत्रित साक्ष्यों की मदद से प्रकाश में आये अभियुक्त सुरेन्द्र कुशवाहा उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। बाइक चोर को पकड ? वाली पुलिस टीम में उ.नि. सुशील कुमार त्रिपाठी व उ.नि. भूपेन्द्र सिंह शामिल रहे।

## जबरन अवैध निर्माण करने का आरोप

ललितपुर। कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम कड़ेसराकलां के मजरा मनेरा में रहने वाले भागीरथ पुत्र सुजान व प्रेम पत्नी भगवानदास ने संयुक्त रूप से एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को भेजा है। पत्र में उन्होंने बताया कि उनकी भूमिधर आराजी पर दबंगों द्वारा अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसे रोके जाने की आवश्यकता है। आगे बताया कि गांव के दबंग हरभजन पुत्र काशीराम द्वारा पीड़ित की भूमिधर आराजी संख्या 1619 रकवा 0.433 हे. पर अवैध निर्माण किया जा रहा है।

जब अवैध निर्माण किये जाने से रोका तो उक्त लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गयी। पीड़ित ने मामले की सूचना तत्काल डायल 112 पर पुलिस को दी, जिससे पुलिस मौकेपर आयी, परन्तु उक्त लोगों पर कार्यवाही नहीं की गयी। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग काफी आपराधिक किस्म के लोग हैं और जबरन अवैध निर्माण किया जा रहा है।

पीड़ित ने परिवार समेत मुख्यालय पहुंच कर डीएम-एसपी को शिकायती पत्र भेजते हुये तत्काल निर्माण कार्य रोके जाने की मांग उठायी है।

# कार्यशाला: तम्बाकू से होने वाली बीमारियों से किया जागरूक

**रिछा, बरेली**। बृहस्पतिवार को मिशन ग्लोबल एकेडमी सिंधौरा (रिछा) में सीएचसी रिछा एवं आरबीएसके की टीम के द्वारा राष्ट्रीय ओरल हेल्थ कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।? जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के साथ तंबाकू से होने वाले रोगों के बारे में जागरूक और सचेत करते हुए इसका सेवन न करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीएचसी रिछा के डेंटल सर्जन डॉक्टर अजीत प्रज्ञ, आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर मानसी सिंह एवं विद्यालय के संरक्षक आर के सक्सेना के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डेंटल सर्जन डॉक्टर अजीत? प्रज्ञ ने छात्र-छात्राओं को ओरल हेल्थ के विषय में जानकारी दी, और बच्चों को ब्रश करने के सही तरीके के विषय में भी बताया। तथा डॉक्टर मानसिक सिंह ने तंबाकू से होने वाले विभिन्न बीमारियों के विषय में बताया। इस अवसर पर एक पोस्टर



मेकिंग कंपटीशन का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रा शिफा नाज ने प्रथम, अनुष्का गंगवार ने द्वितीय एवं अजीफा फातिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि छात्रा साइना नूर, साइना गौतमी एवं अशफा खान को सांत्वना पुरस्कार मिला। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को तंबाकू के उपयोग न करने के लिए शपथ भी दिलाई गाई।

विद्यालय के संरक्षक आर के सक्सेना ने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया, कि वह स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं और तंबाकू जैसे व्यसनों से दूर रहे। विद्यालय की ओर से डॉक्टर अजीत प्रज्ञ, डॉक्टर मानसी सिंह एवं निर्मल को स्मृति चिन्ह देकर उनके द्वारा समाज के लिए की जा रही सेवाओं के लिए सम्मानित भी किया गया। विद्यालय के प्रबंधक जितिन सक्सेना ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक आरके सक्सेना और प्रबंधक जितिन सक्सेना के अलावा प्रधानाचार्य बी के कश्यप, उप प्रधानाचार्य मोबिन मलिक, निर्देशक अमित देओल, शिक्षक सौरव गौर, संजय सक्सेना, आशुतोष वर्मा, विपिन सिंह, राजपाल सैनी, रामेंद्र पाठक, लता, रुचि, नेहा, गीता कश्यप, कहकंशा, सिदरा खान, राफिया, शाजिया, अबरे जहां, निशा, राकेश कुमार तथा आरबीएसके टीम की निर्मला, हेल्थ वर्कर गौरव तथा डेंटल हाइजीनिस्ट सुंदरम उपस्थित रहे।

## प्रमुख दरगाहों व मस्जिदों में मुकम्मल कुरान के दिन तय

**बरेली**। रमजान का चाँद नजर आते ही शहर की सभी प्रमुख दरगाहों,खानकाहों व मस्जिदों में रमजान माह में पढ़ी जाने वाली विशेष नमाज नमाज-ए-तरावीह शुरू हो जायेगी। दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी( अहसन मियां ) ने तरावीह की फजीलत बयान करते हुए कहा कि तरावीह की नमाज मर्द व औरत सबके लिए सुन्नते मुअक्कीदा है। इसका छोड़ना जायज नही। ईशा की फर्ज.नमाज पढ़ने के बाद ही तरावीह का वक्त होता है बगैर फर्ज ए ईशा पढ़े तरावीह पढ़ना दुरूस्त नहीं। अगर किसी शख्स की ईशा नमाज छूट गई तो पहले ईशा की फर्ज.नमाज अदा कर तरावीह की नमाज में शामिल हो। दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि तरावीह की नमाज के लिए सभी मस्जिदों में तैयारियां पूरी कर ली गयी है। नमाज़ियों की सहूलियत के हिसाब से अलग-अलग मस्जिदों में मुकम्मल कुरान के दिन तय कर दिए है। कारोबारियों की सहूलियत के लिए दो शिफ्टों में भी तरावीह का इंतजाम किया गया है। मुकम्मल कुरान का सिलसिला 6 वे रमजान से 28 वे रमजान तक चलेगा। शहर में सबसे पहले पुराना शहर बालजती स्कूल के पास छठे रोजे को गुरुड़ वाली मस्जिद में कुरान मुकम्मल होगा। 26 वे रोजे को दरगाह आला हजरत स्थित रजा मस्जिद, दरगाह शाहदाना वली व किला की शाही जामा मस्जिद,जसोली की पीराशाह मस्जिद समेत अधिकांश मस्जिदों में मुकम्मल होगा। आजम नगर की जामुन वाली मस्जिद में दो शिफ्टों में तरावीह की नमाज अदा की जाएगी।

जिला कार्यालय-यू.पी. कोआपरेटिव फेडरेशन लि., जनपद-चित्रकूट

पत्रांक:पी.सी.एफ./जि.का./प्रा.स./ई-टेण्डर/2025-26/584 दिनांक:-25.02.2025

अल्पकालीन ई-टेण्डर-नोटिस

पी.सी.एफ. में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत क्रय किये जाने वाले गेहूं को जिलाधिकारी, महोदय द्वारा अनुमोदित/प्रस्तावित क्रय केन्द्रों पर क्रीत गेंहू के **हैण्डलिंग कार्य हेतु** चित्रकूटधाम, मण्डल बांदा के जनपद चित्रकूट के अनुमोदित क्रय केन्द्रों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र मूल्य धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी https/etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी जिला प्रबन्धक पी.सी.एफ. चित्रकूट के कार्यालय से अथवा दूरभाष नं.-**8765985024** पर की जा सकती है।

**जिला प्रबन्धक**
**पी.सी.एफ., चित्रकूट**

## सीएजी की रिपोर्ट

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की विधानसभा में बहुचर्चित सीएजी की रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गयी है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान जनसभा में कहा था कि दिल्ली की विधानसभा के पहले ही सत्र में सीएजी की रिपोर्ट पेश कर दी जायेगी। इस वायदे को प्रधानमंत्री ने 'मोदी की गारंटी' कहा था। प्रधानमंत्री के वायदे के अनुसार दिल्ली की नयी सरकार ने मंत्रिमंडल की पहली बैठक में सीएजी रिपोर्ट को पेश करने की मंजूरी दे दी थी और अब इसे सदन में पेश कर दिया गया है। रिपोर्ट में केजरीवाल सरकार की शराब नीति से 2000 करोड़ के नुकसान की बात कही गयी है। गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा के चुनाव में शराब घोटाला प्रमुख मुद्दा था और इस मुद्दे पर बीजेपी चुनाव जीतकर आयी है। ऐसे में इस मुद्दे पर बीजेपी निर्णायक अंत तक जाना चाहेगी। दिल्ली केन्द्र शासित प्रदेश है और यहां की सरकार को पूर्ण राज्य की तरह अधिकार प्राप्त नहीं हैं, लेकिन जितने अधिकार हैं वह भी किसी घोटाले या भ्रष्टाचार में शामिल व्यक्ति को सजा दिलाने के लिए पर्याप्त हैं। इसलिए अब दिल्ली की नयी नवेली सरकार को राजनीति करने के बजाय पूरा ध्यान दिल्ली के विकास पर देना चाहिए। सरकार अगर घोटालों की जांच करना चाहती है, उसे उजागर करना चाहती है, दोषियों पर मुकदमा चलाकर सजा दिलाने की मंशा रखती है, तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है लेकिन यह ध्यान रखना चाहिए कि कोई भी काम राजनीतिक बदले की




भावना से नहीं होना चाहिए। वैसे सीएजी की रिपोर्ट को सदन में पेश करना एक संवैधानिक बाध्यता है। यह सिर्फ सरकारी हिसाब-किताब की व्यवस्था है कि सरकार ने खर्च ठीक से किए अथवा आनुपातिक तौर पर गलत किए गये। सरकार के आर्थिक फैसलों और कामकाज में क्या अनियमितताएं हैं, कैग उन पर सवाल उठा सकता है, लेकिन कैग का काम घाटा, नुकसान आदि बताना नहीं है और न ही वह घूस, भ्रष्टाचार आदि का उल्लेख कर करता है। यह अन्य एजेंसियों का काम कि वे वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर कार्रवाई को आगे बढ़ायें। कैग की रिपोर्ट कोई अदालती वारंट भी नहीं है कि पिछली सरकार के मुख्यमंत्री और मंत्रियों को सीएजी की रिपोर्ट के आधार पर जेल में डाला जा सके। यदि ऐसा होता, तो महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, गुजरात सरीखे राज्यों में सीएजी की रिपोर्ट में कई गलतियों का खुलासा किया गया है। सीएजी एक सांविधानिक व्यवस्था है जो सार्वजनिक खर्च की जांच करता है और उस पर अपनी रिपोर्ट देता है। इसी व्यवस्था के तहत कैग ने उन पर भी गड़बड़ियों या ज्यादा, फिजूलखर्ची के सवाल उठाए हैं और शायद यही कारण है कि लंबे समय तक दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार ने कैग की रिपोर्ट सदन में पेश नहीं की। फिलहाल दिल्ली में रेखा गुप्ता के नेतृत्व में बनी बीजेपी की सरकार ने शराब घोटाले से जुड़ी कैग की रिपोर्ट विधानसभा में पेश की है। अभी 13 और रिपोर्ट हैं जिन्हें विधानसभा में पेश किया जाना है। उनमें 6 रिपोर्ट ऐसी बतायी जा रही है कि जो करीब 500 दिनों से धूल फांक रही हैं, क्योंकि उन्हें सदन में पेश ही नहीं किया गया। केजरीवाल और आतिशी सरकार ने यह महत्वपूर्ण संवैधानिक गलती की है। कैग केंद्र सरकार सहित सभी राज्यों के खर्च का ऑडिट करता है। यह संवैधानिक जनादेश है, लेकिन यह सिर्फ हिसाब-किताब की समीक्षा भर है। कैग की रिपोर्ट आती रहती है और उन पर बहुत कम कार्यवाही होती है। उस दौर को याद करें जब यूपीए सरकार के दौरान कैग की रिपोर्ट में सनसनीखेज खुलासे किये गये और कैग की रिपोर्ट में टूजी, सीडब्ल्यूजी, कोयला खदान आवंटन जैसे घोटालों का खुलासा किया गया। इन मामलों में तत्कालीन सुरेश कल्माडी, संचार मंत्री ए. राजा और करुणानिधि की बेटी कनिमोझी जैसे नेताओं की गिरफ्तारी हुई। लेकिन टूजी घोटाले में ज्यादातर नेता बरी हो गये। यह दरअसल हमारी अभियोजन व्यवस्था की कमी भी है। इसलिए यह जरूरी है कि सीएजी की रिपोर्ट में राजनीति करने के बजाय वैधानिक प्रक्रिया से जांच ओर अभियोजन को आगे बढ़ाया जाये। सरकार का काम अभियोजन को आगे बढ़ाना है, सजा देना अदालत का काम है और सबूतों पर काम करती है।

### विचार

अतिथि समाज का एक प्रतिनिधि होता है। अतिथि के रूप में समाज हमसे सेवा मांग रहा है, हमारी यह भावना होनी चाहिए।

–विनोबा भावे.

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना। दूसरे के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।

–ड्रायन एडवर्ड.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

व्रत का महात्म्य वहीं तक कल्याणकारी है जहां तक ध्यान और अध्ययन में वह बाधक न हो।

–मुनि गणेश वर्णी.

पानी और उसका बुलबुला एक ही चीज है। उसी प्रकार जीवात्मा और परमात्मा एक ही चीज है। अंतर सिर्फ यह है कि एक परिमित है, दूसरा अनंत, एक परतंत्र है दूसरा स्वतंत्र।

–गुरुनानक.

# सांस्कृतिक वैभव का प्रतीक बना महाकुंभ



वीना गौतम

> दुनिया भर के लोग भारतीय दर्शन, साहित्य, वेद, योग और आयुर्वेद सीखने यूं भी भारत आते हैं लेकिन भव्य कुंभ ने इसे और आकर्षक बना दिया है। ऐसे आयोजनों से ही किसी संस्कृति का वैचारिक प्रभुत्व स्थापित होता है। महाकुंभ 2025 ने भारत के आध्यात्मिक विचार, जैसे 'वसुधैव कुटुंबकम' (संपूर्ण विश्व एक परिवार है), वैश्विक शांति और संतुलन को बढ़ावा दिया है।

महाशिवरात्रि, 26 फरवरी 2025 को संपन्न हुए बहु-प्रतीक्षित, बहुचर्चित महाकुंभ 2025 में भारत की सांस्कृतिक वैभव और आध्यात्मिक शक्ति का एक नया आयाम देखने को मिला है। अपनी भव्यता और समग्रता में कुंभ अब केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं रहा, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और सभ्यता संबंधी पहचान को वैश्विक मंच पर स्थापित करने का माध्यम बन चुका है। इस बार का महाकुंभ कई मायने में ऐतिहासिक रहा–चाहे वह डिजिटल इनोवेशन हो, अंतरराष्ट्रीय सहभागिता रही हो, या फिर भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का संदेश। इस बार कई देशों के आध्यात्मिक नेता, शोधकर्ता और सांस्कृतिक संगठनों ने भाग लिया। महाकुंभ 2025 में, 73 देशों के श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिनमें नेपाल, अमेरिका, फ्रांस, इजराइल, पाकिस्तान, इंडोनेशिया, मॉरीशस, फिजी, भूटान, चीन, रूस, यूक्रेन, ताइवान, और अन्य शामिल हैं। इस आयोजन में कई वैश्विक विशिष्ट व्यक्तियों ने भी हिस्सा लिया। भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्येल वांगचुक ने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई और प्रार्थना की। नॉर्वे के पूर्व पर्यावरण मंत्री एरिक सोलहाइम ने महाकुंभ में शामिल होकर इसे 'जीवन में एक बार का अनुभव' बताया। इसके अलावा, 1 फरवरी 2025 को 77 देशों के 118 राजनयिकों का एक प्रतिनिधिमंडल भी महाकुंभ में शामिल हुआ, जिसमें मिशन प्रमुख, उनके साथी और अन्य राजनयिक शामिल थे। निःसंदेह महाकुंभ 2025 ने वैश्विक स्तर पर एकता और सांस्कृतिक समन्वय का प्रतीक बनते हुए, विभिन्न देशों और समुदायों के लोगों को एक साथ लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**योग-वेदांत में दुनिया की बढ़ी रूचि**

महाकुंभ 2025 में भारत के योग, वेदांत और सनातन परंपराओं में गहरी वैश्विक रुचि दिखी। पहली बार कुंभ में इस स्तर का डिजिटल और टेक्नोलॉजिकल एंगेजमेंट दिखा। तीर्थयात्रियों को डिजिटल दर्शन, एआई आधारित मार्गदर्शन और ऑनलाइन प्रवचनों ने आयोजन को चुस्त दुरुस्त बनाने के साथ भव्य बना दिया। इस सबके कारण यह एक हाई-टेक धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन बन गया। इस



बार का महाकुंभ कई लोगों की सख्त बयानी और कुछ एक दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के बावजूद आध्यात्मिक पर्यटन की नई लहर बनकर उभरा। कुंभ के दौरान संपन्न होने वाली गंगा आरती और अन्य अनुष्ठानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली, इनमें दुनियाभर से आये श्रद्धालु शामिल हुए। योग, ध्यान और भारतीय संगीत की कार्यशालाओं में अपार भीड़ उमड़ी। कुंभ की पूरी दुनिया की मीडिया ने भव्य और विस्मित कर देने वाले आयोजन के रूप में रिपोर्टिंग की। कुंभ ने भारत के सांस्कृतिक दूतावास की भरपूर भूमिका निभाई।

**महाकुंभ–2025**

**चिरंतन संस्कृति बन उभरी भारतीयता**

महाकुंभ 2025 में सनातन परंपरा को सिर्फ परंपरागत नहीं, बल्कि समकालीन समस्याओं का समाधान देने वाली जीवनशैली के रूप में प्रस्तुत किया गया। भारतीय ग्रंथों पर आधारित मैनेजमेंट, साइकोलॉजी और मेडिकल रिसर्च को भी मंच मिला। जिस वजह से भारत सांस्कृतिक रूप से एक महाशक्ति के रूप में उभरा जो कि केवल पहचान से जुड़ा मामला नहीं है बल्कि इसके वैश्विक प्रभाव कई स्तरों पर पड़ते हैं। यह वैसी सॉफ्ट पावर डिप्लोमेसी है जैसे अमेरिका हॉलीवुड और पॉप कल्चर के माध्यम से अपनी छवि बनाता है, ठीक वैसे ही आज भारत योग, आयुर्वेद, और आध्यात्मिकता से अपनी सॉफ्ट पावर बढ़ा रहा है। इसका महज सांस्कृतिक महत्व ही नहीं है बल्कि योग, ध्यान, आयुर्वेद और भारतीय शिल्प को विश्व स्तर पर आर्थिक पहचान और बाजार भी मिला है, इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को नया बल मिलेगा। साथ ही इससे विश्व स्तर पर भारतीय विचारधारा की स्वीकार्यता बढ़ी है, भारत अब एक ज्ञानपरक राष्ट्र के रूप में तेजी से अपनी पहचान बढ़ा रहा है, जहाँ विज्ञान और अध्यात्म का संतुलन है। अगर भारत इस सांस्कृतिक उभार को सही दिशा देता है–शिक्षा व्यवस्था में भारतीय ज्ञान परंपरा को मजबूत बनाता है, साथ ही सांस्कृतिक ब्रांडिंग को और प्रभावी बनाता है, जिससे डिजिटल माध्यमों को यह अधिकतम सुलभ रहे तो भारत का यह सांस्कृतिक बदलाव स्थायी हो सकता है। सिर्फ स्थायी ही नहीं यह एक बदलाव एक स्थायी सांस्कृतिक पुनर्जागरण का रूप भी ले सकता है।

**सांस्कृतिक महाशक्ति बनना बड़ी बात**

किसी देश के लिए सांस्कृतिक महाशक्ति होना केवल पहचान का प्रश्न नहीं है बल्कि यह एक वैश्विक प्रभाव और रणनीतिक शक्ति का संकेत होता है। क्योंकि सांस्कृतिक सुपर संरचना राजनीतिक और आर्थिक ताकत से अलग एक सॉफ्ट पावर होती है, जो दुनिया को आकर्षित करने, प्रभावित करने और एक गहरी छवि स्थापित करने में मदद करती है। क्योंकि सांस्कृतिक महाशक्ति वही देश होता है, जिसकी कला, साहित्य, परंपराएं, आध्यात्मिकता, संगीत, सिनेमा और खानपान दुनिया में लोकप्रिय हों। उनके प्रति लोगों में सम्मान हो। भारत के लिए यह एक आधिकारिक पहचान बन सकती है, जैसे अमेरिका की हॉलीवुड, जापान का एनीमे, फ्रांस की फैशन इंडस्ट्री या कोरिया का के-पॉप है। कल्चरल सुपर पॉवर होना युद्ध या सैन्य शक्ति से अधिक प्रभावशाली होना होता है। संस्कृति के माध्यम से एक देश दुनिया में बिना बल प्रयोग किए अपनी विचारधारा फैलाता है। भारत पहले से ही योग, आयुर्वेद, कुंभ मेले, भारतीय संगीत, बॉलीवुड फिल्मों और साहित्य के जरिए कई देशों में अपनी सकारात्मक छवि बनाई है। यह अकारण नहीं बल्कि कल्चरल पॉवर की महत्ता ही है कि दुनियाभर में चीन और अमेरिका के बीच अपनी अपनी संस्कृति को फैलाने को लेकर होड़ मची रहती है। चीन अपने इतिहास और कला को प्रचारित कर खुद को इंडस्ट्रियल के साथ साथ कल्चरल सॉफ्ट पावर के रूप में भी स्थापित कर रहा है, जबकि अमेरिका हॉलीवुड और पॉप कल्चर के जरिए विश्वभर में अपने प्रभाव का विस्तार कर रहा है। इस सबके साथ आज की दुनिया में सांस्कृतिक पहचान एक बड़े इकोनॉमिक इंजन के रूप में काम करती है। कुंभ के दौरान देश के ऐतिहासिक स्थलों, सांस्कृतिक कर्मकांडों, योग रिट्रीट्स आदि से अर्थव्यवस्था को बड़ा लाभ हुआ है। दुनिया भर के लोग भारतीय दर्शन, साहित्य, वेद, योग और आयुर्वेद सीखने यूं भी भारत आते हैं लेकिन भव्य कुंभ ने इसे और आकर्षक बना दिया है। ऐसे आयोजनों से ही किसी संस्कृति का वैचारिक प्रभुत्व स्थापित होता है। महाकुंभ 2025 ने भारत के आध्यात्मिक विचार, जैसे 'वसुधैव कुटुंबकम' (संपूर्ण विश्व एक परिवार है), वैश्विक शांति और संतुलन को बढ़ावा दिया है।

**मजबूत हुआ है राष्ट्रवाद**

महाकुंभ 2025 के भव्य आयोजन ने भारतीयों को बहुत गहरे तक वैसे ही आत्मगौरव और आत्मसम्मान से ओतप्रोत किया है जैसे 1983 का क्रिकेट विश्व कप का खिताब जीतकर या कोरोना महामारी के दौरान जब हमने दुनिया को 50 से ज्यादा देशों को मुफ्त में कोरोना वैक्सीन दी थी, तब महसूस हुआ था। दरअसल सांस्कृतिक शक्ति केवल बाहरी प्रभाव ही नहीं डालती, बल्कि आंतरिक एकता और आत्मसम्मान भी बढ़ाती है। जब किसी देश की संस्कृति दुनिया में सम्मान पाती है, तो वहां के नागरिकों को स्वाभाविक रूप से गर्व महसूस होता है। यह राष्ट्रवाद और आत्मनिर्भरता की भावना को भी बढ़ाता है। महाकुंभ 2025 जैसे आयोजन, योग और आयुर्वेद की वैश्विक लोकप्रियता, बॉलीवुड और भारतीय कला का प्रभाव, भारतीय खाने की पूरी दुनिया में बढ़ती पहचान–ये सब ऐसे कारक हैं जो इस ओर इशारा करते हैं कि भारत अपनी सांस्कृतिक ताकत को और मजबूत कर रहा है।

### सोशल मीडिया

महकुंभ संपन्न हुआ.. एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ, प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में पूरे 45 दिनों पूरे 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक पर्व से एक साथ जुड़ी। पीएम मोदी.



महाकुंभ में उत्तर प्रदेश सरकार और केन्द्र के लगभग एक लाख कार्मिकों और अफसरों ने जुड़कर इस पूरी व्यवस्था को सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचाया। सीएम योगी.



बीएसपी ने जब भी कांग्रेस जैसी जातिवादी पार्टियों से गठबंधन कर चुनाव लड़ा, तब हमारा बेस वोट उन्हें ट्रॉस्फर हुआ, लेकिन वे अपना बेस वोट ट्रॉस्फर नहीं करा पायीं। मायावती.



## इन्द्रियों पर विजय

वासना, अत्यधिक लिप्सा और भोग की प्रवृत्ति हमारे व्यक्तित्व और चरित्र का ह्रास करती हैं। जिनके मन पर पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

अंतर्दृष्टि

## चुनावी स्वप्न पत्र का विमोचन

व्यंग्यलोक

दलदल पार्टी आलाकमान ने अपनी पार्टी के लिए चुनावी घोषणा पत्र तैयार किया। आलाकमान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस सजाई और पार्टी के चुनावी स्वप्न पत्र का विमोचन किया। देश के तमाम वोटरों को अपने ढंग के सपने देखने के लिए तैयार किया। आलाकमान ने पार्टी दफ्तर में कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का चुनावी घोषणा पत्र जन-जन तक पहुंचा दो। पार्टी की घोषणा को हर वोटर के सपनों से जोड़ दो। हमें न केवल व्यक्तियों के बल्कि सभी जानवरों के भी वोट चाहिए। फिर आलाकमान ने यह कहानी सुनाई- इंद्रप्रस्थ नगर में एक पार्टी का मुख्यालय हुआ करता था। पार्टी हर बार चुनाव में अपना घोषणा पत्र जारी करती थी। पार्टी हर एक वोटर से लेकर मक्खी-मच्छरों तक को करारे सपने दिखाती थी। उसकी घोषणाओं से ढेर सारे वोट मिला करते थे। पार्टी मुख्यालय के एक पेड़ पर एक बिल्ली बैठी थी। पेड़ पर बैठी बिल्ली गुनगुनी धूप का आनंद ले रही थी। उसी पेड़ के नीचे एक बिल्लोरा कुत्ता बैठा था। वह भी धूप का आनंद ले रहा था। सर्दियों में एक शानदार गुलाबी धूप मिल जाए, इससे बढ़कर और क्या हो सकता है? कुत्ते और बिल्ली अपने-अपने ढंग से सर्दियों का मजा ले रहे थे। तभी कुत्ते ने बिल्ली से पूछा- क्या कर रही हो बहन? बिल्ली ने कहा- कुछ नहीं धूप सेक रही हूं। इस गुनगुनी धूप में मुझे हल्की झपकी आ गई। उसमें मुझे एक सपना आया। सपने में मैंने देखा कि आसमान से चूहे ही चूहे बरस रहे हैं। एक से बढ़कर एक शानदार चूहे! तब कुत्ता हंसने लगा। उसने कहा- हमारे कुत्ता शास्त्र में तो ऐसी बात कहीं लिखी हुई नहीं है। मैं बहुत पढ़ा-लिखा कुत्ता हूं। कुत्तों की दुनिया में मैंने कई चुनाव भी लड़े हैं। ये एकदम झूठ है। चूहों की बरसात की बात किसी भी शास्त्र में नहीं लिखी है। न ही मैंने ऐसी बरसात कभी देखी है, न कभी सुनी। हां! एक बात जरूर सच है। मुझे रोज एक सपना आता है। देखता हूं कि आसमान से हड्डियां ही हड्डियां बरस रही हैं। एकदम मस्त वाली कुरकुरी हड्डियां! बिल्ली ने कहा- हद हो गई सपने की! न किसी किताब में पढ़ा, न कहीं सुना कि आसमान से हड्डियों की बरसात होती है। तुम एकदम झूठे हो। दोनों एक दूसरे को झूठा बता रहे थे। तभी पेड़ की ओट में छिपा दलदल पार्टी का नेता निकला और उसने अपनी पार्टी का घोषणा पत्र उन दोनों के आगे कर दिया। दोनों ने अपने-अपने ढंग के सपने देखे। दोनों को मजा आ गया। फिर इतिहास गवाह है कि पार्टी को हमेशा ही हर प्रकार के लोगों के वोट मिलते ही गए। पार्टी ने सब पर राज किया। सुना तुमने! कहते हुए आलाकमान ने सभी कार्यकताओं को इस चुनावी घोषणा पत्र के प्रचार-प्रसार के लिए कमर कसने के निर्देश दे दिए। कार्यकताओं ने आलाकमान की हां मैं हां हां हां...की भयंकर गर्जना की। पार्टी के द्वारा जारी सपने हर दिशा में तैरने लगे।



राम विलास जॉगिड़

## दुनिया को समृद्ध और खूबसूरत बनाते हैं प्रवासी



सामयिक

अमरीका आर्थिक, प्रौद्योगिकी और सैन्य शक्ति के मामले में आज महाशक्ति है, तो इसके पीछे मुख्य कारण यही है कि यहां दुनिया भर से आकर प्रवासी बसे और उन्होंने अमरीका को ऊंचाइयों पर पहुंचाया। प्रवासी उन लोगों को कहा जाता है, जो अपने मूल देश को छोड़कर कहीं और रहने के लिए चले जाते हैं या दूसरे शब्दों में जाकर विदेश में बस जाते हैं। सुनने में हो सकता है यह सरलीकरण लगे, लेकिन दुनिया इतनी खूबसूरत और इंद्रधनुषी गुलदस्ता न होती, अगर दुनिया में शुरू से ही लोगों में प्रवासन की प्रवृत्ति नहीं होती। अगर मानव इतिहास को हम पढ़ें तो पता चलता है कि आज दुनिया के कोने कोने में बसी इंसानी बस्तियों की शुरूआत अफ्रीका से हुई थी, लेकिन इंसान में कहीं दूसरी जगह जा बसने की प्रवृत्ति ही थी कि अफ्रीका में पैदा हुआ इंसान पूरी दुनिया में फैल गया। 20वीं सदी में जिस भूमंडलीकरण को इंसानी मेलमिलाप का सबसे बड़ा जरिया माना गया, उस भूमंडलीकरण के बीज हमेशा से इंसान की प्रवासन प्रवृत्ति में मौजूद रहे हैं।

हां, एक जमाने में जहां प्रवासन बहुत धीमी रफ्तार से होता था, वहीं मौजूदा दौर में यह न केवल बहुत तेज रफ्तार से हो रहा है बल्कि अब तो ये स्थितियां भी हैं कि अगर प्रवासन न हो तो मौजूदा दुनिया जहां की तहां ठहरकर रह जाये। उदाहरण के लिए अगर हर साल भारत और दुनिया के दूसरे देशों से कई लाख आईटी इंजीनियर अमेरिका न जाएं और बड़े पैमाने पर वहां न बस जाएं तो जिस आईटी इंडस्ट्री की बदौलत आज अमेरिका दुनिया की सुपर पावर बना हुआ है, वह आईटी इंडस्ट्री ठप्प हो जाए। यही हाल ब्रिटेन की स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था का भी हो। ब्रिटेन की समूची स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था प्रवासियों पर टिकी है। मध्य पूर्व में सारा कंस्ट्रक्शन का काम और कच्चे तेल का शोधन संभव ही न हो अगर दुनिया के अलग अलग कोनों से रिफाइनरी इंजीनियर मध्य पूर्व न जाएं। सच बात तो ये है कि आज की दुनिया पूरी तरह से स्वस्थ और तेज रफ्तार प्रवासन से ही फल फूल रही है। इसलिए प्रवासन को महज एक वैश्विक जनसांख्यिकीय घटना नहीं मानना चाहिए। यह लोगों के जीवन में गुणवत्ता लाती है। सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विस्तार लाती है। विदेशों की छोड़िये अगर सभी देशों में आंतरिक प्रवासन भी रूक जाए तो देशों का विकास रूक सकता है। क्या दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बंग्लुरु जैसे महानगरों का विकास और उनकी आधुनिक पहचान बिना प्रवासन के संभव है? अगर बिहार और उत्तर प्रदेश से मजदूर हिंदुस्तान के कोने कोने न जाते होते तो देश में शहरीकरण इतना तीव्र न होता, जितना तीव्र पिछले तीन दशकों में खासकर पिछली सदी के 90 के दशक के बाद हुआ है।

प्रवासन किस तरह इंसान के स्वभाव, उसकी जींस में मौजूद है, इसका अंदाजा उसकी घुमक्कड़ी प्रवृत्ति से लगाया जा सकता है। अगर इंसान स्थायी रूप से कहीं दूसरी जगह बसने के लिए नहीं भी जाता तो भी इंसान को अपने जैसे दूसरे लोग, उनका समाज, उनके जीवन जीने के तौर तरीके, उनकी उपलब्धियां, उनकी खूबियां और उनकी खामियां जानने, समझने और देखने का इतना शौक होता है कि हर साल जो अरबों लोग एक देश से दूसरे देश को पर्यटन के लिए जाते हैं, वह दरअसल एक तरह की प्रवासन प्रवृत्ति का ही नतीजा है। साल 2019 में डेढ़ अरब लोग अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन का हिस्सा बने थे। ये डेढ़ अरब लोग अपना देश छोड़कर दूसरे देश को देखने, किसी मूलभूत मानवीय जिज्ञासा को संतुष्ट करने के लिए ही गये थे। ये वास्तव में प्रवासन की तह में ही है। आज दुनिया का जितना विकास हुआ है, जीवन जीने में जो गुणवत्ता मौजूद है, वह कभी न होती अगर इंसान में प्रवासन का स्वभाव न होता। प्रवासन दरअसल विविध संस्कृतियों के बीच मेलजोल की संभावना पैदा करता है और फिर यह मेलजोल दो संस्कृतियों को मिलकर आगे बढ़ने या उनके विकास में अहम भूमिका निभाती है।

प्रवासन के चलते ही नई नई प्रौद्योगिकियां, नया नया ज्ञान, जीवन जीने के नये तौर तरीके मिलते हैं। लड़कियों की शिक्षा कभी भी वैश्विक संस्कृति का हिस्सा नहीं बनती, अगर पश्चिमी देशों में लोगों की इतनी आवाजाही न होती। परिवार नियोजन कभी भी दुनिया के कई देशों का मूलभूत लक्ष्य न होता अगर इन देशों के लोग विदेशों में जाकर कम आबादी के फायदे न देखे होते। संस्कृतियों का समग्र विकास प्रवासन के तहत ही होता है और हां, अर्थव्यवस्था में प्रवासियों की जो भूमिका है, वो भी कोई थोड़ी बहुत नहीं है।

**अपराजिता.**

## आपकी बात

### रोजगार का जरिया बनते मेले

प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। पिछले साल एलटी ग्रेड शिक्षकों की भर्ती में पेपर आउट कराने के मामले में परीक्षा नियंत्रक और पेपर छापने वाले प्रकाशक गिरफ्तारी हुई है। इसी तरह लोवर सबार्डिनेट की 700 पदों की भर्तियां भी पेपर लीक होने के कारण निरस्त कर दी गयीं। सपा सरकार की भर्तियों में तमाम आरोप लगे। यह चिंताजनक है। नयी सरकार को भर्तियों को और साफ-सुथरा बनाना चाहिए।

**मनीष कुमार सिंह, लखनऊ.**

### ग्रीन एनर्जी का बढ़ता महत्व

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। शहरों में डीजल एवं पेट्रोल के वाहनों पर नियंत्रण के लिए तमाम पाबंदियां लगायी जा रही हैं। सीएनजी से चलने वाले वाहनों को बढ़ावा देने के लिए ही दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने पर काम चल रहा है।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

प्रतापगढ़। सांगीपुर क्षेत्र के पूरे नेवल राजमतीपुर गांव में बने नर्वदेश्वर महादेव मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। वहां मौजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भजन संकीर्तन में भोलेनाथ की भक्ति में रमे दिखे। वहीं श्रद्धालुओं ने भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य आयोजक उमाशंकर मिश्र ने सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर डॉ. राजेन्द्र मिश्र, बबन पाण्डेय, नन्हें पाण्डेय, श्रीकृष्ण तिवारी, महेन्द्र पाण्डेय, अनिल मिश्र, प्रदीप सिंह, पीडी पाण्डेय आदि ने भोलेनाथ का प्रसाद ग्रहण किया।

## पूजा गौतम कोटेदार निर्वाचित

प्रतापगढ़। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अन्तर्गत पतुलकी गांव में गुरूवार को गहमागहमी के बीच गांव के कोटे का चयन हुआ। कोटे को लेकर गांव की पूजा गौतम, राजू सिंह व मिथुन समेत तीन लोगों ने उम्मीदवारी की। जिसमें पूजा गौतम ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राजू सिंह को एक सौ पांच मतों से पराजित कर कोटेदार चयनित हुई। कोटे के चयन को लेकर हुई बैठक में नोडल अधिकारी एडीओ कापरेटिव रोहित वर्मा, नायब तहसीलदार चंदन लाल, सूर्यप्रकाश पाण्डेय की मौजूदगी रही। इधर पूजा गौतम की कोटेदार बनने पर समर्थकों ने फूल माला पहनाकर खुशी जतायी।

## रंजिश में महिला को मिली धमकी, दी तहरीर

प्रतापगढ़। परिवार के कुछ लोगों द्वारा मिली धमकी के आरोप को लेकर महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के रामपुर भासो गांव की सुशीला पत्नी स्व. शिवमूर्ति वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि छब्बीस फरवरी की रात करीब आठ बजे वह गांव में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रही थी। आरोप है कि इसी बीच परिवार के कुछ लोगों ने उसे घर से बाहर जाने से जबरन रोकने लगे। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए जानलेवा धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने गुमशुदा को किया बरामद

बांसी सिद्धार्थनगर, कोतवाल बांसी संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में उप निरीक्षक जियाउल्लाह सिद्दीकी मैं टीम ने गुमशुदा गुमशुदा की तलाश करने में सफलता हासिल कर गुमशुदा दिव्यांशु पांडेय की बरामदगी कर सकुशल घर के परिजनों को सुपुर्द किया है गुमशुदा दिव्यांशु को पाक कर घर के परिजनों के खुशी का ठिकाना न रहा, ऐसे में घर के परिजनों ने पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा किया गया, वहीं अल्प समया अवधि में पुलिस द्वारा दिव्यांशु की तलाश / बरामदगी की इस सफलता पर गणमान्य नागरिकों ने भी बांसी कोतवाली पुलिस के उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा की जा रही है, पुलिस के अनुसार थाना कोतवाली बांसी पुलिस गुमशुदा हुए व्यक्ति को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपूर्द किया गया। गुमशुदा दिव्यांशु को प्राप्त कर परिजनों द्वारा बांसी पुलिस की भूर भूर प्रशंसा की गई वहीं आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया, विदित हो डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली बांसी के नेतृत्व में उप निरीक्षक जियाउल्लाह सिद्दीकी मय टीम द्वारा गुमशुदा दिव्यांशु पाण्डेय को तलाश/बरामद कर परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया। 20 फरवरी को आवेदक देवेश पाण्डेय पुत्र स्व0 कृपाशंकर पाण्डेय ग्राम महुलानी थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा थाना स्थानीय पर उपस्थित आकर अपने भाई दिव्यांशु कुमार पाण्डेय के गुम होने के संबंध में लिखित तहरीर दिये। तहरीर के आधार पर दिनांक 20.02.2025 को थाना बांसी पर गुमशुदगी अंकित कर जांच हेतु उप निरीक्षक जियाउल्लाह सिद्दीकी को दिया गया। उप निरीक्षक जियाउल्लाह सिद्दीकी मय टीम द्वारा 26 फरवरी को गुमशुदा दिव्यांशु पाण्डेय को तलाश/बरामद कर परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा थाना बांसी पुलिस की भूरी भूरी प्रशंसा किया गया।

# भाजपा सरकार किसानों की हितैषी

● विधायक पं राम फेरन पाण्डेय ने स्कार्ट ट्रैक्टर एजेंसी का किया शुभारम्भ



**श्रावस्ती।** हमारी सरकार किसानों के हित के लिए पूर्ण मनोयोग से समर्पित है। भारत कृषि प्रधान देश है किसान खुशहाल होगा तो देश तरक्की करेगा। समय बहुत तेजी से बदल रहा है किसान को कम लागत में अधिक उपज के लिए नई नई तकनीक के कृषि यंत्रो को उपयोग करना होगा। हमारी सरकार किसानों के खुशहाली के लिए नए नए आधुनिक कृषि यंत्र सरकारी अनुदान पर मुहैया करा रही है। उर्वरक और कीट नाशक तथा फसलो के उर्वरा शक्ति इजाफा के लिए पोषक तत्वों को प्रचुर मात्रा में मुहैया करा रही है। हमारी भाजपा सरकार किसानों की असली हितैषी है। किसानों के उपज का निःशुल्क बीमा कराती है।

उपज का ऊंचे दरो पर क्रय भी करती है। पूरे विश्व में हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी ही एक ऐसे इकलौते है जो पूरे देश के किसानों को किसान सम्मान निधि का पैसा उनके बैंक खातों में भेजने का पक्की व्यवस्था करते है। यह बात श्रावस्ती विधानसभा छेत्र के जन जन के हर दिल अजीज विधायक पंडित राम फेरन पाण्डेय नें एक स्कार्ट ट्रेक्टर एजेंसी के शुभारम्भ करते हुए कहा। एकत्र भारी जन समूह के बीच विधायक नें इकौना में स्कॉर्ट ट्रैक्टर एजेंसी का भव्य उद्घाटन किया। भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक राम फेरन पांडेय ने ट्रेक्टर भी चलाया। विधायक मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किया।

समाजसेवा और ग्रामीण विकास के लिए समर्पित विधायक ने अपने प्रेरणादायक संबोधन से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। विधायक राम फेरन पांडेय ने विधिवत रूप से फीता काटकर एजेंसी का उद्घाटन किया और स्वयं ट्रैक्टर चलाकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह एजेंसी क्षेत्र के किसानों और व्यवसायियों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है, जिससे उन्हें उन्नत कृषि यंत्र और ट्रैक्टर उपलब्ध होंगे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेती-किसानी हमारी रीढ़ की हड्डी है। सरकार किसानों की मदद के लिए निरंतर प्रयासरत है, और यह ट्रैक्टर एजेंसी इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इससे स्थानीय किसानों को खेती में आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और वे अपने उत्पादन को और अधिक बढ़ा सकेंगे। व्यवसायिक सफलता के दिए महत्वपूर्ण गुर एजेंसी मालिक पुतनलाल यादव को विधायक ने अपने अनुभव साझा करते हुए व्यवसायिक सफलता के महत्वपूर्ण सूत्र भी बताए। उन्होंने कहा कि मेहनत, ईमानदारी और सही रणनीति से कोई भी व्यवसाय सफल हो सकता है। उन्होंने स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार अपनाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने बढ़ाया समारोह का गौरव बढ़ाया। इस कार्यक्रम में विधायक के सुपुत्र आशुतोष पांडेय, इकौना थाना अध्यक्ष, छेत्र के गणमान्य नागरिक, विधायक प्रति निधि विन्नु भैया क्षेत्रीय समाजसेवी और स्थानीय किसान उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया बीएसए कार्यालय का औचक निरीक्षण



● उपस्थिति पंजिका का किया अवलोकन कार्यालय में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था का दिया निर्देश

● डीएम ने अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन रोके जाने का दिया निर्देश

बलरामपुर। सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों कर्मचारियों की समय से उपस्थिति एवं बेहतर कार्यप्रणाली सुनिश्चित किए जाने को डीएम पवन अग्रवाल द्वारा बीएसए कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों के कार्यों का जायजा लिया एवं उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया, इस दौरान 15 से अधिक अनुपस्थित कर्मचारियों का 01 दिन का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यालय में समुचित साफ सफाई की व्यवस्था, खराब पड़े वाटर कूलर को सही कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से शिक्षकों के अवकाश एवं सीसीएल स्वीकृत किए जाने का विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की एवं निर्धारित समयावधि के भीतर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि अधिकारी / कर्मचारी समय से दफ्तर पहुंचे एवं कार्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए जनमानस की शिकायतों / समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें।

## डीएम व एसपी व प्रमोद तथा मोना ने गंगा सागर में किया परम्परागत दीपदान



प्रतापगढ़। तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव में बुधवार की शाम बाबा धाम पहुंचे डीएम शिवसहाय अवस्थी तथा एसपी डॉ. अनिल कुमार ने गंगा सागर में राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना की उपस्थिति में परम्परागत दीपदान किया। वहीं डीएम व एसपी ने जिले के सुमंगल की कामना को लेकर बाबा घुइसरनाथ जी का विधिविधान से पूजन अर्चन किया।

## गबन करने वाला कोटेदार गिरफ्तार



**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा वांछित वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी नगर श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी अवधेश राज थाना कोतवाली उतरौला के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली उतरौला पर पंजी0 मुकदमा से सम्बंधित उचित दर विक्रेता अनूप चन्द्र द्वारा माह अप्रैल 2024, मई 2024 एवं जून 2024 का कुल अवशेष गेहूँ 36.22 कुन्तल, चावल 54.96 कुन्तल व चानी 0.18 कुन्तल सरकारी खाद्यान का गमन किया गया है, जो कि खाद्यान्न का उठान एवं आमजन को वितरण भी शासन द्वारा निःशुल्क निर्धारित किया गया था। उचित दर विक्रेता द्वारा बचे हुए सरकारी खाद्यान्न को अपने निजी लाभ लेने के लिए गमन कर लेने के संबन्ध में अन्तर्गत धारा 409 भा0द0वि0 के अपराध की श्रेणी में आता है। अतः मुकदमा उपरोक्त में धारा 409 भा0द0वि0 की बढोत्तरी की गयी है विवेचना के क्रम में अभियुक्त अनूप चन्द्र पुत्र रामअचल निवासी ग्राम फत्तेपुर थाना को0 उतरौला को जेल गया।

# डीएम ने जनता दर्शन में आये दिव्यांग की समस्या किया तत्काल दूर

● 2 घंटे के भीतर उपलब्ध कराई ट्राईसाईकिल, खुशी से खिल उठा दिव्यांग का चेहरा

बलरामपुर। जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु डीएम पवन अग्रवाल द्वारा कलेक्ट्रेट में प्रतिदिन प्रातः 10 से 12 बजे किए जाने वाले जनता दर्शन में दिव्यांग शकील पुत्र अयूब निवासी तहसील बलरामपुर मोहल्ला बलुआ द्वारा ट्राईसाईकिल प्रदान किए जाने की प्रार्थना पत्र दिया गया। दिव्यांग द्वारा ट्राइसाइकिल के मांग के प्रार्थना पत्र पर डीएम द्वारा तत्काल त्वरित कार्यवाही करते हुए दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को पात्रता की जांच करते हुए ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया। डीएम के निर्देश पर दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी द्वारा फरियादी की पात्रता की जांच की गई एवं पात्र पाए जाने पर फरियादी को 02 घंटे के भीतर ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराई गई, जिसे डीएम द्वारा स्वयं फरियादी को प्रदान किया गया। डीएम से ट्राईसाईकिल पाकर दिव्यांग फरियादी का चेहरा खुशी से खिल उठा।



# बैठक में पत्रकार हितों पर हुई चर्चा

● गैर जिम्मेदारी निभाने वाले साथियों की वजह से लंबे समय तक विमुख होना पड़ा प्रेस क्लब से : गौरव चौधरी

● पत्रकारों के हित की लड़ाई लड़ने वाले पत्रकार साथियों को ही सौपी जाए प्रेस क्लब की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां: मुकेश कुमार गुप्ता



मेरठ। गुरुवार को मंगल पांडे नगर स्थित प्रेस क्लब भवन के सभागार में उपजा तथा अन्य संगठनों से जुड़े पत्रकारों ने एक बैठक का आयोजन कर प्रेस क्लब के गठन पर अपने-अपने विचार रखें, बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रेस क्लब की पुनः स्थापना को लेकर मंथन हुआ। बैठक में उपस्थित सभी पत्रकारों ने अपने-अपने विचार रखें, सभी ने इस बात पर जोर दिया की जो व्यक्ति पत्रकार हितों तथा पत्रकारों की लड़ाई को लड़ने में अहम भूमिका निभा सकता है उसे ही प्रेस क्लब के संविधान समिति का सदस्य नामित किया जाए। पत्रकारों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि जनपद मेरठ में ही एक बड़ी संख्या में पत्रकार अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह कर रहे हैं तब ऐसे पत्रकारों को ही संविधान समिति से जोड़ा जाए जो किसी भी विवाद से दूर हो तथा पत्रकारों के हितों की लड़ाई लड़ने में सक्षम हो इसके लिए चाहे वरिष्ठ पत्रकार हो या युवा साथी, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है लेकिन प्रेस क्लब की जिम्मेदारियों का बखूबी दायित्व निभाने वाले को ही नामित किया जाना बहुत जरूरी है उपजा के जिलाध्यक्ष गौरव चौधरी ने कहा कि लंबे समय से बंद चल रहे प्रेस क्लब को जिम्मेदार पत्रकारों के हाथों में देना बहुत जरूरी बन गया है क्योंकि पहले भी कुछ गैर जिम्मेदाराना निभाने वाले साथियों की वजह से मेरठ के पत्रकारों को प्रेस क्लब से लंबे समय तक विमुख होना पड़ा है। वहीं वरिष्ठ पत्रकार मुकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि उन्हें किसी के नाम से कोई आपत्ति नहीं है किसी ऐसे व्यक्ति को प्रेस क्लब की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां से जोड़ा जाए जो पत्रकार हित की बात करता रहा हो, किसी ऐसे व्यक्ति को प्रेस क्लब के महत्वपूर्ण पद पर रखा जाना उचित नहीं होगा बैठक में संजीव शर्मा, सुरेश चंद शर्मा, शाह फिरोज, विशाल कुमार, रिदा खान, संजय तिवारी, नवनीत कुमार, नवीन मिश्रा, कमल प्रजापति, नौशाद सैफी, पंकज गुप्ता, समीर चौधरी, उमेश भारद्वाज, प्रकाश चंद, सुशील रस्तोगी, राजीव कौशिक, नरेंद्र कुमार शर्मा, आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। और सभी साथियों ने अपने-अपने अनुभव को पत्रकारों के बीच साझा किया।

## चंद्रशेखर आजाद के प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण




बांसी सिद्धार्थनगर। बांसी कस्बा के आजाद चौक पर नपा0 अध्यक्ष प्रत्याशी प्रतिनिधि विष्णु जयसवाल के नेतृत्व चन्द्रशेखर आजाद के प्रतिमा मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। गत बृहस्पतिवार विष्णु जायसवाल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी प्रतिनिधि के नेतृत्व में आजाद चौक पर महान क्रांतिकारी नर केसरी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया जैसा कि हम लोग जानते हैं की स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारी दल का नेतृत्व करने वाले चंद्रशेखर आजाद का संकल्प था की दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे आजाद ही रहे हैं आजाद ही रहेंगे इस भावना से वह आजादी की लड़ाई में कूदे थे और आजादी के लड़ाई में क्रांति दल के नेता के रूप में कई वारदात सबसे आगे रहकर क्रांतिकारियों की सुरक्षा करते थे और आवश्यकता पड़ने पर मोर्चा भी लेते थे कहा भी गया है कि जो प्राण निछावर करते हैं इस मातृभूमि की वेदी पर इतिहास उन्हीं का बनता है कागज की विमल सफेदी पर तो आज स्वतंत्रता सलाम के इतिहास में चंद्रशेखर आजाद की वीरता समय की छाती पर वह शिलालेख है जो आने वाली पीढ़ियों को देश पर सब कुछ न्योछावर करने की प्रेरणा सदा देता रहेगा इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर मंडल अध्यक्ष कुबेर बारी प्रो. के पी त्रिपाठी अनुपमा सिंह महिला मोर्चा जिलामहामंत्री शनि जायसवाल शैलेंद्र त्रिपाठी राकेश मिश्रा मनोज यादव रमाकांत बजरंगी वर्मा योगेश द्विवेदी हरकेश सिंह आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे और देश के प्रति सदैव जागरूक रहकर देश सेवा में सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा लेते हुए कार्यक्रम की समाप्ति घोषणा की गई।

# संस्कृति मानवता के कल्याण के साथ विकास को देती है शक्ति

● राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं क्षेत्रीय विधायक मोना ने देश की एकता के लिए महोत्सव को बताया प्रेरणा की मंजिल



**प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम मे तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव में बुधवार को यादगार सांस्कृतिक संध्या की भव्य शुरूआत हुई। जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी तथा एसपी डॉ. अनिल कुमार ने राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के साथ वैदिक मंत्रोचारण के मध्य दीप प्रज्ज्वलन कर इसका शुभारंभ किया। वहीं डीएम व एसपी ने बाबा को मत्था टेकते हुए पवित्र गंगासागर में परम्परागत दीपदान भी किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए डीएम शिवसहाय अवस्थी ने कहा कि आस्था व संस्कृति की मजबूती में हमारी राष्ट्रीय भावना को शक्ति प्रदान हुआ करती है। उन्होनें भगवान शिव की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि एकता महोत्सव मानवता के कल्याण के लिए समर्पित होने का पवित्र संकल्प सफल बना रहा है। उन्होनें लोगों से कहा कि विकास के साथ राष्ट्रीय परिवेश को सुदृढ़ बनाने के लिए संकल्प को मजबूत बनायें। विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि समाज को सभ्य बनाए रखने के लिए अपराध को जड़ से मिटाना होगा। उन्होनें कहा कि आपसी भाईचारे की ताकत से देश व समाज को शांतिपूर्ण विकास का मार्ग प्रशस्त किया जा सकेगा। अति विशिष्ट अतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि धर्म और भाषा तथा जाति व सम्प्रदाय के नाम पर देश टूटने न पाये यही इस महोत्सव का पवित्र उद्देश्य है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महोत्सव की संयोजिका एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने बाबा की नगरी को विकास की संकल्पनाओं की ऊर्जा व प्रेरणा कहा। विशिष्ट अतिथि प्रो0 डॉ0 विजयश्री सोना व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय, सीएमओ डॉ. एएन प्रसाद, उप जिलाधिकारी नैंनसी सिंह, सीओ रामसूरत सोनकर व पार्श्वगायक रवि त्रिपाठी ने भी सामूहिक एकता का बखान किया। वरिष्ठ साहित्यकार विशालमूर्ति मिश्र एवं पं. विनय शुक्ल के संयोजन मे श्रीकान्त वर्मा ने सुमधुर आवाज मे स्वागत गान की मनमोहक प्रस्तुति दी। उदघाटन समारोह मे आयोजन समिति की ओर से विधायक आराधना मिश्रा ने जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी, एसपी डॉ. अनिल कुमार, एएसपी संजय राय, एसडीएम नैंनसी सिंह, सीओ रामसूरत सोनकर को बाबा घुइसरनाथ धाम का मोमेण्टो व शॉल प्रदान कर सम्मानित किया। संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। स्वागत भाषण प्रमुख अशोक सिंह बबलू व आभार प्रदर्शन प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने किया। संयोजन समिति के लालगंज प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज तथा चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, हगपाल यादव, रामकृपाल पासी एवं डॉ. अमिताभ शुक्ल ने समारोह का सफल संयोजन किया।

## इटवा में सिंथेटिक मिलावटी दूध के सामानों की बिक्री जोरों पर

इंटवा सिद्धार्थ नगर। जिले के इटवा तहसील कस्बे में सिंथेटिक एवं मिलावटी दूध के सामानों की बिक्री जोरों पर है, जोक आम जनमानस के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, बताया जाता है कि नकली खोया के प्रयोग से मिष्ठान बनाकर बिक्री किया जा रहा है वही सिंथेटिक दूध का प्रयोग कर चाय इत्यादि बनाकर ग्राहकों को भरोसा जा रहा है शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देश के बावजूद इस तरह का गोरख धंधा करने वाले दुकानदारों पर कोई असर नहीं है, सिंथेटिक दूध एवं नकली खोए के प्रयोग से मिठाइयां एवं चाय इत्यादि बनाकर बेचने वाले दुकानदार दिन दूना रात चौगुना माल माल हो रहे हैं, बताया जाता है कि विभागीय कृपा व सेटिंग के चलते मिष्ठान चाय विक्रेताओं का यह गोरख धंधा जोरों पर इस लिए चल रहा है विभाग के एक अधिकारी को मासिक नजराना मिलता रहता है।

## चोरी के एक नफर अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



सिद्धार्थनगर। जिले के भवानीगंज थाने की पुलिस ने चोरी के 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण, बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागजं के निर्देशन एवं अमित कुमार थानाध्यक्ष भवानीगंज के नेतृत्व में भवानीगंज थाने की पुलिस ने ग्राम गरदहिया स्कूल में हुई चोरी के संबन्ध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 08/2025 धारा 303(2) से संबन्धित एक नफर अभियुक्त साधू यादव पुत्र राजकिशोर निवासी देईपार थाना भवानीगंज 27.02.2025 को ग्राम देईपार से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर संबन्धित मुकदमें में धारा 317(2) बी0एन0एस0 की बढ़ोत्तरी कर विधिक कार्यवाही पूर्ण की।

# भोजपुरी स्टार अलका पहाड़िया के ठुमके पर झूमा महोत्सव

● भजन व लोकगीतों की बंधी समां

● सामूहिक लोकनृत्य व भावनृत्य तथा लाफ्टर शो पर दर्शकों में दिखा भारी जोश

जिला संवाददाता (vol)









**प्रतापगढ़।** भोजपुरी की स्टार अलका पहाड़िया ने तीसवें एकता महोत्सव में बुधवार की देर शाम भगवान के भजन से श्रोताओं को भक्ति संगीत का रसपान कराया। वहीं अलका के फिल्मी तरानों और भोजपुरी के मीठे बोल के साथ लटके झटके देख महोत्सव झूम उठा। अलका ने शुरूआत राम आयेंगे तो अंगना सजाऊंगी के सुमधुर भजन से की। वहीं भोजपुरी के बोल का मिठास भरा गीत कुंहके कोयलिया भवानी बोले भहिले भिनसार हो पर भी दर्शक आनंदित दिखे। वहीं अलका ने श्रृंगारदानी छोटी हाय दइया दइया.. कई कोस चमके सोना के सिनूरवा जैसे भोजपुरी की प्रस्तुतियों को देख सुन महोत्सव इतरा उठा। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग से प्रस्तुतियों को लेकर आये एसपी सिंह चौहान का गीत भी लोगों को खूब भाया। गिरजा नगरिया बाबा काट दिया क्लेश, वहीं अबकी शिवरात्रि मनभावन बन जाई सब काम व हर हर बम हर हर बम जो बोलेगा, सा रा रा होली खेल रहे भोला अवध में को सुनकर दर्शकों की तालियां गूंज उठी। विपिन तिवारी का गीत सदा होली खेल रहे भोलानाथ भी लोगों को पसंद आया। प्रस्तुतियों के बीच महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संयोजन कर रहे पार्श्वगायक रवि त्रिपाठी के गीतों पर भी श्रोता वाह वाह करते दिखे। लाफ्टर के मशहूर कलाकार राजेन्द्र विश्वकर्मा ने भी महोत्सव में लोगों को जमकर हंसाया और गुदगुदाया। इण्डियन परफार्मिंग आर्टस के कलाकारों ने भी एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां देकर महोत्सव को चार चांद लगा दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन लाफ्टर राजेन्द्र विश्वकर्मा हरिहर ने किया। ग्रुप के शील द्विवेदी तथा संजय सिंह के शिव ताण्डव मंचन से भी महोत्सव स्थली हर हर महादेव के शंखनाद में गूंज उठी। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा प्रो. डॉ. विजयश्री सोना ने प्रस्तुतियां देने वाले कलाकारों के अलका पहाड़िया, एसपी चौहान को प्रशस्ति पत्र तथा शॉल व महोत्सव का मोमेण्टो भेंट किया। सांसद प्रमोद तिवारी व एमएलए मोना के साथ कलाकारों को सम्मान के साथ हौसला आफजाई में एएसपी पश्चिमी संजय राय, एसडीएम नैंनसी सिंह, सीओ रामसूरत सोनकर की भी मौजूदगी दिखी।

# बिजली निजीकरण के विरोध में कचेहरी पर प्रदर्शन



इटावा। बिजली के निजीकरण, स्मार्ट और प्रीपेड मीटर लगाने का विरोध, घरेलू उपभोक्ताओ को 300 यूनिट तथा किसानो को सिंचाई के लिये बिजली मुफ्त देने का वादा पूरा करने तथा दिनरात के अलग-अलग बिजली बिल बनाने के आदेश के विरोध में आज मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कचहरी पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र दिया। प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए जिलामंत्री नाथूराम यादव ने कहा कि राज्य सरकार पूर्वांचल और दक्षिणांचल विधुत वितरण निगमो का निजीकरण कर जनता के आगे गहरे संकट खडे कर रही है। स्मार्ट और प्रीपेड मीटर लगाकर जनता की लूट के दरवाजे खोल रही है, भाजपा ने प्रदेश के चुनाव के समय 300 यूनिट घरेलू और किसानो को सिंचाई के लिये बिजली मुफ्त देने का वादा किया था लेकिन अपने वादे से पूरी तरह मुकर गयी है, बिजली विभाग में भ्रष्टाचार का बोलबाला है, हर तरफ से गरीब उपभोक्ताओ को लूटा जा रहा है। उन्होने केन्द्रीय बिजली बिल 2022 को वापस लेने की मांग की। बिजली विभाग में रिक्त पदों को भरने, कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या सुनिश्चित करने, कर्मचारियों की स्थायी नियुक्ति करने तथा संविदा कर्मियों को नियमित करने की मांग की। सचिव मंडल सदस्य कामरेड संतोष शाक्य ने गरीब उपभोक्ताओ के कनेक्शन काटने, बिजली बिलों में हेराफेरी करने का मुददा उठाते हुए कहा कि बिजली विभाग बडे बकायेदारो से डरता है, उनके कनेक्शन भी नही काटता है और न कोई कार्यवाही करता है। उन्होने खडकौली में चकरोड, लिंक रोड और नाली पर से कब्जा हटवाये जाने की मांग की। उक्त प्रदर्शन में सभा की अध्यक्षता डा. शौकीन सिंह और संचालन का. अनिल दीक्षित ने किया। मुख्य रूप से प्रेमशंकर यादव, किसान सभा जिलाध्यक्ष रामबृजेश, संतोष राजपूत, आपेन्द्र यादव एवं नौजवान सभा के मोनू यादव, संतोष कुमार, उपस्थित रहे।

संक्षेप

## तमंचा कारतूस सहित 3 अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना मक्खनपुर पुलिस ने अवैध असलाह रखने वाले 3 अभियुक्तों को दो देशी तमंचा मय पांच जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया। गुरुवार को थाना मक्खपुर पुलिस टीम द्वारा अवैध असलाह रखने वाले तीन अभियुक्त संगम पुत्र कोमल सिंह निवासी नारायण नगर सैलई थाना रामगढ़ फिरोजाबाद, अल्पेश पुत्र बौबी परवेज निवासी चिस्ती नगर थाना रामगढ फिरोजाबाद, समीर पुत्र बबलू निवासी मोहम्मदी मस्जिद बरकादी स्कूल के सामने मोहल्ला चिस्ती नगर थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बरामदगी एवं गिरप्तारी के आधार पर अन्य विधिक कार्यवाही की है।

## तमंचा सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को एक नाजायज तमंचा मय 1 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त हिमांशू ठाकुर पुत्र स्व0 गिरीश चन्द निवासी गली नं. 8 मथुरा नगर थाना उत्तर जनपद फिरोजावाद को गेल गैस प्लांट से 100 मीटर पहले राजा का ताल की ओर से एक तमंचा व 1 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बरामदगी गिरफ्तारी के आधार पर थाना हाजा पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की है।

## जिलाधिकारी ने जिला सैनिक बंधु की बैठक

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक हुई संपन्न। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित सभी वरिष्ठ अधिकारियों, सैनिक बन्धु के सदस्यों, पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को धन्यवाद देते हुए बैठक का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी द्वारा पूर्व माह में हुयी बैठक में पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में वार्ता की गयी एवं अनिस्तारित प्रकरणों को सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए गए। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा मीटिंग में उपस्थित सभी वरिष्ठ अधिकारियों, सैनिक बन्धु के सदस्य, पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रितों को धन्यवाद देते हुए बैठक का समापन किया गया।

## ट्रक ने वृद्ध को रौंदा, मौत

**मथुरा।** थाना महावन क्षेत्र अंतर्गत आज तड़के एक व्यक्ति को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई। मिली जानकारी के अनुसार महावन थाना क्षेत्र अन्तर्गत गोकुल के टीलापाड़ा बस स्टैंड निवासी मोती लाल पुत्र कंहैया लाल आज सुबह साढ़े सात बजे सड़क पार कर रहे थे। तभी सादाबाद की ओर से आते ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि घटना स्थल पर सड़क घुमावदार पर यहां से तेज गति में वाहनों के गुजरने से आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं।

## श्रद्धालुओं की मैक्स हादसे की हुई शिकार एक मृत, आठ घायल

**मथुरा।** थाना नौहझील क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन 70 पर चालक को नींद की झपकी आने से मैक्स पिकअप वाहन से टकरा गयी जिससे गाड़ी में सवार एक श्रद्धालु की मौके पर ही मौत हो गयी और आठ घायल हो गये जिनकी हालत गंभीर बतायी जा रही है। मैक्स पिकअप संख्या आरजे 19 जीजे 6859 में सवार होकर जैसलमेर के मतोड़ा गांव निासी आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालु भक्त धार्मिक यात्रा पर निकले थे। यमुना एक्सप्रेस-वे पर नोएडा से आगरा की ओर नौहझील थाना क्षेत्र में आज तड़के माइल स्टोन 70 पर मैक्स गाड़ी के चालक मांगीलाल को नींद की झपकी आ गई जिससे गाड़ी आगे चल रहे वाहन से टकरा गई। दुर्घटना में भोमाराम (56) पुत्र पल्ली निवासी गांव मतौड़ा जैसलमेर राजस्थान की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गाड़ी में सवार अन्य आठ श्रद्धालु घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद दुर्घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भिजवाया जहां पांच लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी और देदाराम, छोगाराम व पुनाराम की हालत गंभीर होने के चलते मथुरा जिला अस्पताल रेफर किया है।

# खेलोगे, कूदोगे तो बनोगे लाजवाब: बबिता फोगाट

## संस्कृति स्पोर्ट्र्स फिएस्टा 2025 का शुभारंभ



**मथुरा।** संस्कृति विवि में भव्य समारोह के दौरान स्पोर्ट्र्स फिएस्टा 2025 का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि देश की अतंर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त महिला पहलवान बबिता फोगाट ने मशाल जलाकर और ट्राफियों के अनावरण के साथ खेलों की शुरूआत की। उन्होंने संस्कृति विवि के खिलाड़ियों को कहा कि हमने कड़ी मेहनत कर कहावतों को बदला है अब सब कहने लगे हैं, खेलोगे, कूदोगे तो बनोगे लाजवाब, पढ़ोगे, लिखोगे तो बनोगे नवाब।

दंगल गर्ल के नाम से मशहूर बबिता फोगाट खिलोड़ियों के बीच पाकर उत्साहित होकर बोलीं, मैं चाहती हूँ बच्चे आगे बढें, उन्होंने कहा कि मैं जब विवि के चांसलर डा.सचिन गुप्ता से मिली और बात की तो लगा कि उनके विचार मेरे पिता के विचारों से मेल खाते हैं। सिर्फ पढ़ाई पर ही नही विश्वविद्यालय में खेलों में बच्चों को आगे बढ़ाने के सभी उपाय किये जा रहे हैं। डा. सचिन गुप्ता खेलों के लिए भी विद्यार्थियों को मोटीवेट कर रहे हैं।

समारोह के दौरान विवि के कुलाधिपति डा.सचिन गुप्ता ने कहा कि आज जब विश्वविख्यात महिला पहलवान बबिताजी को युवतियां देखती हैं तो उन जैसा नाम कमाने के बारे में सोचती हैं। आप देशभर की युवतियों के लिए एक जीवंत प्रेरणा हैं।

विवि के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. रजनीश त्यागी ने कहा कि देश की बच्चियों की रोल मॉडल हैं बबिता फोगाट। उन्होंने कहा कि खेलों का महत्व शरीर के लिए ही नहीं है, मन के लिए भी है। खेलने से मन और शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। कुलपति प्रो० एमबी चेट्टी ने स्वागत भाषण में खेलों को खेल की भावना से ही खेलना चाहिए। लक्ष्य पाने के लिए हमें निरन्तर मेहनत करते रहना चाहिए। समारोह के प्रारंभ में विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता, सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने मुख्य अतिथि बबिता फोगाट का शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न देकर भावभीना स्वागत और सम्मान किया। अंत में स्टूडेंट वेलफेयर विभाग के डीन डॉ. डीएस तोमर ने मुख्य अतिथि बबिता फोगाट और आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह का संचालन संस्कृति प्लेसमेंट सेल की ज्योति यादव ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में संस्कृति विवि के खेल अधिकारी मो.फहीम और डा. दुर्गेश वाधवा का विशेष योगदान रहा।

# प्रदेश की जानमानी महिला उद्यमी के साथ धोखाधड़ी

- पिता की फर्जी वसीयत तैयार कर बेच डाली करोड़ों की जमीन

**आगरा।** फर्जी बैनामे और वसीयत का एक और मामला सामने आया है। इस बार अशोक ऑटो सेल्स की चेयरपर्सन डॉ. रंजना बंसल के दिवंगत पिता की फर्जी वसीयत तैयार करके करोड़ों की जमीन बेची गई है। कोर्ट के आदेश पर थाना एत्माद्दौला में 7 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इसमें धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने सहित अन्य धारा लगाई गई हैं।

करियप्पा रोड, बालूगंज निवासी डॉ. रंजना बंसल के प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश ने कोर्ट में प्रार्थनापत्र दिया था। इस पर बुधवार को थाना एत्माद्दौला में केस दर्ज किया गया। इसमें लुहार गली, रावतपाड़ा निवासी संतोष कुमार जैन, उनके पुत्र राजीव जैन, नितुल जैन, शकुंतला नगर (गढ़ी भदौरिया) निवासी डोरीलाल, नोएडा निवासी रबदीप सिंह, विमल अपार्टमेंट निवासी विवेक कुमार जैन व अवनीश कुमार जैन आरोपी हैं। डॉ. रंजना बंसल के पिता रामकिशोर बंसल की एत्मादपुर तहसील के मौजा नरायच में भूमि है। रंजना बंसल के हक में उनके पिता ने 2 जून 2016 को तहसील सदर में रजिस्टर्ड वसीयत की थी। रामकिशोर की मृत्यु 25 अगस्त 2016 को हो गई। इस पर जमीन डा. रंजना बंसल के नाम हो गई। आरोपियों ने एक फर्जी वसीयत तैयार की। इसमें उप निबंधक कार्यालय में 12 जून 2001 को पंजीकृत होना दशार्या, जो कि वास्तव में नहीं है। वसीयत के आधार पर संतोष जैन, राजीव जैन और नितुल जैन ने गाटों का नामांतरण अपने पक्ष में 21 सितंबर 2013 को एक पक्षीय रूप से करा लिया। इसके लिए फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र तहसील एत्मादपुर में तहसीलदार के न्यायालय में प्रस्तुत किया। इसमें रामकिशोर बंसल की मृत्यु 24 जुलाई 2007 को होना दशार्या।

नगर निगम से जारी फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र लगाया, जबकि मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने का अधिकारी छावनी परिषद के पास है। आरोपियों ने फर्जी वसीयत व मृत्यु प्रमाणपत्र से तहसील एत्मादपुर में अपना नामांतरण करा लिया। जमीन को फर्जी तरीके से 5 मार्च 2012 को डोरीलाल के नाम विक्रय कर लाभ प्राप्त किया। उसने यह जमीन नोएडा के रबदीप सिंह को बेच दी। डॉ. रंजना बंसल ने नामांतरण कराने के लिए 26 नवंबर 2022 को खसरे की नकल तहसील कार्यालय से निकलवाई तब आरोपियों के नाम अंकित होने का पता चला। वर्ष 2024 में भी डॉ. रंजना ने फर्जी वसीयत पर जमीन बेचने का एक केस लिखाया था। इसमें 4 आरोपी पूर्व के केसमें भी नामजद थे।

# क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का शहीद दिवस मनाया मनाया



**टूंडला।** नगर में देश की आजादी के महान स्वतंत्रता सैनानी चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस सामाजिक संगठन आप और हम राष्ट्रीय भ्रष्टाचार अपराध मुक्ति संगठन के बैनर तले संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी एस बेदी के नेतृत्व में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया। जिसमें नगर के सम्मानित समाजसेवी वीर सुरेंद्रपाल सिंह यादव डॉ अनिल वार्ष्णेय अतिथि रहे सबसे पहले अतिथिगण और बी एस बेदी व आए समस्त समाजसेवियों ने शहीद के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया, उसके बाद सौ गरीब छात्रों को कॉपी पेंसिल वितरण किए गए। संस्था अध्यक्ष बी एस बेदी ने आजाद जी के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला और कहा कि देश का दुर्भाग्य रहा कि जिन वीरों ने देश के लिए अपनी जान की बजी लगा दी आजाद भारत की सरकारों ने आज तक इनको भारत रत्न और शहीद का दर्जा नहीं दिया, हमारा संगठन 2015 से इस मांग को निरंतर उठा रहा है। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष बी एस बेदी, समाजसेवी वीर सुरेंद्रपाल सिंह यादव, समाजसेवी डॉ अनिल वार्ष्णेय समाजसेवी डॉ कमल यादव समाजसेवी सरदार मनमिंदर सिंह सरदार प्रतिपाल सिंह प्रदेश सचिव वीरेंद्र कुमार जिला संरक्षक फैजी उदयवीर सिंह पवन कक्कड़ प्रदेश संगठन मंत्री उदयवीर सिंह पौनिया अरुण रावत, दीपक सलूजा पश्चिमी प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र कुमार जिला संरक्षक, संजय निषाद अमीन अहमद प्रदेश अध्यक्ष अल्प संख्यक मोर्चा समाजसेविक आरती कुमार विपिन एस के खान जितेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## ट्रांसफार्मर से कॉपर तार चोरी करने वाले 3 शातिर चोर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित ट्रांसफॉर्मर व विधुत तार चोरी करने वाले 3अभियुक्तगणों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया, जिनसे अवैध असलहा कारतूस व चोरी का सामान बरामद किया गया।अवर अभियन्ता की तहरीर के आधार पर विद्युत ट्रांसफार्मर से कॉपर व तार चोरी करने के मामले में अज्ञात चोरो के विरूद्ध थाना शिकोहाबाद पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त मामले में थाना प्रभारी शिकोहाबाद को मुखबिर से सूचना मिली कि मदनपुर-सिरसागंज की ओर से एक मैक्स पिकअप में ट्रांसफॉर्मर व विधुत तार चोरी करने वाला गिरोह असुआ जंगल की ओर सक्रिय है और उनके पास अवैध हथियार भी हैं। इस सूचना पर थाना प्रभारी शिकोहाबाद ने तत्काल चौकी प्रभारी खेडा को बुलाकर पुलिस टीम के साथ ग्राम असुआ के नगला बिलोटिया मार्ग पर चेकिंग शुरू की कुछ देर बाद एक संदिग्ध मैक्स पिकअप आती हुई दिखाई दी जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। पुलिस टीम को देखकर पिकअप सबार संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा वाहन मोड़कर भागने का प्रयास किया गया।पिकअप मोडते समय हड़बडाहट में पिकअप गाड़ी मोड़ पर फँस गयी।पुलिस टीम को अपनी तरफ आता देख पिकअप सवार संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा भागने का प्रयास किया गया, पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों को चारो तरफ से घेर लिया गया तब खुद को घिरता हुआ देख संदिग्ध व्यक्तियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया, आत्मरक्षार्थ थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में 03 संदिग्ध व्यक्तियों के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गये, घायल व्यक्तियों की पहचान ट्रांसफॉर्मर व विधुत तार चोरी की घटना में संलिप्त अभियुक्तगण ओमवीर, सत्तार व वसीम के रूप में हुई, पुलिस ने अभियुक्तगणों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उपचार हेतु जिला अस्पताल भेज अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

## ताज में शिव की पूजा, सुरक्षा कवच तोड़ा, जूड़े में बांधकर ले गयी शिवलिंग, गंगाजल चढ़ाया

**आगया।** महाशिवरात्रि पर ताजमहल के मजबूत सुरक्षा कवच को अखिल भारतीय हिंदू महासभा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ने तोड़ दिया। वे जूड़ा बनाकर इसके अंदर शिवलिंग रखकर ताजमहल के अंदर ले गईं। महाशिवरात्रि पर ताजमहल की सुरक्षा में फिर से सेंध लगा दी गई। अखिल भारतीय हिंदू महासभा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मीरा राठौर बालों में जूड़ा बनाकर इसके अंदर शिवलिंग रखकर ताजमहल के अंदर ले गईं। उन्होंने दावा किया कि बुधवार सुबह 10 बजे प्रवेश करने के बाद मेहमानखाने की ओर शिवलिंग रखकर महाकुंभ से लाए गंगाजल से अभिषेक और पूजा की। अन्य पदाधिकारियों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला। मीरा राठौर ने जलाभिषेक के बाद कहा कि ताजमहल को गंगाजल से शुद्ध करने के लिए आई हूं। जूड़े मे बांधकर शिवलिंग और पूजा का सामान लाई थी। ताजमहल के वरिष्ठ संरक्षण सहायक प्रिंस वाजपेयी का कहना है कि जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया वीडियो पुराना लग रहा है। सीसीटीवी रिकॉर्डिंग में वीडियो बुधवार का नहीं मिला है। मीरा राठौर के फोन की जांच से खुलासा हो सकता है। वहीं, मीरा राठौर ने कहा कि एएसआई और सीआईएसएफ झूठ बोल रहे हैं। हर बार वह हमारे पूजा करने पर पल्ला झाड़ लेते हैं। यह बुधवार का ही वीडियो है। शिवरात्रि पर ही उन्होंने पूजा की है। किसी अन्य दिन पूजा का कोई औचित्य नहीं था। पूरे दिन पुलिस या किसी सुरक्षा एजेंसी ने उनसे कोई संपर्क नहीं किया। ताजमहल में शिवलिंग, प्रतिमा या अन्य कोई धार्मिक प्रतीक चिह्न ले जाने पर रोक है। ताज के अंदर धूपबत्ती, अगरबत्ती, माचिस, शिवलिंग आदि ले जाने से सीआईएसएफ की सुरक्षा पर सवाल खड़े हुए हैं। ताजमहल के दोनों गेट पूर्वी और पश्चिमी पर फिलहाल डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर से जांच होती है। महिलाओं के बैग के लिए स्कैनर लगे हैं, लेकिन जूड़े में बांधकर शिवलिंग ले जाने के बाद बॉडी स्कैनर की जरूरत बताई जा रही है। ताज में जो सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, वह फेस रिकग्निशन सिस्टम से लैस हैं। मीरा राठौर बार बार ताज में सावन व शिवरात्रि पर पूजा करने पहुंच रही हैं, लेकिन सीसीटीवी में उनकी पहचान नहीं हो पाई। ताज के बाहर यलो जोन में भी सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, पुलिस मीरा राठौर के ताज पर पहुंचने की जांच भी नहीं कर पायी।

# अभिनेत्री हेमा मालिनी व रमेश सिप्पी ने लिया कलाकारों का ऑडिशन



**मथुरा।** हिन्दी फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री, सांसद हेमा मालिनी और फिल्म निमार्ता रमेश सिप्पी ने गुरुवार को गीता शोध संस्थान वृंदावन में अपनी अगली फिल्म के लिए कलाकार चयन हेतु आडीशन लिया।

ऑडिशन देने वालों में मथुरा, वृंदावन के अलावा आगरा, अलीगढ आदि स्थानों से युवक-युवती आदि कलाकार पहुंचे थे। ये आडिशन देर सायं तक चला। शुरू में लगभग दो दर्जन कलाकारों का श्री सिप्पी और हेमा मालिनी ने आडिशन लिया जबकि बाद में फिल्म निर्देशक उत्कर्ष जाधव, लेखक अभिषेक कुमार ने कलाकारों से संवाद बुलवाए। आडिशन में फिल्म के लाइन प्रोड्यूसर चंचल चैहान, गोलू यादव, विनोद ने सहयोग किया।

अभिनेत्री हेमा मालिनी ने कहा कि अगली फिल्म में ब्रज से कम सेकम 30 कलाकार लिए जाने हैं। ब्रज में अनेक ऐसे स्थल हैं, जहां फिल्म के दृश्य सूट किये जाने हैं। रमेश सिप्पी ने हेमा मालिनी से फिल्म निर्माण में सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने बताया हेमा मालिनी के अनुरोध पर अपनी अगली फिल्म में ब्रज के ज्यादा से ज्यादा कलाकारों को मौका देंगे। अगली फिल्म के ज्यादातर दृश्य ब्रज के रमणीक व दर्शनीय स्थल होंगे। इन स्थलों पर निकट भविष्य में फिल्मांकन होगा। श्री सिप्पी सांसद हेमा मालिनी के आग्रह पर अपनी टीम के साथ वृंदावन प्रवास पर हैं, जहां उनकी टीम ने मथुरा, वृंदावन व अन्य स्थलों को देखा। फिल्म के लिए दो सटे मकान देखे। एक क्रिकेट फील्ड की जरूरत है। यमुना का किनारा भी चाहिए। सांसद के सांस्कृतिक प्रतिनिधि डा अनूप शर्मा और गीता शोध संस्थान के समन्वयक (शोध, जनसंपर्क व प्रकाशन) चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने ऑडिशन के संबंध में बताया कि अभिनय के लिए लगभग तीस कलाकारों की सूची बनेगी। कलाकारों ने अभिनय की झलक दिखायी। कुछ ने अपने स्वर से गायन किया। गीता शोध संस्थान वृंदावन पधारने पर निदेशक प्रो दिनेश खन्ना और ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डा उमेश चंद्र शर्मा ने हेमा मालिनी और रमेश सिप्पी ने बुके देकर व शाल उढ़ाकर स्वागत किया।

# रंगोत्सव को लेकर ब्रज तीर्थ विकास परिषद उपाध्यक्ष ने की बैठक



फोटो नं. 04 कैप्शनः ब्रज तीर्थ विकास परिषद उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र और मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह बैठक के दौरान विचार विर्मश

**मथुरा।** उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सभागार में उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र, मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार ने रंगोत्सव 2025 की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की।

बैठक में डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक/ एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय, सीईओ उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद श्याम बहादुर सिंह, नगर आयुक्त नगर निगम मथुरा वृंदावन शंशाक चौधरी, एडीएम वित्त व राजस्व योगानंद पांडेय, लोनिवि के अधिशासी अभियंता अजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लड्डू व लट्ठमार होली के आयोजन के संबंध में चर्चा हुई। उपाध्यक्षजी ने निर्देश दिए कि पुलिस प्रशासन श्रद्धालुओं से विन्रम, सरल एवं मृदुल व्यवहार रखे। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु मथुरा की अच्छी छवि लेकर जाए। श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। किसी भी श्रद्धालु को असुविधा का सामना न करना पड़े। मंडलायुक्त ने निर्देशित किया कि बरसाना की सभी पार्किंगों की मैपिंग व नंबरिंग करते हुए उनका अधिकाधिक प्रचार प्रसार करे। बरसाना को जोड़ने वाले सभी मार्गों पर बड़े-बड़े दिशा सूचना चिन्ह लगाए जाए। पार्किंगों पर क्यू.आर. कोड स्थापित करे, जिससे कि श्रद्धालुओं को अपनी पार्किंग खोजने/ढूंढने में कोई असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि व्यवस्थित पार्किंग एवं सुगम यातायात व्यवस्था भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि बरसाना की लड्डू व लट्ठमार होली को भव्य व आकर्षण बनाना हमारी जिम्मेदारी है, जिसके लिए हम सभी को टीम भावन के साथ कार्य करते हुए इसे ऐतिहासिक बनाना है। पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पार्किंगों की ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था तैयार की जाए। पार्किंगों के स्थानों का सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा समाचार पत्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए। उन्होंने कहा कि रोप-वे वाले मार्ग पर अधिक पुलिस बल तैनात किया जाए, जिससे भीड़ नियंत्रण हो सके। उन्होंने एसपी ट्रैफिक को निर्देश दिए कि बरसाना को जाने वाले सभी मार्गों पर क्रेन की सुविधा होनी चाहिए। बैठक में मंडलायुक्त ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि बरसाना को जोड़ने वाले समस्त मार्गों को गड्ढा मुक्त करते हुए आस पास झाड़ियों की कटाई सुनिश्चित करे। उन्होंने बरसाना की सभी पार्किंगों, वॉच टॉवर, बैरियर, बैरीकेडिंग आदि कार्यों को गुणवत्ता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। श्री राधा रानी जी मंदिर के मार्गों पर डबल बैरीकेडिंग करने के निर्देश दिए। कुंडो पर मजबूत बैरीकेडिंग सुनिश्चित करे। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने बैठक में अवगत कराया नगर पंचायत द्वारा साफ सफाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है। नगर पंचायत एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा सर्वे किया गया जिसमें रंगीली गली तथा आस पास के क्षेत्र में 32 जर्जर भवनों को चिन्हित किया गया है तथा सभी को नोटिस जारी कर दिया गया है।

## सुरीर और रिफाइनरी क्षेत्र की घटनाओं की आईजी ने ली जानकारी

**मथुरा।** जनपद के दोनों गांवों में जातीय विवाद और दलित नेताओं के लगातार यहां आगमन को लेकर पुलिस और प्रशासन चैकन्ना है। कल भीम आर्मी के संस्थापक सांसद चंद्र शेखर के आगमन से पूर्व आगरा जोन के महानिरीक्षक दीपक कुमार ने पुलिस अधिकारियों के साथ बातचीत की और इन दोनों घटनाओं में पुलिस द्वारा अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली। सुरीर और रिफाइनरी क्षेत्र के इन दोनों गांवों में सतर्कता और बढ़ा दी गई है। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। हालांकि आईजी के आगमन को पुलिस इन घटनाओं से अलग बता रही है। अधिकारियों का कहना है कि आईजी ने एसएसपी कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया है और पुलिस लाइन में अधीनस्थों की बैठक कर कार्यप्रणाली की समक्षी की गई है।

## डीएम ने ईवीएम वीवीपैट का निरीक्षण किया



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया, निरीक्षण में उनके साथ अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा भी उपस्थित रहें, इस दौरान जिलाधिकारी ने वहां लगे हुए सीसीटीवी कैमरों इत्यादि को भी देखा साथ ही उन्होने यह निर्देशित किया कि यहां की व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखा जाए, साथ ही यहां साफ-सफाई इत्यादि भी समुचित तरीके से रहें, उन्होने कहा कि यहां की सुरक्षा मजबूत करें यह नियमित निरीक्षण चुनाव की पारदर्शिता और ईवीएम व वीवीपेट की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु किया जाता है।

## सीकरी चार हिस्सा में स्कूली बच्चों के साथ बच्चे बन गये इटली के पर्यटक

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी के स्मारकों का भ्रमण करने के गुरुवार को पहुंचा विदेशी पर्यटकों का एक दल गांव सीकरी चार हिस्सा के एक स्कूल को देखने पहुंच गया। अवध बिहारी लाल शिक्षा निकेतन में 15 सदस्यीय इस विदेशी पर्यटक दल के सदस्य स्कूल के बच्चों के साथ बच्चे बन गए इन्हें बच्चों की हर गतिविधि में हिस्सा लेकर खूब एंज ?य किया। इटली के इन विदेशी पर्यटकों का विद्यालय प्रबंधक महावीर सिंह वर्मा ने स्वागत किया। विदेशी मेहमान लेक व्यू होटल फतेहपुर सीकरी के संचालक प्रशांत चौधरी और टूरिस्ट गाइड महावीर सिंह के के साथ ग्रामीण अंचल के इस स्कूल में शैक्षिक गतिविधि को देखने पहुंचे थे। विदेशी पर्यटकों का नेतृत्व इटली की सारा और लूकस कर रहे थे। विदेशी मेहमानों के दल ने प्राइमरी के बच्चों के साथ वॉलीबॉल, फेस पेंटिंग, पेंटिंग, और अन्य खेल गतिविधियों में सहभागिता की। दल की महिलाओं और पुरुषों ने बच्चों के साथ स्टेप बाय स्टेप खेलों का आनंद उठाया। इसके बाद सभी प्रतियोगी बच्चों को पुरस्कार भी भेंट किए। कार्यक्रम के दौरान गांव सीकरी चार हिस्सा पहुंचने पर इटली के विदेशी मेहमानों का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया गया। विद्यालय के शिक्षक प्रीति बघेल राम प्रकाश, पीर मोहम्मद, मोनू शर्मा, अविनाश वर्मा, मुस्कान, अंशिका, पंकज राजपूत, अनीश, ममता राजपूत और कशिश गर्ग ने ने विदेशी मेहमानों का अभिवादन किया।

## नौ वर्षीय बालक का अपहरण कर किया गया कत्ल, दोषी को आजीवन कारावास

**आगरा।** फिरौती में 10 लाख रुपये लेने के लिए आरोपियों ने नौ वर्षीय बालक को अगवा किया। उसके शोर मचाने पर हत्या कर दी। अदालत ने हत्या और साक्ष्य नष्ट करने के आरोप में एत्मादपुर थाना क्षेत्र के गांव धौर्रा निवासी वाहिद को दोषी पाया। विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावी क्षेत्र दिनेश तिवारी ने उसे आजीवन कारावास और 21 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। थाना एत्मादपुर में गांव धौर्रा निवासी रघुनाथ सिंह ने तहरीर दी थी। आरोप लगाया था कि 8 सितंबर 2020 को उनका नौ वर्षीय पुत्र उपदेश उर्फ भुल्ला घर के बाहर खेल रहा था। खेलते-खेलते उसे किसी ने अगवा कर लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर बालक की तलाश की। दो दिन बाद घर के पास ही भूसे की कोठरी में बालक का शव मिला। पुलिस ने 12 सितंबर 2020 को आरोपी वाहिद को हिरासत में लिया। उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किए। तब पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 10 लाख रुपये की फिरौती लेने के लिए भुल्ला को अगवा किया था। मगर वह शोर मचाने लगा। इस पर जूते के फीते से हाथ-पैर बांधकर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने 11 अक्तूबर को अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया।

# डीएम ने उद्यमियों की समस्याओं को दूर करने का दिया आश्वासन



**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया गया, जिसमें बिन्दुबार समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष उद्योगपतियों ने उठाया और डीएम ने इन समस्याओं को दूर करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया सबसे पहले यूपीसीडा से संबंधित समस्याओं पर विचार किया गया, उद्योगपतियों ने डीएम के समक्ष यह समस्या उठाई थी, औद्योगिक क्षेत्र जलेसर रोड फिरोजाबाद में पेयजल की कोई व्यवस्था नही है इसके लिए दो टयूववैल स्वीकृत करने की कृपा करें, इस पर एक्सईन यूपीसीडा ने बताया कि यहां पर मृदा परीक्षण के बाद कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है और शीघ्र ही यहां पर पेयजल की व्यवस्था करा दी जाएगी। इसी प्रकार उपायुक्त उद्योग द्वारा समिति को अवगत कराया गया है कि यूपीसीडा द्वारा बेल्ट व पार्कों हेतु आरक्षित भूमि पर बारवेड वायर फैन्सिंग स्थापित करने के सम्बन्ध में है, इस पर यूपीसीडा के एक्सईएन ने बताया कि एक सप्ताह में कार्य प्रारम्भ हो जाएगा और तीन माह में इसे पूरा कर लिया जाएगा। इसी तरह इस बैठक मे टीटीजेड क्षेत्र में रामगढ़ तथा दबरई के मध्य नवीन औद्योगिक क्षेत्र व औद्योगिक आस्थान स्थापित कराये जाने के सम्बन्ध में मुददा उठा डीएम ने कहा कि अब इन मुददों से आगे बढकर प्लेज औद्योगिक पार्क इत्यादि स्थापित करने के बारें में सोचा जाये, जिससे सूबे के आर्थिक विकास एवं रोजगार सृजन मे सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की भूमिका को बढाया जा सके।

इसी तरह से औद्योगिक क्षेत्र जलेसर रोड फिरोजाबाद में मुख्य नाले की सफाई एवं जल निकासी के बारें में चर्चा की गयी, डीएम ने उद्यमियो को अवगत कराया कि इस पर कार्य चल रहा है, जिससे जल निकासी व नाले की सफाई शीघ्र करा ली जाएगी, इसी तरह लोनिवि से संबंधित सड़क चौड़ीकरण एवं सडक के बीच आये बिजली के पोल हटवाने व जल निकासी हेतु सड़क के किनारे नाला बनवाने व सन्दर्भित रोड के चौड़ीकरण के संबंध में भी उद्यमियों ने इस बैठक में मुददा उठाया, जिस पर उद्यमियों को आश्वस्त किया गया कि इनकी समस्या पर शीघ्र विचार कर इसके निवाणार्थ कार्य किया जाएगा।

इस बैठक में नगर निगम से संबंधित समस्याओं को भी उद्योगपतियों ने रखा, जिसमें खासकर फारूकी ग्लास इण्डस्ट्रीज ढोलपुरा आगरा रोड फिरोजाबाद के पीछे वाली गली 300 से 400 मी. तक की क्षतिग्रस्त रोड को सही कराने के संबंध में चर्चा की गयी, डीएम ने सम्बन्धित को निर्देशित किया कि इस समस्या का निवारण शीघ्र होना चाहिए जिससे उद्योगपतियों को कोई समस्या न हो, बैठक में विद्युत से संबंधित समस्याओं को उद्यमियों द्वारा प्रमुखता से उठाया गया, जिसमें कहा गया कि टीटीजेड क्षेत्र में विद्युत ट्रीपिंग की समस्या प्रमुखता से उभर कर सामने आ रही है, जिससे निर्बाध विद्युत आपूर्ति नही हो पा रही है और कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है, अधिशासी अभियंता विद्युत ने अवगत कराया कि इस सम्बन्ध में कार्य चल रहा है और यह प्रयास किया जा रहा है कि ट्रीपिंग की समस्या नही आने दी जाएगी, इस बैठक में एआरटीओ कार्यालय से सम्बन्धित एक मुददा यह भी उठा कि एआरटीओ कार्यालय में बिना लाइसेंस के हजारों की संख्या में ई रिक्शा एवं जुगाड रेहडी का संचालन हो रहा है, जिस पर डीएम ने कहा इस समस्या से शीघ्र ही आपको निजात दिलाई जाएगी साथ ही नगर निगम के माध्यम से रजिस्ट्रेशन किए हुए ई रिक्शा को ही रोड पर चलाने की अनुमति प्राप्त होगी, साथ ही डीएम ने उद्यमियों को यह भी आश्वासन दिया कि अप्रैल एवं मई में जो शीशे के ग्लास व चूडियां बनाने में कार्यरत श्रमिक हड़ताल पर चले जाते है, जिससे आपके उत्पादन में बाधा पहुंचती है।

